

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण


नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 328 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 15 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## सनातन के अपमान के लिए बना है I.N.D.I.A गठबंधन: जगदगुरु रामभद्राचार्य

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. सनातन विवाद जगदगुरु रामभद्राचार्य ने कहा है कि I.N.D.I.A गठबंधन का गठन सनातन का अपमान करने के लिए हुआ है. न्यूज18 इंडिया के मैनेजिंग एडिटर अमीश देवगन को इंटरव्यू देते हुए जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि सनातन के विरोधी कुछ भी बोल रहे हैं और कैसे भी बयान दे रहे हैं. लेकिन सनातन को कोई नष्ट नहीं कर सकता. उदयनिधि स्टालिन के सनातन पर आपत्तिजनक बयान पर रामभद्राचार्य ने कहा कि सनातन धर्म कोई बीमारी नहीं है. जगदगुरु ने आगे कहा कि सनातन के अपमान के पीछे साजिश है. इंडिया गठबंधन का गठन ही सनातन के अपमान के लिए किया गया है.




उन्होंने कहा कि हिंदुत्व बुलंदियों पर जा रहा है. सनातन की चारों ओर विजय हो रही है. इसे बीमारी कहना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बंटवारे की बात रामभद्राचार्य ने कहा कि काम तो इन्हीं ने और इनके पूवर्ज ने किया है. जिसकी वजह से पाकिस्तान जैसे देश का निर्माण हुआ है, जबकि सनातन देश का बंटवारा नहीं चाहता. वहीं, इंडियो को भारत कहे जाने के विवाद उन्होंने कहा कि इंडिया कहना से दासता झलक है. ये गुलामी का प्रतीक है. इसलिए देश को भारत कहकर ही बुलाया जाना चाहिए.

### क्या कहा था उदयनिधि स्टालिन ने सनातन पर?

चेन्नई में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए तमिलनाडु सरकार में खेल और युवा मामलों के मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म की आलोचना की थी और इसकी तुलना ह्रडेंगू, मलेरिया, बुखार और कोरोनाह्व से की थी. इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा था कि सनातन धर्म का केवल विरोध नहीं बल्कि उसे खत्म करना चाहिए. इसके बाद से इस मामले को लेकर विवाद और गहराता जा रहा है.

## मुख्यमंत्री ने एन0एस0जी0 तथा उ0प्र0 पुलिस के संयुक्त अभ्यास 'गाण्डीव-ट' का अवलोकन किया

**समाज जागरण**

लखनऊः 14 सितम्बर, 2023 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन0एस0जी0) तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आतंकी घटनाओं से सफलतापूर्वक निपटने हेतु किए गए संयुक्त अभ्यास 'गाण्डीव-ट' का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने एन0एस0जी0 की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। एन0एस0जी0 कमाण्डो द्वारा आतंकवादी घटना से निपटने के लिए की जाने वाली कार्यवाही का प्रस्तुतीकरण भी किया गया जिसका



मुख्यमंत्री जी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, पूर्व मंत्री डॉ0 महेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक श्री विजय कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, स्पेशल डी0जी0 कानून व्यवस्था श्री प्रशान्त कुमार सहित पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अयोध्या कैंट स्टेशन को भव्य बनाने की तैयारी, 600 करोड़ रुपए से पूरी तरह नई बनेगी इमारत

**समाज जागरण**


अयोध्या। अयोध्या स्टेशन के विकास के बाद अब अयोध्या कैंट स्टेशन (फैजाबाद) को 600 करोड़ रुपए से संवारा जाएगा। एक साल पहले इसके विकास के गए डीपीआर को रेल मंत्रालय से बहुत जल्द मंजूरी मिलने जा रही है। इसके बाद इसे पूरी तरह से भव्य बनाया जाएगा और इसे राम मंदिर के मॉडल के तर्ज पर डेवलप किया जाएगा। यह पहले की अपेक्षा करीब दो गुना बड़ा होगा। जल्द ही डीआरएम लखनऊ और मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक आदि की टीम आने वाली है।

सांसद लल्लू सिंह ने बताया, अयोध्या कैंट के विकास प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की बात कभी भी सामने आ सकती



है। इसकी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के आसपास रेल विभाग की बहुत जमीन है। नए विकास के लिए रेलवे को जमीन खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस रेलवे स्टेशन को बेहद भव्य और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बड़ा बनाया जाना है।

सांसद ने बताया, स्टेशन के मुख्य भवन की जगह बदलेगी और उसे ऐसी जगह बनाया जाएगा जहां मुख्य भवन के आसपास बड़ी जगह है। अयोध्या रेलवे स्टेशन और अयोध्या कैंट के रेल लाइन दोहरीकरण का काम आगामी दिसंबर तक पूरा करने की कोशिश है। हम सब की कोशिश है कि अयोध्या और अयोध्या कैंट के लिए ट्रेन की संख्या बढ़ाई जाए। इसको लेकर काम चल रहा है। नए भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले अयोध्या बहुत कुछ बदली नजर आएगी।



## 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

-श्री काशी धाम के शुभारंभ के बाद अब तक खुद सीएम योगी आदित्यनाथ भोलेनाथ के दिव्य दरबार में सौ बार से अधिक लगा चुके हैं हाज़िरी


पृष्ठ संख्या 3 पर

## बारिश और बाढ के कारण धान की पुन: बिजाई करने वाले किसानों को सरकार देगी 7000 रुपये प्रति एकड़ भरपाई

**अदिति गौड़ संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए कहा कि जुलाई, 2023 के दौरान भारी बारिश व बाढ़ के कारण धान की दोबारा बिजाई करने वाले किसानों को राज्य सरकार 7000 रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देगी।

मुख्यमंत्री आज यहाँ पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर खनन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता उपस्थित थे।



उन्होंने कहा कि बारिश व बाढ़ तथा दंगों में संपत्ति, पशुधन या मानव हानि के नुकसान की भरपाई हेतु सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर लॉन्च किया। नुकसान का ब्यौरा के लिए लोगों से आवेदन मांगे गए हैं। राजस्व विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा सत्यापन होने के बाद निर्धारित मानदंडों के अनुसार, डी.बी.टी. के माध्यम से मुआवजे का भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने मेरा पानी ऋ मेरी विरासत योजना भी चला रखी है, जिसके तहत धान के स्थान पर अन्य फसलें उगाने वाले किसानों को 7000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसलिए बारिश व बाढ़ के कारण जिन किसानों की धान की फसल प्रभावित हुई है और उन्होंने धान के स्थान पर दोबारा किसी अन्य फसल की बिजाई की है, उन्हें इस योजना के तहत राशि दी जाएगी।

मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों से अपील की है कि वे धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती करें, ताकि जल संरक्षण हो सके। यह योजना स्वैच्छिक है और सरकार ने हर साल 1 लाख एकड़ क्षेत्र का लक्ष्य रखा हुआ है।

### केंद्र ने 2.5 लाख मीट्रिक टन बाजरे की एमएसपी पर खरीद की दी अनुमति

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि बाजरे के भाव पर सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए, उसके अनुसार प्रदेश सरकार भावांतर भरपाई के लिए योजना तैयार करने जा रही है।

## मुख्यमंत्री के रवैये से बजरंग दल को लगा झटका

## नूंह हिंसा मामले में सरकार की कार्यशैली से नाराज बजरंग दल के पदाधिकारियों ने दिए त्याग पत्र

*मोनू मानेसर की गिरफ्तारी मामले में मुख्यमंत्री द्वारा खींचे गए हाथों की आलोचना*

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, 14 सितम्बरः हरियाणा के नूंह हिंसा में सरकार की कार्यशैली से नाराज बजरंग दल के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। ये पदाधिकारी नूंह में हुई हिंसा पर सवाल भी खड़े किए हैं। बजरंग दल कार्यकताओं ने सरकार के सामने मोनू मानेसर को रिहा करने और कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार करने समेत 6 मांगे रखी हैं और मांगे पूरी नहीं होने तक बल उपासना केंद्र और मिलन केंद्रों का संचालन नहीं करने की बात कही है।

बता दें कि, रोहतक विभाग संयोजक नीरज वत्स ने अपनी पूरी टीम के साथ बजरंग दल के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नूंह में हुई हिंसा पर सरकार की नाकामी पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि बीजेपी सरकार हिंदू धर्म को मुद्दा बनाकर सत्ता में आई थी और आज वह सत्ता पर काबिज रहने के लिए तमाम तरह के समझौते कर रही है। उन्होंने मोनू मानेसर की गिरफ्तारी




को भी गलत ठहराया है। उनका कहना है कि जल्द से जल्द सरकार को मोनू मानेसर को रिहा करना चाहिए और कांग्रेस विधायक ममन खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए ।

### 1 करोड़ मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग

उन्होंने हिंसा के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों और मारे गए आम लोगों को एक एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की है। उन्होंने घायलों को उचित इलाज मुहैया करवाने और घायलों का मुआवजा देने की भी मांग की है। इसके साथ ही हिंसा के पीड़ित बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकताओं के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने की मांग भी की गई है। बजरंग दल कार्यकताओं ने मांगे पूरी नहीं होने तक बजरंग दल के बल उपासना केंद्र और मिलन केंद्रों पर कार्यक्रमों का संचालन नहीं करने का भी ऐलान किया है। बजरंग दल कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा तो खोल दिया है।

## भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान मे "चलों चले क्षत्रशाल स्टेडियम, 2 अक्टुबर को" आयोजित

*योग दिवस से पहले की तैयारी मे 500 से अधिक साधकों ने लिया भाग। भारतीय योग संस्थान के प्रधान श्री देशराज जी के द्वारा योग पर विशेष चर्चा।।*



**नोएडा समाज जागरण डेस्क**
**रिषभ कुमार झा**

नोएडा भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान मे नोएडा सेक्टर 47 सेन्ट्रल पार्क मे "चलो चले क्षत्रशाल स्टेडियम 2 अक्टुबर को" प्रेरणा योग शिविर का विशेष आयोजन किया गया। जिसमे आगामी 2 अक्टुबर को आयोजित होने वाली योग दिवस मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे भारतीय योग संस्थान के प्रधान श्री देशराज जी ने योग पर सारगर्भित चर्चा की और अधिक से अधिक संख्या मे 2 अक्टुबर को आने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम मे नोएडा के सभी जिलों से योग साधकों ने भाग लिया। इसके साथ ही दिल्ली प्रान्त-2 के प्रधान श्री योगेश शर्मा ने आशीर्वचन सुनाया और योग साधकों को परिवार सहित योग दिवस के अवसर पर आने के लिए आह्वान किया। "चलों चले क्षत्रशाल स्टेडियम" विशेष शीर्षक से आयोजित कार्यक्रम मे 500 से अधिक साधकों ने भाग लिया। आयोजको ने योग मे पधारे सभी साधक साधिकाओं तथा विशेष अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।

## जस्टिन ट्रूडो की कुर्सी खतरे में, देना पड़ सकता है इस्तीफा! भारत की यात्रा नहीं रही शुभ



कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लिए सबकुछ सही नहीं चल रहा है. भारत से लौटने के बाद उन्हें चौतरफा आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. जी20 के दौरान भारत में में हुई उपेक्षा को लेकर मीडिया और विपक्षी पार्टियों ने उन्हें हर फ्रंट पर उन्हें घेरा है. वहीं, देश में राजनीतिक उथल पुथल के बीच उनपर कनाडा के विदेशी संबंध खराब करने का आरोप भी लगा है. घरेलु मुद्दों पर उनसे इस्तीफा मांगा जा रहा है.

## अनंतनाग ऑपरेशन: आतंकियों को चुन-चुनकर मारने की तैयारी, हेरोन ड्रोन से हो रही तलाश, सेना ने की घेराबंदी

श्रीनगर. जम्मू कश्मीर में बुधवार को हुए मुठभेड़ में शामिल आतंकवादियों के सफाए का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा. इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के चार सदस्य शहीद हो गए थे. पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के ऊंचे इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को 'घेर लेने' का दावा किया है. अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी. वहीं, आतंकियों की तलाश के लिए इजराइल से लिए गए हेरोन ड्रोन की मदद ली जा रही है.

15 कोर कमॉडर और जीओसी विक्टर फोर्स पूरे ऑपरेशन की करीब से निगरानी कर रहे हैं. सेना के अधिकारी ने कहा,



"आतंकियों को छोड़ा नहीं जाएगा, सभी तरह की नई पीढ़ी के हथियार और उपकरण का इस्तेमाल हो रहा है. ऑपरेशन में इजराइल से लिए गए हेरोन ड्रोन भी शामिल किए गए हैं."

अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को तड़के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के गडोले के जंगलों में गोलियों की आवाज सुनी गई. उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के सफाए के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है. आतंकवादी संभवतः पहाड़ों में बने एक प्राकृतिक गुफा में छिपे हुए हैं.

अधिकारियों ने कहा कि हेलीकॉप्टरों को गडोले के जंगलों के ऊपर मंडराते देखा गया क्योंकि सेना और पुलिसकर्मियों ने इलाके के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर रखी है. पूरे दिन गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है.

व्यंग्य

# अरे भाई दिक्कत क्या है ?

## आदमी सरकारी, दारू भी सरकारी !

दैनिक समाज जागरण

कहते है न जैसा नाम वैसा ही काम । नोएडा प्राधिकरण के द्वारा नोएडा के गाँवों मे कराए जा रहे नोएडा आपके द्वार कार्यक्रम मे पटवारी महाराज दारु पीकर पहुँचे। जिसका गाँव वालों ने विडियों बनाया और अब वह विडियों पूर्व के टवीटर और वर्तमान मे (एक्स) नामक सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। विडियों मे पटवारी महाराज हाथ मे फाइल ले रखे है और गाँव वालों से बात कर रहे है कि हमसे बात कर रहे हो या किसी और से। गाँव वालों मे नशे की हालत मे पहुँचे पटवारी को देख भारी आक्रोश है। जिस पर तरह के कमेंट कर रहे है। यह विडियो सोनु यादव (सफार्बाद) के टवीटर हैंडल @yadav100nu से अपलोड किया गया है।



@ramSaran04865 टवीटर से प्रिया सिंह को किए गए रिप्लाई मे एक महानुभाव लिखते है, ह्लइसमे गलती इस अधिकारी की नही है, गलती सरकार की है, जो इनको जरुरत से ज्यादा वेतन देती है। जितना सरकार इनको वेतन देती है उससे कई गुना ज्यादा तो इनका एक्सट्रा इन्कम होता है। इसलिए महाशय ये तो चौबीस घंटे नशे मे होते है और आम आदमी की तो सुनते ही नही है।

सुमित मोहन लिखते है यह तो सीधा सीधा कोड ऑफ कन्डक्ट है, इन्हे तो नौकरी से निकाल देनी चाहिए। ये कोई गलती नही है जान बुझकर ड्यूटी पर शराब पीकर आया है।

श्रीमान जी अब आप लोग ही बताइये कि कोई शराब पीकर ड्यूटी पर आये तो इसमे दिक्कत क्या है। शराब सरकारी, आदमी सरकारी और पैसे भी सरकारी। इनको तो ईनाम मिलनी चाहिए कि इन्होंने सरकार को दारू से प्राप्त होने वाली राजस्व मे सहयोग दिया है। जब सरकार को दारू से एतराज नही है और दारू बेचकर पैसे कमा रही है तो दारू पीने वाले सरकारी कर्मचारी से क्यो ? याद है न कोरोना के समय मे कितना लोग परेशान था दारू के लिए।

सरकार ने भी सबसे पहले दारू के ही दुकान खुलवाया। अब साल दर साल पीने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है तो सरकारी खजाने के लिए अच्छी खबर है। पटवारी महाराज पीकर आये गए तो कौन सा गलत कर दिया जिसके लिए आप सभी ने जमीन को सिर पर उठा लिया है। पीने की शौकीन होंगे । दिन मे पिये या रात मे सुबह पीये या शाम मे आप लोगों को किस बात कि तकलीफ है। खैर विडियों वायरल हो ही गया है तो देखिये जरूर। लेकिन इनके योगदान के लिए सराहना कीजिए और शराब पीने वालों के लिए भी सरकार अच्छी व्यवस्था करे इसकी मांग कीजिए। ताकि ज्यादा ये ज्यादा लोगों को नशे के साथ जोड़ा जा सके। नोएडा आपके द्वार कार्यक्रम मे आज इतना ही आगे फिर लेकर आयेंगे ऐसी ही महानुभावों की आंखो देखी तब तक के लिए खुदा हाफिज।



रमन कुमार झा

# रंजो-गम से ऊपर की राजनीति

दैनिक समाज जागरण

हिंदी दिवस पर मुझे हिंदी की बात करना चाहिए ,लेकिन मै जाबूझकर हिन्दुस्तान की बात कर रहा हूं। उसी हिन्दुस्तान की जो भारत भी है और इंडिया भी। इस हिन्दुस्तान में हिंदी के मुकाबले हिन्दुस्तानी सियासत की बात करना जरूरी है क्योंकि हिन्दुस्तान की सियासत रंजो-गम से ऊपर उठ चुकी है । आज की सियासत केवल जश्न मनाना जानती है। जश्न में डूबी सियासत को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कहाँ उसके जवान मारे जा रहे हैं और कहाँ लोकतंत्र कराह रहा है।

आप जब ये आलेख पढ़ रहे होंगे उससे कोई बारह घंटे पहले इसी हिंदुस्तान में जब केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने सेना के एक मेजर ,एक कर्नल और पुलिस के एक डीएसपी की जान ले ली ,लेकिन उसी वक्त दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जी-20 की अपार कामयाबी के लिये माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन हो रहा था । फुलझड़ियां चलाई जा रही थीं। हृदयहीन सियासत के लिए बहादुर जवानों की शहादत का कोई मतलब नहीं है। फौजी और पुलिस वाले तो नौकरी करने आते ही शायद शहादत देने के लिए है। उनके लिए क्या आंसू बहाना ? वैसे भी सियासत इन घटनाओं ,दुर्घटनाओं से विचलित नहीं होती। लेकिन आम आदमी विचलित होता है। आम आदमी का विचलन सियासत और सत्ता को दिखाई नहीं देता ,या फिर वो इसे देखना नहीं चाहती।

ये महज संयोग ही है कि जम्मू-कश्मीर में एक तरफ भारतीय सेना के अधिकारी पुलिस के साथ आतंकवादियों से मोर्चा ले रहे थे वहीं दूसरी तरफ देश के भाग्यविधाता दिल्ली में अपनी कथित उपलब्धियों का जश्न मना रहे थे। कायदे से मुझ जैसे अदना से आदमी को इस तरीके से किसी के जश्न को लेकर सवाल करने का हक नहीं है। इस देश में सरकार सवाल करने के अधिकार को बहुत पहले या तो छीन चुकी है या फिर उसे सीमित कर चुकी है। यहां तक हिन्दुस्तान की जमीन पर हिन्दुस्तान के फिलवक्त के सबसे बड़े और भरोसेमंद दोस्त अमरीका को भी पत्रकारों से बतियाने की इजाजत नहीं दी जाती । मित्र देश के राष्ट्रपति को दूसरे देश में जाकर अपने मन की बात प्रेस से साझा करना पड़ती है। मित्र देश के राष्ट्रपति के पास मन की बात करने के लिए आकाशवाणी तो थी नहीं।

मै बात कर रहा था सियासत की हृदयहीनता की । पूरे देश को इस विषय



पर बात करना चाहिए क्योंकि यदि देश की सियासत हृदयहीन होगी तो नौकरशाही भी वैसी ही हो जाएगी और भुगतना पडेगा जनता को। जनता पहले से ही बहुत कुछ भुगत रही है। आगे भी उसे बहुत कुछ भुगतने के लिए कमर कसकर तैयार रहना चाहिए। दरअसल इस समय देश रहस्यवाद से घिरा है। किसी को नहीं पता कि देश में अगले पल क्या होगा ? कोई नहीं जानता कि संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची क्या है ? किसी को जानने की क्या जरूरत है ? जो होगा सो सामने आ ही जाएगा।

देश में हिंदी दिवस पर हिंदी की बात करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश हिंदी का कोई कल्याण नहीं कर सकता। देश की सरकार के पास हिंदी का कल्याण करने के अलावा बहुत से दूसरे काम है। हिंदी का कल्याण खुद हिंदी कर लेगी। यूं भी हिंदी दिवस मना लेने से हिंदी का क्या कल्याण हो सकता है ? हम पिछले 70 साल से हिंदी दिवस मना रहे हैं ,लेकिन हिंदी का कलयाण नहीं कर सका। बीते 50 साल को छोड़िये पिछले 9 साल के मोदी युग में भी हिंदी जहाँ थी,वहीं खड़ी है। सरकार को गगनचुम्बी प्रतिमाएं बनवाने से फुरसत मिले तो सरकार हिंदी के बारे में सोचे । सरकार एक देश एक चुनाव के बारे में सोच सकती है । एक देश एक नागरिक संहिता के बारे में सोच सकती है लेकिन एक देश , एक भाषा के बारे में नहीं सोच सकती। हिंदी कोई संविधान की धारा 370 नहीं है जो संसद की सहमति से उसे हटा दिया जाये । हिंदी एक भाषा है ,भाषा को कोई सियासी दल अपने चुनावी एजेंडे में शामिल नहीं करना चाहता । क्योंकि उसे एक देश एक चुनाव तो मजबूरी में चाहिए, एक देश एक भाषा नहीं। हिंदी कोई धर्म की तरह सनातन थोड़े ही है !

हिंदी को लेकर मै कभी परेशान नहीं होता क्योंकि जिसकी अटकेगी वो हिंदी सीखेगा ,हिंदी बोलेगा ,लिखेगा,पढ़ेगा । हिंदी का बाजार सबसे बड़ा बाजार है। दुश्मन भी हिंदी बोलते हैं और दोस्त भी। आपने ' हिंदी-चीनी भाई -भाई ' का नारा सुना होगा। आजतक किसी ने ' अंग्रजी -हिंदी भाई-भाई ' का नारा नहीं लगाया। हम धर्म पर गर्व करते है लेकिन भाषा पर नही। हमें गर्वोन्नत करने के लिए भाषा की नहीं भाषणों की जरूरत है। भाषण ' टेलीप्रॉम्प्टर ' से दिया जा सकता है । हकीकत ये है कि देश हिंदी से चल रहा है, हिन्दुस्तानियों से चल रहा है । एक देश ,एक चुनाव या एक देश ,एक नागरिक संहिता से नहीं। इस देश को ऐसे ही चलने देना चाहिये । यहां वेश -भूषा और भाषा के झगड़ों के लिए कोई जगह नहीं है ।

गनीमत है कि हमारा देश हमारा देश है ,कनाडा नहीं । कनाडा की जनता ने अपने पंत प्रधान जस्टिन टूडो के लत्ते ले लिए क्योंकि वे जी -20 के सम्मेलन में अपनी विदेश नीति की मिटटी कुटवा कर लौटे। कनाडा में पंत प्रधान की आलोचना को राष्ट्रद्रोह नहीं माना जाता । हमारे यहां माना जाता है । इसीलिए हमारे यहां चाहे मीडिया हो या राजनीतिक कार्यकर्ता, वे सब समवेत स्वर में पंत प्रधान का अभिन्दन करते हैं। फुलझड़ी चलाते है। स्तुतिगान करते हैं। हमें लग रहा है कि हमने 'लंका जीत ली '। हमने ' दुनिया मुठ्ठी में कर ली ' जबकि हकीकत ये है कि हमने अपनी आदत के मुताबिक जी-20 के समूह को भी दो फांक कर दिया । कुछ चीन के साथ खड़े हैं तो कुछ चीन के खिलाफ । हम बांटने में सिद्धहस्त है। हम समाज को बाँट सकते हैं,हम सियासत को बाँट सकते हैं।' बांटो और राज करो' के मामले में अंग्रेज भी हमारा मुकाबला नहीं कर सकते। यदि ये हमारी विदेश नीति की सफलता है तो मुझे कुछ नहीं कहना ।

मेरा अपने पाठक मित्रों से अनुरोध है कि इस आलेख को न माननीय प्रधानमंत्री कि खिलाफ समझा जाये और न इसे राष्ट्रद्रोह माना जाये । मैंने भी अपने मन की बात उसी तरह की है ,जैसी कि प्रधानमंत्री जी करते है। इस देश का संविधान आज भी आम आदमी को अपने मन की बात करने की आजादी देता है । मुमकिन है कल ये आजादी न रहे ,किन्तु जब तक है तब तक इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए ।आखिर हम दुनिया कि सबसे पुराने और बड़े लोकतंत्र है। कनाडा और अमरीका से भी बड़े ।

@ राकेश अचल

# हिंदी देश के स्वाभिमान की भाषा'

## स्वाधीनता संग्राम में हिंदी भाषा की अहम भूमिका

दैनिक समाज जागरण

देश की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। पर यह सत्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का स्वमेव गौरव प्राप्त है वैश्विक स्तर पर हिंदी का परचम लहरा रहा है और हिंदी को किसी मान्यता प्राप्त होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है

किंतु औपचारिक रूप से सरकार को चाहिए हिंदी को राष्ट्रभाषा का उसका अपना गौरव प्रदान करें। राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है, निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।

14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र-पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है ।दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।



संजीव ठाकुर ,चिंतक, लेखक, स्तंभकार,संयोजनकर्ता, रायपुर छत्तीसगढ़

## *हिंदी दिवस और राजभाषा हिंदी*

अपनी प्यारी मातृभाषा हिंदी के
आलिंगन से हम दूर चले आये हैं,
इसके मूल रूप से बहकते हुये,
अंग्रेजी के प्रभाव में भरमाये हैं।

इतनी सुंदर देवनागरी लिपि को
छोड़ रोमन में लिखना सीख गये,
दूर निकल आये इतने कि हम सब,
मूल रूप में हिंदी लिखना भूल गये।

शिक्षा पद्धति मैकाले की थोपी गई,
गुरूकुल की पाठशालायें बंद हुईं,
ब्रिटिश प्रणाली छल बल से देकर,
सामाजिक महिमा मयार्दा ध्वस्त हुईं।

आज जरूरी है मूल रूप फिर पाने का,
अपनी भाषा अपनी हिन्दी अपनाने का,
अभी भी चूके महत्व इसका हम भूले,
तो मिट जाएगा प्रयत्न 75 सालों का।

इन शब्दों में है कोई अतिरेक नहीं,
भाषा भाव सभी अव्यक्त व्यक्त हैं,
सधे हुये है, शायद कोई मतभेद नहीं,
राजभाषा हिंदी किसी को त्यक्त नहीं।

करूँ प्रशंसा कैसे हिंदी है अपनी माँ,
माँ की ममता, असमंजस में होठ बंद,
आदित्य देश व्यापी तो हो जाये हिंदी,
भारत का सम्मान विश्वभाषा हो हिंदी।



कर्नल आदि शंकर मिश्र, 'आदित्य' लखनऊ

## अधूरी जिंदगी

ऐ वक़्त थम जा जरा....
पलट कर देखूँ अतीत के पन्नो को,
याद कर लूं जरा उन लम्हों को
कुछ पराये कुछ अपने,
कुछ आधे-अधूरे सपने
सुख के कुछ पलों के साथ
रंगीन थी यह जिंदगी,
गमों के दौर ने न जाने
कितना दर्द दिल में भर
ऐ वक़्त थम जा जरा....

बाकी है चंद साँसे अभी
कुछ धड़कने है बाकी,
कुछ अधूरे अरमान
कुछ अधूरी ख्वाहिश,
कभी सुख का सूरज
कभी गम की बारिश,
कुछ अंतर्द्वंद भी है
क्या करे,क्या ना करें?
कोई तो बता दे जरा
ऐ वक़्त थम जा जरा....

जरा थम जा
मैं जी लूं अपनी जिंदगी
भर लूं उन खुशियों को
अपने आँचल में ,
जिनके लिये सदा ही
तरसती रही यह जिंदगी।
पर धीरे-धीरे बढ़ रहा यह जीवन
अपने अवसान की ओर,
ऐ वक़्त तू ही बताउ
कब पूर्ण होगा जीवन?
कुछ अधूरे ख्वाब लिये
कुछ अधूरी चाह लिये,
जीने को आतुर है
अधूरी जिंदगी।

बिंदु अग्रवाल, शिक्षिका सह कवयित्री, लेखिका
गलगलिया,किशनगंज बिहार

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आगामी 21 से 25 सितंबर तक यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं 22 से 24 सितंबर तक आयोजित होने वाले मोटो जीपी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एक्टिव।

**"डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जूम ऐप के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर की बैठक।**

**"संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के दिए निर्देश।**

**गौतम बुद्ध नगर 14 सितंबर 2023**

जनपद गौतम बुद्ध नगर में आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट के परिसर में आयोजित होने वाले यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं 22 से 24 सितंबर तक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले मोटो जीपी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जूम ऐप के माध्यम से सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सभी तैयारियों को मानकों के अनुरूप समय रहते पूर्ण करने के दिशा-निर्देश प्रदान किये। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनपद में आयोजित होने वाला यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जीपी कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री जी के हृदय से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है एवं इस कार्यक्रम में भारत की महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल महोदया एवं मुख्यमंत्री जी का आना भी प्रस्तावित है। इसलिए सभी अधिकारीगण उक्त दोनों कार्यक्रमों की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए अपनी-अपनी तैयारी को युद्ध स्तर पर करते हुए अंतिम रूप प्रदान करेंगे, ताकि दोनों कार्यक्रमों को जनपद में सकुशल संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों को मिलने वाले खान-पान की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की उक्त कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए अपने ट्रांसपोर्टेशन को लेकर वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। वहीं जिलाधिकारी ने फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा भी कार्यक्रम स्थलों पर फायर सेफ्टी को लेकर अपनी सभी व्यवस्थाएं मानकों का अनुरूप सुनिश्चित कर ली जाए एवं कार्यक्रम के दौरान फायर की गाड़ियों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी रहे। जिलाधिकारी ने विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की इंडिया एक्सपो मार्ट एवं मोटो जीपी कार्यक्रम स्थल पर सभी इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट्स की जांच समय रहते सुनिश्चित कर ली जाए। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की उक्त कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए जो हेलीपैड तैयार किये जा रहे हैं उनके संबंध में प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप हेलीपैड तैयार कराए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त दोनों कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की ड्यूटी समय रहते लगा दी जाए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारियों का आह्वान किया कि उनके द्वारा भी कार्यक्रम से पूर्व सड़कों के मरम्मत का कार्य व पार्किंग आदि की व्यवस्था समय रहते पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए ताकि जनपद में यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जीपी कार्यक्रम को बहुत ही भव्यता के साथ जनपद में सकुशल संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारीगण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियां को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार, पुलिस एवं प्राधिकरण व खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, फायर सेफ्टी, विद्युत सुरक्षा, परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागीय के अधिकारीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# 17 सितंबर से पूरे प्रदेश में चलेगा आयुष्मान भवः अभियान

**समाज जागरण**

"5 अलग-अलग हिस्सों में अभियान का होगा संचालन

"17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का होगा आयोजन

"आयुष्मान आपके द्वार 3.0 का भी होगा शुभारंभ

"आयुष्मान मेला और आयुष्मान सभा से होगा प्रचार प्रसार

"आयुष्मान ग्राम एवं अर्बन वार्ड की भी होगी शुरूआत

लखनऊ, 14 सितंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरूआत होगी। यही नहीं इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा।

## सेवा पखवाड़े में चलेगा स्वच्छता अभियान

17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर इस स्वच्छता कार्यक्रम को चलाया जाएगा। इसके अलावा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता और सामाजिक एकजुटता के अवसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसी तरह अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## कोई भी पात्र लाभार्थी नहीं छूटेगा

आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरूआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रहीं है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे। आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के इरादे से 2021 में आयुष्मान आपके द्वार 1.0 और 2022 में 'आयुष्मान-आपके द्वार 2.0' चलाया गया था। इसके माध्यम से खुद पंजीकरण करके कार्ड निर्माण किया जा सकेगा। एफएलडब्ल्यू, उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस), कार्ड निर्माण एजेंसियो, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकताओं आदि का उपयोग करके कार्ड निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। इस पूरे कार्यक्रम के लिए डीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्ड निर्माण के लिए ई-केवाईसी और आईईसी से संबंधित गतिविधियों के लिए आशा कार्यकताओं, पंचायती राज के तहत फ्रंटलाइन कार्यकताओं और स्वयं सहायता समूहों का समर्थन किया जाएगा। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों को शामिल किया जा सकता है।

## शनिवार, रविवार को लगेगा हेल्थ मेला

आयुष्मान मेला के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत सेवाओं के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपने मुद्दों और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना और समूह कल्याण गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह, प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा। इसमें देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सीएचसी में विशेषज्ञ और आउटरीच सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि होगी। विशिष्ट देखभाल के माध्यम से स्क्रीनिंग, निदान और बुनियादी एवं उन्नत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें तृतीयक देखभाल सेटअप और विशिष्ट एवं नैदानिक सेवाओं के लिए रेफरल शामिल है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बढ़ाई जाएगी जागरूकता

2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा की शुरूआत होगी। इसके तहत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें पात्र लाभार्थियों की सूची के साथ ही उपचार प्राप्त लाभार्थियों की सूची और सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। एनसीडी, टीबी और सिकल सेल रोग, संचारी सेवाओं और उनके उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आभा आईडी के निर्माण की सुविधा के लिए विशेष स्वास्थ्य वार्ता होगी। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत व आयुष्मान अर्बन वाड्र्स का भी आयोजन होगा। यह वो दर्जा है जो मार्च 2024 तक विभिन्न मापदंडों को प्राप्त करने वाले ग्रामों व वाड्र्स को प्रदान किया जाना है।

# 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन


**समाज जागरण**

**-श्री काशी धाम के शुभारंभ के बाद अब तक खुद सीएम योगी आदित्यनाथ भोलेनाथ के दिव्य दरबार में सौ बार से अधिक लगा चुके हैं हाज़िरी**

**-विस्तारित धाम में दर्शन, पूजन समेत भक्तों के हर छोटी-बड़ी जरूरतों का योगी सरकार रख रही है पूरा ध्यान, श्रद्धालुओं ने भी उत्तम व्यवस्था को सराहा**

**-धाम में अब हर महीने औसतन कम से कम 31 लाख से अधिक व अधिकतम 95 लाख से अधिक श्रद्धालु महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं**

**-धाम में दर्शनार्थियों के रहने-खाने से लेकर हर सुविधा है उपलब्ध, गर्मी-ठण्ड और बरसात में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए बेहतर की जा रही है व्यवस्था**



वाराणसी, 14 सितम्बर। श्री काशी विश्वनाथ धाम के नए अवतरण में आने के बाद धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नित नया कीर्तिमान बना रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भोले के भक्तों ने अब तक बाबा का दर्शन किये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाजिरी लगा चुके हैं और भक्तों को सुविधाएं दिए जाने के लिए खाका खींचते रहे हैं। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने विस्तारित धाम में भक्तों के हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा है, जिससे भक्तों को असुविधा न होने पाए। यही कारण है जिससे श्री काशी विश्वनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। लोकार्पण के बाद हर महीने कम से कम 31 लाख से अधिक और अधिकतम 95 लाख से अधिक शिव भक्त देवो के देव महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं।

## भक्तों के मंदिर तक पहुंचने की राह हुई आसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से रोजाना धाम में लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से अब तक 11 करोड़ 72 लाख 71 हजार 7 सौ उन्नचास श्रद्धालुओ ने दर्शन किया है। मुख्यकार्यपालक अधिकारी ने बताया कि गर्मी ,ठण्ड और बरसात में श्रद्धालुओ को परेशानी न हो इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम किये जा रहे है। तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, पैर न जले इसके लिए मैट, कूलर, पीने का पानी, सावन में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर, सभी के लिए चिकित्सा व्यवस्था आदि व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान कर दी है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2021 में लोकार्पण के बाद 2022 के जनवरी महीने में 74,59,471, 2022 के सावन माह में लगभग 7681561, 2023 अधिक माह के श्रावण माह के महीने में जुलाई में 7202891 अगस्त में 9562206 श्रद्धालुओं ने काशी पुराधिपति के दर्शन किये।

लोकार्पण के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की संख्या

वर्ष 2021 दिसंबर -- 48,42716 दर्शनार्थी

वर्ष 2022 जनवरी से दिसम्बर - 71,147,210 दर्शनार्थी

वर्ष 2023 जनवरी से 11 सितम्बर -41,281,823 दर्शनार्थी

धाम में मिल रही हैं तमाम सुविधाएं धाम में समय के साथ से सुविधाएं भी जुड़ती जा रही हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए शॉपिंग की भी सुविधा मिल रही है। यहां दुकानों पर पीतल की मूर्तियां, कलाकृतियां, पूजन सामग्री, प्रसाद, मंदिर और बाबा की तस्वीरें, बनारसी सिल्क की साडिड्ढां व कपड़ों समेत अन्य सामान उपलब्ध हैं। धाम परिसर में फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट भी हैं जहां उचित दर पर बिना प्याज और लेहसून का शुद्ध शाकाहारी भोजन है और व्रत की थाली भी उपलब्ध है। अन्न क्षेत्र में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी है। धाम परिसर में ही रुकने के लिए होटल और काशी दर्शन के लिए टूर पैकेज उपलब्ध हैं। मोक्ष की राह देख रहे वृद्धों के लिए निःशुल्क मुमुक्षु भवन की भी व्यवस्था की गई है।

# संस्कृत के प्रतिभावान छात्रों को मंच दे रही योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से किया जा रहा संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन**

**जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर हो रही है प्रतियोगिता, कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र ले सकते हैं भाग**

**तीनों स्तरों पर सफल रहने वाले छात्रों को सरकार की ओर से किया जाएगा पुरस्कृत**




लखनऊ, 14 सितंबरः योगी सरकार प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। योगी सरकार की इस मुहिम का असर भी देखने को मिल रहा है। ऐसे में योगी सरकार की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने, छात्रों में संस्कृत के प्रति रूझान बढ़ाने एवं संस्कृत के प्रतिभावान बच्चों को खोजकर उनको आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों (जनपद, मंडल और राज्य स्तर) पर हो रही है। संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र भाग ले सकते हैं। संस्थान की ओर से वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता करायी जा रही है, जिसमें बढ़-चढ़कर बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं।

## 20 से 29 सितंबर के बीच होगी मंडल स्तरीय संस्कृत खोज प्रतियोगिता

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में संस्कृत गीत प्रतिभा खोज, संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज और संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज आदि का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए मंडल स्तरीय अर्हता प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा आ आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागी 16 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। मंडल स्तरीय अर्हता प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा पास करने के बाद प्रतिभागी राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जो 20 से 29 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। मंडल स्तर पर आयोजित संस्कृत गीत (युवा वर्ग) तथा राज्य स्तर पर संस्कृत भाषण, संस्कृत श्रुतलेखन, संस्कृत अभिनय आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए मंडल स्तरीय ऑनलाइन प्रतिभा अर्हता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इनमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को राज्य स्तर की प्रतिभा खोज में प्रवेश दिया जाएगा।

## 11 हजार रुपये का दिया जाएगा नकद पुरस्कार

संस्थान के निदेशक ने बताया कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा में भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा 5 से 12 अक्टूबर के बीच होगी। वहीं इसमें सफल प्रतिभागी राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जो संस्थान में 28 और 29 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। तीन चरणों में होने वाली संस्कृत खोज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को एक हजार रुपये प्रथम पुरस्कार, आठ सौ रुपये द्वितीय पुरस्कार और 700 रुपये तृतीय पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे। वहीं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को तीन हजार रुपये प्रथम पुरस्कार, दो हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार और एक हजार रुपये तृतीय पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे। इसके अलावा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को 11 हजार रुपये प्रथम पुरस्कार, सात हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार, पांच हजार रुपये तृतीय पुरस्कार और तीन हजार रुपये सान्त्वना पुरस्कार तीन प्रतिभागी को दिये जाएंगे। इतना ही नहीं प्रतिभागी को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र, संस्कृत पुस्तक, मंडल तथा राज्य की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आने-जाने खर्च और राज्यस्तर पर स्मृतिचिन्ह दिया जाएगा।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**कस्बा जहांगीरपुर के महाराज अग्रसेन इंटर कॉलेज , ब्रह्मा देवी अमीचंद कन्या इंटर कॉलेज व दयानतपुर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में**



गौतमबुद्धनगर/जहांगीरपुर ` दयानातपुर के इंटर कॉलेज में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मंजीत सिंह ठाकुर के साथ भाजपा आईटी जिला संयोजक चन्द्रमणि भारद्वाज ने प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी जी के सानिध्य में छात्र छात्राओं को देशव्यापी मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे में जानकारी दी। और शहीदों को नमन कराते हुए घर घर से लाई माटी को #अमृतकलश में एकत्रित कराया। मुख्यवक्ता चन्द्रमणि भारद्वाज ने बताया कि आजादी के स्वर्णकाल ( शताब्दी वर्ष ) में देश के गुमनाम अमर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए गांव गांव , घर घर से भी माटी को अमृत कलश में एकत्र कर उसे गांव में बनाए गई ' अमृत वाटिका में रख कर पंच प्रणों की शपथ ली जा रही है। 7500 कलश में लाई जा रही मिट्टी को मिलाकर देश की राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नेशनल वार मेमोरियल के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। ये अमृत वाटिकाह्न ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। हमें अपनी देश की माटी से जुड़ने का यह एक सुअवसर है। चंद्रमणि भारद्वाज जी ने सभी अध्यापकों , छात्र छात्राओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई। युवा नेता मंजीत ठाकुर जी ने बताया कि हमें अपने शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को यह अमृत वाटिका हमेशा याद दिलाएगी कि कैसे हमें आजादी मिली , जिन शहीदों ने हमें अपने प्राणों की आहुति दे कर स्वत्रंता दिलाई हमें उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए आज हम सभी उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# परा विधिक स्वयं सेवको को इशान लॉ कालेज में दिया गया प्रशिक्षण।



14 सितंबर 2023 को इशान लॉ कॉलेज के सहयोग से एव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान से पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण के द्वितीय सेशन का आयोजन मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता में श्रीमती ऋचा उपाध्याय अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई जिनके साथ श्रीमती रिचा शुक्ला सिविल जज जूडि वर्चुअल कोर्ट एव श्री अजय कुमार तहसीलदार सदर एवं श्री जितेन्द्र मोहन माथुर वरिष्ठ अधिवक्ता एव श्री नरेश चन्द गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। परा विधिक स्वयं सेवक के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र मे बताया गया कि जिले के विभिन्न विधि महाविद्यालयों से छात्र व छात्राये व समाज के कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तियो मे से 250 लोगो का चयन किया गया है जिनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को उनके दायित्व के विषय में बताया गया कि किस प्रकार से वह समाज की न्याय व्यवस्था में अपना पुरजोर सहयोग व विधिक सेवा व सहायता प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक विधि न्याय व्यवस्था के संबंध में तथा प्रॉपर्टी लॉ एवं राजस्व विधि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारियां प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पीएलवी को दी गई। श्रीमती रिचा उपाध्याय अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुध नगर एवं अन्य उपस्थित विभूतियों द्वारा उनके विभिन्न कार्यों के विषय में प्रशस्त किया गया। यह भी बताया गया की पैरा लीगल वालंटियर का प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच दिवसीय है जिसका आज द्वितीय दिवस है तथा अन्य तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम अलग-अलग विश्वविद्यालयों एवं विधि विद्यालय एवं अन्य स्थलों पर आयोजित किया जाना है ।

जिससे अलग-अलग विषयों पर विधि विशेषज्ञों द्वारा परा विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण प्राप्त कराया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के दौरान ईशान लॉ कॉलेज के डायरेक्टर डा० श्री डी के गर्ग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण एवं तहसीलदार सदर एवं वरिष्ठ अधिवक्तागण तथा परा विधिक स्वयंसेवकों का धन्यवाद अर्पित किया गया।

# नाबालिग लड़की भगाने के मामले में एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

कुम्हावर चौकी के दो सिपाहियों की भूमिका संदिग्ध, आरोपियों की दूसरी बार की मदद

दो बार भाग चुकी नाबालिग लडकी, पुलिस ने हर बार पीड़ित के साथ किया अन्याय, दो दिन चौकी में रखा बंद, मारपीट कर जबरन कराया समझौता

20से 23 अप्रैल तक लड़की रही गायब, बाद में चौकी के स्टाफ ने जबरन कराया समझौता

सैफई (इटावा) छह दिन पूर्व अपने प्रेमी के साथ भागी थाना सैफई क्षेत्र के एक गाँव की नाबालिग लड़की के मामले में कल एसएसपी के आदेश पर सैफई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और आनन फानन में लड़की भी बरामद कर ली। कुम्हावर चौकी के सिपाही आरोपियों की मद्द में जुटे थे और लड़की के बाप भाई को जेल भेजने की धमकी दे रहे थे। पूरा मामला सैफई थाना क्षेत्र के एक गाँव का है। कुम्हाबर निवासी एक 14 साल की नाबालिग लड़की घिरोर क्षेत्र के अपने प्रेमी के साथ भाग गई। उस लड़के की लड़की के पड़ोस में ही रिश्तेदारी है। इस संबंध में कुम्हावर चौकी पर पीड़ित ने लिखित शिकायत की तो चौकी के सिपाहियों ने लड़की के पिता को गाली देकर भगा दिया। इसी बीच जब पीड़ित ने लड़के के रिश्तेदार से शिकायत की तो उसने भी लड़की के भाई व पिता को फर्जी केस में जेल भिजवाने की धमकी दी। तो उसने पुनः चौकी पर शिकायत की तो चौकी के सिपाहियों ने लड़की के पिता व भाई को गाली देकर चौकी से भगा दिया।

दिनांक 10 सितंबर को लड़की के पिता सैफई एसओ मु० कामिल से मिला और आपबीती बताई तो उन्होंने आरोपी मददगार को थाने बुला लिया तो आरोपी ने लड़का व लड़की से संपर्क करके सुबह थाने में आने की बात कही उसी दौरान पुलिस ने आरोपी को थाने से बिना कार्यवाही किए छोड़ दिया।

अगले दिन आरोपी लड़की को लेकर कुम्हावर चौकी पहुँच गया लेकिन वह लड़के के लेकर नहीं आया तो कुम्हाबर चौकी के सिपाहियों ने नाबालिग लड़की के पिता व भाई को चौकी बुलाकर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने एसओ को फोन पर जानकारी दी तो एसओ ने दोनों पक्षों को थाने बुलवा लिया। और मुकदमा लिखने के बजाय थाना सैफई पुलिस व कुम्हावर पुलिस ने लड़की के पिता को धमकाकर समझौता लिखवा लिया और लड़की को आरोपियों के साथ भेज दिया।

लड़की जब 20 अप्रैल को अपने प्रेमी के साथ भागी तो लड़की के पिता भाई ने कुम्हावर चौकी पर पहुंचकर पुलिस को शिकायत की और लड़की बरामद करने की गुहार लगाई। पहले तो चौकी इंचार्ज व सिपाहियों ने लड़की के पिता व भाई को चौकी से गाली देकर भगा दिया


# आवश्यकता है

देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में व्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
वहीं रोहतास जिले के प्रखंड बिक्रमगंज, नासरीगंज, राजपुर, अंकोढी.गोला, डेहरी, नौहट्टा, शिवसागर, सासाराम व सुर्यपुरा में समाचार संकलन हेतु उक्त प्रखंडों में प्रतिनिधियों की भी जरूरत है। कृपया आप इस सम्पर्क सूत्र -: 9006265092, 6200504654 व 9801253445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# ग्राम पंचायत गुढा मेरी माटी-मेरा देश-अमृत कलश यात्रा को सफल बनाया गया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद उत्तर प्रदेश के बिजनौर तहसील क्षेत्र नजीबाबाद की ग्राम पंचायत गुड़ा मैं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संग्रह कर जिले में ह्यह्यमेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्राह्लह्ल कार्यक्रम की अलख जगायी। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व ऐ डीओ पंचायत राकेश कुमार, मेरी माटी मेरा देश प्रोग्राम में पहुंचकर कलश यात्रा निकाली गई । बड़ी संख्या में मोहल्ला वासियो ने कलश में अपने हिस्से का चुटकी भर अक्षत (चावल) डालकर ह्यह्यमेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्राह्लह्ल को सफल बनाने का संकल्प लिया। इससे ग्राम पंचायत गुड़ा के पंचायत भवन से शुरू होकर प्राइमरी स्कूल में समापन हुआ । मुख्य अतिथि रहे ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल का ग्राम प्रधान पति नार्वेल सिंह ने स्वागत किया गया। एडीओ पंचायत राकेश कुमार ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के



उपलक्ष्य में आयोजित एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूबकर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को संकल्पित होकर और जनसहभागिता के साथ इस महोत्सव को मनाना हमारा परम सौभाग्य होगा और ऐसे सौभाग्यमय उत्सवी रस की जन-जन तक पहुँच का सुनिश्चयन ही सरकार का परम ध्येय है। पंचायत सचिव अतुल भारती ने जनपदवासियों से अपील की कि ह्यह्यमेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्राह्लह्ल में सक्रिय सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। इस अवसर पर मुख्य पंचायत सचिव अतुल भारती, ग्राम प्रधान गढ़वाल प्रशांत कुमार, ग्राम प्रधान धीर सिंह, सतपाल सिंह, ओंकार सिंह, गीता राम, डॉक्टर जयप्रकाश ,राजपाल सिंह ,कृष्ण पाल सिंह, हरपाल सिंह, रामपाल सिंह, दौलत राम, ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# मातृ भाषा हिन्दी देश के विकास की रीढ़ - अखिलेश

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर दोहा व चौपाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।

विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने कहा कि अपनी मातृ भाषा का सम्मान करें और हिंदी बोलने में कतई संकोच न करें। प्रधानाचार्या मीनू एल. बत्रा ने कहा कि आधुनिक होना अच्छी बात है किंतु आधुनिकता की दौड़ में अपने बच्चों को केवल पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण करना केवल अंग्रेज़ियत पर बल देना है। उप प्रधानाचार्या शारदा बावेजा ने कहा कि किसी भी संवेदना, भावना, या विचार को अभिव्यक्त करने का जितना सशक्त माध्यम हिंदी है उतना संसार में किसी भी भाषा को यह दर्जा प्राप्त नहीं है। बच्चों ने भी





अपने बहुत अच्छे-अच्छे विचार प्रकट किए तत्पश्चात दोहा व चौपाई गायन प्रतियोगिता हुई। जिसमें गंगा हाउस की सृष्टि, अंशिका, हर्षिका व ज्योति यमुना हाउस की परिनिता, राबिया, सृष्टि, जान्हवी, ध्रुव हाउस की नमामि, खुशी, राधिका व साक्षी श्रीवास्तव तथा प्रहलाद हाउस के उमंग, अदिति, कषिका व कनिष्का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जिसमें गायन दोहा चौपाई हिंदी के महान लेखक व प्रश्नोत्तरी राउंड में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्या शारदा बवेजा द्वारा किया गया । इस अवसर पर शिक्षक निखिल, सपन, मेघा, तनु प्रिया, मोहनलाल आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा विजेता टीम में यमुना हाउस प्रथम गंगा व ध्रुव हाउस द्वितीय है तथा प्रहलाद हाउस तृतीय रहा । अंत में कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए प्रधानाचार्या ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

## लखनऊ यूनिवर्सिटी ने यूजी अध्यादेश में किया बड़ा बदलाव, अब स्टूडेंट्स को होगा और फायदा

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यूजी अध्यादेश को संशोधित किया है, जो 12 सितंबर 2023 को आयोजित विद्या परिषद में पारित हुआ. 2021 में लखनऊ



विश्वविद्यालय देश में पहली यूनिवर्सिटी बनी, जिसने एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को ध्यान रखते हुए चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की शुरूआत की.

इसमें हर साल प्रवेश और निकास के विकल्प उपलब्ध हैं, जबकि अधिकांश उच्च शिक्षा संस्थान अब भी ऋवढ की शुरूआत पर काम कर रहे हैं. लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्र व शिक्षकों की प्रतिक्रिया और दिसंबर 2022 में यूजीसी क्रेडिट और पाठ्यक्रम ढांचा के आधार पर अपने पाठ्यक्रम ढांचा को संशोधित कर लिया है.

# डेंगू या मलेरिया के मरीज मिलते ही गांव में तत्काल स्वास्थ्य शिविर लगाए - एसडीएम

बिसौली आई एम खान। संक्रामक रोगों को लेकर एसडीएम कल्पना जायसवाल की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई। एस-डीएम ने स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों को संक्रामक रोगों से बचाव हेतु क्षेत्र में जुट जाने के दिशा निर्देश दिए। श्रीमती जायसवाल ने कहा कि यदि किसी गांव में डेंगू या मलेरिया के मरीज मिलते हैं तो उस गांव में तत्काल स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सभी ग्रामीणों की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि उक्त



कार्य में किसी तरह की लापरवाही अक्षम्य होगी। इस अभियान में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को मिलकर सहयोग करना है। बैठक में तहसीलदार विजय कुमार, बीडीओ नितिन कुमार, डा. पवन कुमार, डा. केके त्यागी, बीईओ सतीश मिश्रा, जेई सुनील वर्मा, जहीर आलम, राजकुमार सिंह, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## कपड़ों पर इस्त्री करते समय करन्ट लगने से एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई परिजनों में मचा कोहराम।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ नगर के मौहल्ला नायक सराय निवासी मुस्कान 17 वर्ष पुत्री सलीम अहमद बृहस्पतिवार की प्रातः कमरे में कपड़ों पर इस्त्री कर रही थी। परिजनों के मुताबिक अचानक ही बिजली का एक तार उसके हाथ पर आकर गिरा जिससे करन्ट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका चार भाई दो बहनों में दूसरे नंबर की थी एवं वह बी ए प्रथम वर्ष महाविद्यालय की छात्रा थी।आज दोपहर मृतका को सपुर्द खाक कर दिया गया।

# बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा खंड विकास कार्यालय कासमपुरगढी.मे गोद भराई कार्य क्रम का आयोजन

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण। खण्ड विकास अफजलगढ़ कार्यालय कासमपुरगढी.मे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो ने इस अवसर पर रंगोली बनाई। तथा कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी अफजलगढ प्रमोद कुमार ने फीता काट कर किया। परियोजना अधिकारी बिजनौर शीतल वर्मा ने सात गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व एक छह माह के बच्चे को अन्नप्राशन करवाया।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी, सुपरवाइजर बिन्दु सिंह,व सुनीता देवी,चेतन देवी, शिखा चौहान,शमा परवीन,दीपा, आदेश, मंजु, ज्ञानवती आदि का सहयोग रहा।

# जुलूस निकालकर वकीलों ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला, प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और हापुड़ के दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

बिसौली आई एम खान। हापुड़ कांड को लेकर बार काउंसिल के आह्वान पर तहसील व सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुतले फूंके। वकीलों का कार्य बहिष्कार वृहस्पतिवार को भी जारी रहा। हापुड़ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों का आंदोलन दिन व दिन मुखर होता जा रहा है। वृहस्पतिवार को वकीलों ने तहसील परिसर स्थित धरनास्थल से आसफपुर तिराहे तक जुलूस निकाला। यहां आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। वकीलों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप शर्मा एड. ने कहा कि सरकार का रवैया अड़ियल दिख रहा है। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश भारद्वाज ने कहा कि सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार मुकदमा दर्ज हो



चुके पुलिसकर्मियों को शीघ्र गिरफ्तार कर वकीलों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे वापस ले। इस मौके पर पंकज शर्मा, ठा. नरेन्द्र सिंह, नरेश पाराशरी, दिनेश सक्सेना, अब्दुल कय्यूम, ठा. रामवीर सिंह, ह्रदेश शर्मा, विवेक यादव, अफजाल खान, राजेश भारद्वाज, अभीक्ष पाठक, कमल सक्सेना, विजयभान सिंह, मौ. जावेद, प्रदीप उपाध्याय, निर्मला कठेरिया, अल्ताफ हुसैन, सुधाकर सक्सेना, प्रेम शंकर यादव, दिनेश शर्मा, शिव शंकर पाठक, आबिद अहमद सैफी, राहुल यादव भीष्म, आशा मिश्रा, शोभित सक्सेना, तसलीम इदरीसी, जोगेन्द्र यादव, इकरार खान, जुगल किशोर शर्मा, दिनेश यादव, वीरपाल सिंह यादव, शकील खा, हरीओम शर्मा, विदित मिश्रा, रवेन्द्र मिश्रा, अंसार अली, दिग्विजय शर्मा, के.पी सिंह, नवल शर्मा, भविष्य सिंह, रामलखन यादव, मौ. आजम, सत्यपाल यादव, योगेश यादव, सौरभ मिश्रा, सचिन यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बैंती कला ग्राम पंचायत में आयोजित हुई महिला स्वयं सहायता समूह की बैठक

अयोध्या। ब्लॉक क्षेत्र के बैंती कला पंचायत भवन पर आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक बीकापुर के एडियो आई एस बी बद्रीनाथ पांडे और अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लाभ के संबंध में



टिप्स दिया। और शासन द्वारा स्वयं सहायता समूह के जरिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में बताया गया। उन्होंने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने भीतर कला कौशल विकसित होने के बाद स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकेंगी। जिसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जाता है। तथा खुद का उद्योग स्थापित करके घर के आर्थिक जरूरत को पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। उत्तर प्रदेश खाद एवं ग्राम उद्योग विभाग द्वारा घरेलू उद्योग स्थापित करने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अनुदान तथा ब्याज मुक्त ऋण भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस मौके पर अधिकारी और पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# पीएसी के खड़े ट्रक में डीसीएम की टक्कर से 4 जवान घायल

अयोध्या। कोतवाली रुदौली क्षेत्र में एनएच 27 हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में चार पीएसी के जवान व एक जेल का सिपाही घायल हो गए



हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रुदौली क्षेत्र के रौजा गांव के पास पीएसी का ट्रक पंचर हो गया था। इसी बीच पीछे से डीसीएम ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में पीएसी की दसवीं बटालियन बाराबंकी के चार जवान घायल हुए हैं। जिनका इलाज स्थानीय सीएचसी में कराया गया। वहीं एक अन्य सड़क दुर्घटना में स्कूटी से जा रहा जेल का सिपाही घायल हो गया। जवान अपनी स्कूटी से जा रहा था तभी लोहिया पुल के पास वो अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में उसका पैर फ्रैक्चर हुआ है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवती की मौत मामले में बिजली विभाग ने दिया मुआवजा

### ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने परिजनों को सौंपा मुआवजे का प्रमाण पत्र

अयोध्या। कंजी गांव में एक माह पूर्व हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से युवती की मौत मामले में बिजली विभाग ने पांच लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया है। प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने उक्त धनराशि मृतका के खाते में स्थानांतरित होने का प्रमाण पत्र परिजनों को सौपा। पीड़ित ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह को 45 दिनों के भीतर दावा स्वीकृत कराकर मुआवजा दिलाने के लिए धन्यवाद दिया।

ज्ञात हो कि खंडासा थाना क्षेत्र के कंजी गांव निवासी राम अवध की पुत्री किरन 20 वर्ष बीती 6 अगस्त की भोर में शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी तभी अचानक सड़क पर गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही झुलस कर मौत हो गई थी। पिता की सूचना पर खंडासा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मुआवजा देने का आश्वासन दिया था।

प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह के प्रयासों के चलते निर्धारित समय सीमा के अंदर ही बिजली विभाग ने दावा प्रतिपूर्ति धनराशि पीड़ित के खाते में स्थानांतरित कर दी। और अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय मिल्कीपुर एसएन यादव ने मृतक युवती के घर पहुंचकर पिता राम अवध को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमानीगंज पवन सिंह के हाथों से खाते में स्थानांतरित धनराशि का प्रमाण पत्र सौंपा। घटना के समय भी पीड़ित परिवार को प्रमुख प्रतिनिधि ने 11000 की आर्थिक सहायता दी थी। पीड़ित राम अवध ने प्रमुख प्रतिनिधि के प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद दिया।

# जिलाधिकारी ने संध्या सरोवर का किया निरीक्षण, पार्क में लैंड स्केपिंग को और बेहतरीन करने का दिया निर्देश

दैनिक समाज जागरण

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सिविल लाइन स्थित संध्या सरोवर का निरीक्षण किया तथा वहां पर विकसित की जा रही एडवेंचर एक्टिविटी एवं फूड कोर्ट और वाटर एक्टिविटी आदि कार्यों के स्थिति का भौतिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पार्क में लैंड स्केपिंग को और बेहतर करने के निर्देश दिए, उन्होंने पार्क में चल रहे विभिन्न कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने कर फूड कोर्ट व विभिन्न एडवेंचर्स को शीघ्र संचालन प्रारम्भ करने हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण के कंसल्टेंट व सम्बन्धित अधकारियों



को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने पॉर्क में घास की नियमित कटाई करने के साथ ही सम्पूर्ण पॉर्क में नियमित बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अयोध्या सिविल लाइंस स्थित संध्या सरोवर में जनपद का पहला एडवेंचर पार्क एवं फूड कोर्ट विकसित किया जा रहा है। जिसमे आने वाले लोग वहां स्थित फूड कोर्ट की 10 दुकानों पर अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे, साथ में ही पार्क के भीतर एडवेंचर एक्टिविटी एवं वाटर एक्टिविटी भी प्रारंभ किया जा रहा है का भी आनंद ले सकेंगे। एडवेंचर एक्टिविटी में जिप लाइन, वर्मा ब्रिज, स्विंग लैडर, वर्मा लूप, कमांडो क्रॉसिंग आदि के साथ वाटर एक्टिविटी में पैडल बोट, कयाकिंग एवं जोरबिंग बॉल का लोग आनंद उठा सकेंगें।

# जिला अस्पताल के बिजली के खंभे में उतरा करंट, चपेट में आया बालक

दैनिक समाज जागरण

अयोध्या। गुरुवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित ब्लड बैंक के पास एक बालक हादसे का शिकार हो गया बालक ब्लड बैंक के पास स्थित बिजली के खंभे में उतर रहे करंट के चपेट में आ गया। मामले में पीड़ित बालक का जिला चिकित्सालय के डॉक्टर से उपचार कराया गया है। बालक की हालत अब सामान्य बताई जा रही है।

बताया गया कि जनपद के मवई थाना क्षेत्र स्थित गांव बघेड़ी निवासी अमरेश अपनी पत्नी और बच्चे के



साथ गुरुवार को इलाज कराने जिला अस्पताल आए थे। चिकित्सक को दिखाने के बाद परिवार अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक के पास छाया में बैठकर आराम कर रहा था। उनका 6 वर्षीय पुत्र रितिक इधर उधर खेल रहा था और इसी दौरान लगभग 1.45 बजे बालक ब्लड बैंक के बगल स्थित बिजली के खंभे से छू गया और खंभे में करंट उतरने के चलते चिपक गया।

आसपास के लोगों की मामले पर नजर पड़ी तो मौके पर हलचल मच गई। उधर से गुजर रहे रविकांत ने अंगौछे की मदद से बच्चे को छुड़ाया और सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद कराई तथा पीड़ित बालक को इमरजेंसी ओपीडी भिजवाया। जिला अस्पताल के डाक्टर विपिन वर्मा का कहना है कि जानकारी पर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई और बच्चे का इलाज कराया गया है। अब बच्चे की हालत सामान्य है।

# गायत्री पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में हिंदी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण, निबंध, कविता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय भाषाओं



और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है क्योंकि इसी दिन हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा बनी थी। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि हिंदी के प्रख्यात विद्वान ब्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्मतिथि के अवसर पर मनाए जाने वाले इस उत्सव का उद्देश्य अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है। ऐसे में हमें अपनी राष्ट्रभाषा का सम्मान करना चाहिए। विश्वजीत मौर्या की देखरेख में आकर्ष, सुशांत, आशुतोष , निशांत, शिवांग, आर्या, अयज्ञा तिवारी, अंजली , वैष्णवी, अवंतिका, अंकित, तन्मय, श्लोक, लक्ष्मी, सची उपाध्याय, खुशनूर बानो, अर्चिता, काजल, प्रीती, शिवा, आदित्य, मयंक आदि बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# पटाखों पर बैन के बावजूद कैसे हो रहा इस्तेमाल, सोर्स का पता लगाएं: सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा

नई दिल्ली. उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद इनके इस्तेमाल पर चिंता जाहिर की. इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से कहा कि वे पटाखों के सोर्स का पता कर कार्रवाई करें.

सुप्रीम कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से कहा कि पटाखे चलाने वाले लोगों पर ही सिर्फ कार्रवाई काफी नहीं है, बल्कि बाहर से आने वाले पटाखों के सोर्स का पता लगाकर उनके खिलाफ एक्शन लेना होगा. अदालत ने कहा कि ये कार्रवाई शुरू में ही होनी चाहिए क्योंकि पटाखे छोड़े जाने के बाद कार्रवाई करने का



फायदा नहीं है.

इस पर एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि साल 2016 के बाद दिल्ली पुलिस ने किसी को पटाखे के लिए लाइसेंस नहीं दिया है और दो सालों में क्रमशः 17 हजार और 10 हजार किलो पटाखे जब्त भी किए गए हैं.

इसके बाद कोर्ट ने टिप्पणी की कि चूंकि साल 2016 के बाद से ही पटाखों पर प्रतिबंध है, लिहाजा लाइसेंस देने का वैसे भी सवाल नहीं उठता.

इससे एक दिन पहले, सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर व्यापक प्रतिबंध लगाने संबंधी दिल्ली सरकार के आदेश को लेकर हस्तक्षेप करने से बुधवार को यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि लोगों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है.

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ को बताया कि अदालत द्वारा हरित पटाखे फोड़े जाने की अनुमति दिए जाने के बावजूद पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है.

# उद्योग विभाग बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गया के समाहरणालय के सभागार में बैठक संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- अपर मुख्य सचिव उद्योग विभाग बिहार सरकार संदीप पॉन्ड्रीक की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मगध प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जिला पदाधिकारी, सभी उप विकास आयुक्त, जिला उद्योग पदाधिकारी, सभी उद्योग विस्तार पदाधिकारी तथा सभी बैंकों के वरीय अधिकारियों के साथ उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रमंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। गुरुवार के समीक्षा बैठक में उन्होंने आए हुए सभी बैंकों के जोनल तथा स्टेट लेवल के पदाधिकारी का स्वागत किया है। पीएमएफएमई योजना प्रधानमंत्री फोर्मलाईजेशन औफ माइक्रो फुड प्रोसैसिंग इंटरप्राइजेज के समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न बैंकों का विभाग स्तर पर कोऑर्डिनेशन बैठक आयोजित होते रहती है। विभिन्न बैंकों द्वारा योजनाओं के संबंध में क्या प्रगति है इसकी भी लगातार समीक्षा विभाग स्तर से की जाती है। मगध प्रमंडल के क्षेत्र में पीएमएफएमई योजना के तहत फूड प्रोसेसिंग का बहुत अच्छा माहौल है। इस वर्ष 10 हजार लाभुकों को फूड प्रोसेसिंग हेतु लोन देने का लक्ष्य प्रस्तावित है, जिसके विरुद्ध 3 हजार लाभुकों को लोन सैंक्शन किया गया है। सभी बैंक के पदाधिकारी को कहा कि प्रत्येक बैंक हर माह कम से कम 2 से 3 लोन सैंक्शन करें जिससे कम समय में टारगेट को पूर्ण किया जा सके और अधिक से अधिक लोगों को मदद पहुंचा सके। सभी ब्रांच मैनेजर अपने अच्छे विजन से कस्टमर के साथ लोन देने का कार्य करें। फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने में वर्तमान समय में काफी अच्छा इन्वेस्टमेंट है। लोग काफी बढ़-चढ़कर के इसमें सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर रहे हैं। उपस्थित सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि बैंकों में प्राप्त आवेदनों के आलोक में लोन प्रोवाइड करने में तेजी लावे। बताया गया कि नवादा में 149 आवेदन के विरुद्ध 92 लोगों को लोन सैंक्शन किया गया है। जहानाबाद में 131 आवेदन के विरुद्ध 52, गया 400 आवेदन के विरुद्ध 142, अरवल 85 आवेदन के विरुद्ध 22 , औरंगाबाद 222 आवेदन के



विरुद्ध 45 लोगों को लोन सैंक्शन किया गया है। इस प्रकार मगध प्रमंडल में कुल 987 प्राप्त आवेदनों में से 353 लोगो को लोन उपलब्ध करवा दिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि 25 सितंबर को विभाग स्तर पर कैंप का आयोजन किया गया है। सभी बैंक के अधिकारी उसमें मौजूद रहेंगे और आवेदनों को डिस्पोज करेंगे।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बताया कि गया जिले में बैंकों को लगातार काम करने के लिए निर्देश दिया जाता है परंतु यूको बैंक एवं सेंट्रल बैंक में काफी कम प्रगति देखी जा रही है। यह भी बताया कि जिला स्तर पर आयोजित बैठक में बैंकों के रिप्रेजेंटेटिव हर बार अलग-अलग आते हैं, जिसके कारण समीक्षा में थोड़ी कठिनाई होती है।अपर मुख्य सचिव ने सभी बैंकों के वरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी जिले में सभी बैंकों का डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नामित रहता है।जो जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेते हैं। इसे पूरी अच्छी तरीके से पालन करवाये।पीएमईजीपी योजना के समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवादा जिले में 223 आवेदन के विरुद्ध 165 लोगो को लोन सैंक्शन हुए हैं। गया 613 के विरुद्ध 235, जहानाबाद 202 के विरुद्ध 69, औरंगाबाद 342 के विरुद्ध 105, अरवल 128 के विरुद्ध 39 आवेदन सैंक्शन हुए हैं। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि अक्टूबर माह तक प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध हर हाल में शतप्रतिशत लोन वितरित करवाना सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के समीक्षा के दौरान कहा कि गया जिले में 775 लोगो ने मशीन संस्थापन के लिए आवेदन किया है जिसके विरुद्ध 623 लोगों को जेड सर्टिफाइड किया गया है। उसी प्रकार औरंगाबाद में 230 के विरुद्ध 75, नवादा 424 में 66, अरवल 91 में 12 एवं जहानाबाद ने 162 के विरुद्ध 12 लोगो को जेड सर्टिफाइड किया है।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को भरपूर मदद करें। गया जिले में पावर लूम का सेक्टर काफी अच्छा सेक्टर है। यहां इंडस्ट्री को और बढ़ावा दिया जा सकता है। इसमें लोगों को पूरी बढ़ चढ़कर सहयोग देना होगा। लुधियाना पुणे के बाद गया जिला चौथा नंबर पर पावर लूम में नाम गिना जाता है। इस प्रकार औरंगाबाद में सबसे अधिक राइस मिल है। वहां और अच्छे इफेक्टिव रूप से लोगों को मदद करने की आवश्यकता है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लोगो को जो इंस्टॉलमेंट के अनुसार राशि दिया जाता है उसकी टाइम टू टाइम पैसे का क्या प्रयोग किया है उसका फिजिकल वेरीफिकेशन हर हाल में करवाये। जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं बृहस्पतिवार को औचक निरीक्षण प्रस्तावित रहती है उसमें भी उद्योग विभाग की योजनाओं को भी जांच करवाते रहें हैं। यदि किसी व्यक्ति का लोन उपलब्ध हो जाता है परंतु मशीन संस्थापन नहीं करते हैं या मशीन खरीदने के बाद मशीन का प्रयोग नहीं करते हैं तो वैसे लाभुकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए राशि की रिकवरी होगी।उद्योग विभाग में जुड़े सभी लोगों को कहा कि बिहार सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर उद्योग के क्षेत्र में लाभ दिया जा रहा है उसका भरपूर सदुपयोग करें।

सभी जिला पदाधिकारी एवं बैंक के पदाधिकारी को कहा कि आने वाले दिनों में लोन के माध्यम से जो भी मशीन लोगो खरीदने के लिए दिया जाता है। उसे जियो टैग के साथ-सा यूनिक नंबर, सीरियल नंबर भी दिया जाएगा, जिससे उद्योग के क्षेत्र में और पारदर्शिता के साथ-साथ गड़बड़ी करने वालों को आसानी से चिन्हित कर लिया जाएगा। प्रथम किस्त जिन्हें मिल जाता है वह उसके तीन माह के अंदर मशीन खरीदने का कार्य कर ले, उसके पश्चात यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें जिससे द्वितीय किस्त तुरंत जनरेट हो जाएगा। सभी जिला उद्योग पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध लोन सेक्शन के पश्चात साइट वेरिफिकेशन में कोई आवेदन पेंडिंग ना रखें। सभी आवेदनों का फिजिकल वेरिफिकेशन हर हाल में करावे।इस बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रमंडल के सभी जिला पदाधिकारी, सभी उप विकास आयुक्त, निदेशक उद्योग विभाग सहित राज्य स्तर के बैंकों के पदाधिकारी उपस्थित हैं.

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 14 सितंबर 2023 :- नेशनल हाईवे 139 पर सड़क दुर्घटना में एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। यह घटना गुरुवार की दोपहर 3:30 बजे अंबा पेट्रोल पंप के समीप की है। जख्मी युवक की पहचान औरंगाबाद के बाला कर्मा गांव निवासी साबीर आलम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज से औरंगाबाद की तरफ जा रहा था उसी क्रम में



विपरीत दिशा से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे युवक सड़क पर गिर कर लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना अंबा थाना को दी गई। सूचना मिलने पर अंबा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और युवक को रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गई। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक को औरंगाबाद रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

# चंद्रशेखर साहू को मिला हिंदू सेवी सम्मान

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 14 सितंबर 2023 :- हिंदी दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्रशेखर प्रसाद साहु को हिंदी सेवी सम्मान दिया गया। इस दौरान बिहार विधान परिषद



के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर एवं सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ.अनिल सुलभ ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें विभूषित किया। चंद्रशेखर साहू कुटुंबा के निवासी हैं और मध्य विद्यालय कुटुंबा में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है। श्री साहु की दो पुस्तकें 'हमारा परिवेश और जीवन-मूल्य' (आलेख - संकलन ) और 'मुक्ति अभी शेष है' (कहानी संकलन) प्रकाशित हुई हैं।

वे समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक मंडल के सदस्य और जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, औरंगाबाद के संगठन मंत्री हैं। उन्होंने शैक्षिक ई-पत्रिका 'शिक्षा संवाद' और टीचर्स ऑफ बिहार की ई-पत्रिका का संपादन भी किया है। प्रतिष्ठित हिंदी पत्रिका 'कादम्बिनी' , 'दस्तक प्रभात' , 'समकालीन जवाबदेही' आदि पत्र-पत्रिकाओं में इनकी कई रचनाएं प्रकाशित हुई हैं । इस अवसर पर दाउदनगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक लव कुश प्रसाद सिंह को भी हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया गया। श्री साहु और श्री सिंह को यह सम्मान मिलने पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, महामंत्री धनंजय जयपुरी, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# लोकसभा प्रवास के अंतर्गत वजीरगंज विधानसभा कोर कमेटी व लाभार्थी टोली बैठक वजीरगंज में संपन्न .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- लोकसभा प्रवास के अंतर्गत वजीरगंज विधानसभा कोर कमिटी एवं लाभार्थी टोली का बैठक वजीरगंज में आहूत किया गया. बैठक की अध्यक्षता लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह के द्वारा किया गया. इस बैठक में पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद जनक राम एवं वजीरगंज विधायक बीरेंद्र सिंह उपस्थित हुए. बैठक को संबोधित करते हुए जनक राम ने कहा



बिहार में 40सीट जितने का लक्ष्य रखा गया है ,उसी लक्ष्य के अंतर्गत लाभार्थी टोली प्रत्येक बूथ पर जाकर भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 9 साल सेवा सुशासन गरीब कल्याण में किए गए कार्यों को बतलाए, बिहार की जनता पूरे बिहार से महागठबंधन को पराजित करने के लिए तैयार हैं. आप सभी भाजपा कार्यकताओं मोदी जी के किए गए कार्यों को बतलाना है .हम बिहार लोकसभा के 40 में 40 सीट जीतकर मोदी जी को फिर एक बार भाजपा सरकार बनाने में कामयाब होंगे.आज के बैठक में जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा,महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी,अखौरी निरंजन जिला मंत्री बिनोद सिंह,मीना कुमारी,मंडल अध्यक्ष बाला सिंह,संजय सिंह,विकाश कुमार , आई टी सेल के रंजीत सिंह ने अपना - अपना विचार व्यक्त किया.

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता तथा नये कीर्तिमान स्थापित करने में विधि संघ और अधिवक्ता संघ के साथ-साथ सभी अधिवक्ताओं की भूमिका सराहनीय- जिला जज

**दैनिक समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता / धनंजय कुमार ,विधि संवाददाता ,बिहार -झारखंड प्रदेश।**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 09 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन तथा अबतक इस जिला के लिए रिकॉर्ड वादों के निष्तारण में सहयोग के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी द्वारा अपने प्रकोष्ठ में जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह, जिला विधि संघ के सचिव, नागेन्द्र सिंह सहित जिला विधि संघ के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बुलाकर उनके योगदान और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी के सक्रिय सहयोग के लिए सराहा गया तथा जिला जज द्वारा कहा गया कि इस बार का राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता का श्रेय विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के सदस्यों के नि-स्वार्थ सहयोग एवं पक्षकारो को उनके द्वारा वाद के समापन कराने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण योगदान है।

विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के सदस्य का अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं होता तो आज राष्ट्रीय लोक अदालत अपनी पूर्व की सफलताओं का रिकॉर्ड नहीं तोड़ता और लोक अदालत में अपने वादों के निस्तारण हेतु लोगो का विश्वास उत्पन्न नहीं कर पाता । आप सभी का सहयोग निरंतर मिलता रहे और आगे भी आपकी भूमिका पूर्ण सहयोग का बना रहे यह लोक अदालत की सफलता के साथ-साथ इस बार का राष्ट्रीय लोक



अदालत अपने ही कीर्तिमान को ध्वस्त किया है जिसके लिए आप सभी को बधाई तथा आप सभी से न्यायिक व्यवस्था में अपेक्षित सहयोग हेतु सकारात्मक सुझाव एवं सुधार हेतु पहल करें और मैं आपको विश्वास दिलाता हू कि जितना हो सकता है हम सभी मिलकर आपके सुझाव पर अमल करेगें।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर ने बताया कि जब कभी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को विधि संघ के सदस्यों की जरूरत वाद के निष्पादन अथवा प्राधिकार से जुड़े अन्य तकनीकी कार्यो में पड़ी है तब-तब अधिवक्ता बन्धु चाहे वे विधि संघ से जुड़े हो या अधिवक्ता संघ से जुड़े हैं सहर्ष सहयोग हेतु तत्पर रहे हैं जिसकी परिणति हमेशा ही सुखद एवं फलदायक रही है जिसकी प्रतिफल के रूप इस बार का राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड सफलता के रूप में दर्ज हो चुका है।

जिला विधि संघ के कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा जिला जज श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अबतक की सबसे बड़ी सफलता हेतु प्रशस्ति-पत्र एवं पुष्प-गुच्छ प्रदान किया गया एवं कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता का श्रेय आप दोनों का कुशल नेतृत्व से संभव हुआ है एवं उम्मीद की जाती है कि इसी तरह आप सभी का सहयोग विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ को प्राप्त होता रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में मीडिया की पहुँच को देखते हुए जिला जज के द्वारा कहा गया कि आप यूं ही अपनी उर्जा को सतत भलाई के लिए उपयोग करते रहें।

# नबीनगर के कंकेर पैक्स अध्यक्ष ने थामा राष्ट्रीय लोक जनता दल का दामन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 14 सितम्बर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के कंकेर पैक्स अध्यक्ष बड़ेम निवासी उदय कुमार सिंह ने उपेंद्र



कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल का दामन थाम लिया है।बुधवार को बड़ेम स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में आयोजित एक समारोह में उदय कुमार सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा के समक्ष राष्ट्रीय लोक जनता दल में शामिल हो गए। क्षेत्र में उदय कुमार सिंह की छवि एक साफ सुथरे और सामाजिक व्यक्ति के रूप में है। इस समारोह मे गोह के पूर्व विधायक डॉ रणविजय कुमार और राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि उदय सिंह को पार्टी मे शामिल होने से एनडीए को मजबूती मिलेगी वही उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि उदय कुमार सिंह को पार्टी मे शामिल होने से काराकाट लोक सभा क्षेत्र मे पार्टी को मजबूती मिलेगी वही घमंडिया गठबंधन मे कई कारणों से दुविधा है।

कार्यक्रम मे राजकुमार राम,बिक्रम राम,मराछू कुमार सहित सैकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद थे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में नए अध्यक्ष को अंग वस्त्र व पुष्प का माला पहनाकर भव्य तरीके से किया गया अभिनंदन- श्रीमती सिंधु जैन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया जिला के टेकरी स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में नए अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार को अंग वस्त्र एवं पुष्प का माला पहनाकर सदस्यों ने भव्य तरीके से स्वागत करते हुए अभिनंदन किया .रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष मुनेश्वर शर्मा ने अध्यक्ष को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. वहीं उपस्थित सदस्यों ने पुष्प का माला पहनाकर स्वागत किया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय का चौमुखी विकास करना एवं समस्याओं से निजात दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. ऐसे तो संस्था के सचिव जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने अध्यक्ष के समक्ष संस्था के कार्यकलापों की जानकारियां प्रस्तुत किया. वही सदस्यों ने संस्था को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं संस्था को राजनीतिक के शिकार होने से बचाने को लेकर नए अध्यक्ष से गुहार लगाया. ऐसे तो कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया. अब देखना है कि नए अध्यक्ष सदस्यों की मांगों पर अगला कदम क्या उठा पाते हैं यह तो आने वाला वक्त बताएगा. लेकिन स्वयंसेवी संस्था भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी टेकरी के कार्यालय पर ग्रहण लगना टेकरीवासियो के लिए अच्छा संकेत नहीं है. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित होने वालों में जितेंद्र कुमार मिश्रा ,बृजमोहन शर्मा, संजय जैन ,श्रीमती सिंधु जैन ,शंभू केसरी, मृत्युंजय शर्मा , चंदन गुप्ता, सचिन सिन्हा ,जगत राम सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है.उक्त जानकारी संस्था के सदस्य श्रीमती सिंधु जैन मीडिया से भेंटवार्ता के दौरान कही.

# महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बोधगया में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में एकदिवसीय क्षेत्रीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल .**

गया (बिहार)- महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र, बोधगया में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय क्षेत्रीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गया, नवादा, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर एवं जहानाबाद में कार्यरत जिला परियोजना प्रबंधकों, विषयगत प्रबंधकों एवं इन जिलों के सभी 86 प्रखंडों में कार्यरत प्रखंड परियोजना प्रबंधकों ने भाग लिया है। इस अवसर पर जीविका दीदियों द्वारा निर्मित एवं बिक्री किये जाने वाले उत्पादों जैसे कृत्रिम चूड़ी, पत्तर की मूर्तियों, जूट के बैग, मोबाइल रिपेयरिंग स्टॉल, ग्राहक सेवा केंद्र, नीरा की मिठाई, पोषक आहार वीटामिक्स, जे-वायर्स के सोलर उत्पाद आदि की प्रदर्शनी लगाई गई जसका निरक्षण मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारीयों ने किया है। उन्होंने दीदियों द्वारा निर्मित हस्त शिल्प से जुड़े उत्पादों की तारीफ भी की है। इस मौके पर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार ने अधिकारीयों संग समीक्षा करते हुए कहा हमें जीविका दीदियों को विभिन्न योजनों के माध्यम से लाभ पहुँचा जीविकोपार्जन गतिविधियों से जोड़ना है। समाधान यत्रा दौरान बहुत कुछ देखने को मिला है। सभी को निर्देश दिया कि एसएचजी से ऋण के अतिरिक्त पीएमएफएमई योजना के माध्यम से जीविका दीदियों के व्यापार में वृद्धि की दिशा में कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत चयनित अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए दो लाख तक की राशि परियोजना के माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आप उसी अनुरूप योजना बनाकर कर कार्य करें। उन्होंने कहा जीविका के माध्यम से आपको सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कार्य करने का सुअवसर मिला है। इसके महत्व को समझे। ये अवसर सभी को नहीं मिलता



है।अच्छा कार्य करने वाले प्रखंडों की तारीफ की।गया के सुदूर ग्रामीण प्रखंड मोहरा में अच्छा कार्य करने के लिए प्रखंड परियोजना प्रबंधक मोहरा एवं उनके टीम की तारीफ की है। इसके साथ ही जीविका दीदी की रसोई द्वारा निर्मित भोजन की तारीफ की है।

राज्य परियोजना प्रबंधक समीर कुमार ने कहा कि बिहार के 87 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जान जाति आवासीय विद्यालयों में जीविका दीदी की रसोई के मध्यम से भोजन उपलब्ध करना है जिसमें सबसे अधिक 14 एससी, एसटी आवासीय गया जिले में है। जहाँ जल्द से जल्द कार्य शुरू करने की जरुरत है।

महिला सामुदायिक संगठनों के विषय में चर्चा करते हुए जीविका निदेशक राम निरंजन सिंह कहा आपको जीविका के महत्व को समझना पड़ेगा। बिहार में गरीबी उन्मूलन के लिए इससे बेहतर कोई और विकल्प अभी नहीं है। जिस प्रकार जीविका स्वयं सहयता समूहों के माध्यम ग्रामीण महिलाओं के जीविकोपार्जन में वृद्धि के लिए सरकार एवं बैंकों के सहयोग से ऋण उपलब्धता की लगतार बढ़ रही है। आपको इसके लिए और उत्साह से कार्य करना होगा। संगठनों की मजबूती प्रदान करने के लिए जीविका से जुड़े विभन्न कैडरों को आंदोलित करना होगा। सभी परियोजना कर्मियों को भी लगातार स्वयं सहयता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संघों बैठकों में भाग लेना होगा।विशेष कार्य पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि किसी भी परियोजना में नीति निर्माण एक पक्ष होता है।दूसरा उसका प्रबंधन एवं समन्वयन, तीसरा क्रियान्वयन। परियोजना के धरातल पर क्रियान्वयन करने में प्रखंड परियोजना प्रबंधकों की अहम भूमिका है। आज जीविका को पुरे भारत में बेहतर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का दर्जा मिल रहा है इसमें आप सबकी, विशेष रूप से प्रखंड स्तरीय टीम की अहम भूमिका है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना समन्वयन इकाई, गया द्वारा किया गया था ।जिसमें इस प्राधिकारियों के अतिरिक्त विषयगत राज्य परियोजना प्रबंधकों, परियोजना प्रबंधकों, जिला परियोजना प्रबंधकों, जिला स्तरीय विषयगत प्रबंधकों, प्रखंड परियोजना प्रबंधकों एवं अन्य कर्मियों सहित लगभग 300 लोगों ने भाग लिया है।

# नबीनगर के राजबरिया गांव से एक शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 14 सितंबर 2023औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के राजबरिया गांव के समीप से पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार



किया है ।पुलिस गश्ती दल मे ए एस आई दीपक कुमार सिंह एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। गश्ती के दौरान शराब पीकर नशे मे हंगामा कर रहे संजीव कुमार पासवान पिता गोविंद पासवान ग्राम रजवारिया कला खेदन बीघा थाना नबीनगर जिला औरंगाबाद को मौके से गिरफ्तार कर लिया।रेफरल अस्पताल नबीनगर मे मेडिकल जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि की गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए बिना देश की प्रगति असंभव : माधव

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- डॉक्टर विवेकानंद मिश्र स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सा भवन में कौटिल्य मंच के तत्वावधान में हिंदी दिवस मनाया गया.सभा की अध्यक्षता बिहार के जाने-माने साहित्यकार और विभिन्न शैक्षिक सामाजिक संगठनों से जुड़े राधामोहन मिश्र माधव ने किया. उन्होंने अपने संबोधन में माधव जी ने सरकार से हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने में हो रहे विलंब पर चिंता व्यक्त किया. उन्होंने 14 सितंबर 1947 को संविधान सभा के निर्णय का याद दिलाते हुए कहा कि राष्ट्रभाषा हिंदी ही संवैधानिक राजभाषा अर्थात देश की आधिकारिक भाषा होगी, किंतु सरकारी इच्छा शक्ति की कमी के कारण आज तक यह वही का वहीं रह गया. जबकि अब तो हिंदी की वैश्विक पहचान है, मोदी जी जैसे कुशल सशक्त नेतृत्व है. दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सरकार है. तो अब शीघ्र निर्णय लेने की आवश्यकता है. अच्छा नहीं लगता यह भाषाभाषियों की दृष्टि से देश की विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने कहा कि हिंदी देश के जन-जन की यह भाषा आज भी अपेक्षित है ,जबकि राष्ट्रीय एकता के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी इसे समुचित स्थान मिलनी चाहिए है.मगध विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो उमेशचंद्र मिश्र शिव ने हिंदी को विश्व की अग्रणी समृद्ध भाषा बताया. यह राजभाषा की अधिकारिणी है.

आल इंडिया जुलौजी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो बी एन पांडेय ने कहा कि हिंदी में वैज्ञानिक एवं तकनीकी पुस्तकों की रचना एवं अनुवाद होना चाहिये.मगध विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो विपिनविहारी द्विवेदी ने कहा कि हिंदी में तुलसीदास सूरदास कबीर दास जैसे रचनाकार रामचरितमानस जैसा महान काव्य है.यह राजभाषा पद की पूर्ण अधिकारिणी है.प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पूर्व प्राचार्य डा रामसिंहासन सिंह ने हिंदी प्रेमियों को हिंदी की गरिमा बताते हुए कहा कि हिंदी सर्वसमर्थ और ललित भाषा है.सिद्धनाथ मिश्रा अश्वनी तिवारी डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज एवं शिवचरण डालमिया ने कहा कि हिंदी इसमें प्रभूत परिमाण में साहित्य सृजन हुआ है.कतिपय हिंदी प्रेमियों ने इंटरनेट संदेश भेजकर उत्साह वर्धन किये. ऐसे लोगों में अनेक सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष श्री कृष्ण वल्लभ शर्मा योगीराज रवि भूषण पाठक दिव्यरश्मि के संपादक डा राकेशदत्त मिश्र प्रो जयदेव मिश्र प्रो एच ओ आर्य डा सुधांशुशेखर मिश्र डा सच्चिदानंद पाठक कवयित्री प्रेमा मिश्रा योगेश्वर त्रिवेदी श्यामाशंकर त्रिपाठी विवेकानंद शुक्ला आदि हैं.प्रमुख उपस्थित हिंदी प्रेमियों के नाम -डा किरण पाठक ,डा मृदुला मिश्रा ,रुकमणी पाठक , रविभूषण भट्ट, शंभू गिरी ,नीरज वर्मा ,पिंकू कुमारी, विनयलाल टाटक, किरण पांडेय, मोहम्मद सद्दाम ,भोला सिंह ,पंडित निशिकांत मिश्रा, नीलम कुमारी, पवन मिश्रा ,रंजीत पाठक, कविता राउत, आचार्य अभय पाठक ,बालेंद्र पांडेय ,अनीता देवी, दीपक पाठक, पीयूषा गुप्ता, आदि हैं. भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्षआचार्य बालमुकुंद मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर में किया गया हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ 29 तक चलेगा कार्यक्रम

अनूपपुर (ब्यूरो)14 सितंबर 2023 को केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर में हिंदी



दिवस एवं हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।सर्वप्रथम केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने हिंदी विषय पर अभिनय गीत 'आलू कचालू' की मधुर प्रस्तुती दी।कक्षा नौवीं की छात्रा रौनक धारिया ने हिंदी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्राचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा के विषय में क्यों,कब,कैसे,मनाने का कारण,इस पर विस्तार पूर्वक अपने विचार व्यक्त किए।विद्यालय प्राचार्य श्री तिवारी ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली एवम केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के निर्देशन एवम मार्गदर्शन में केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा।जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।तथा हिंदी पखवाड़े के समापन के अवसर पर दिनांक 29 सितंबर को पुरस्कार वितरण का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में आर.जी.प्रजापति ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पाली जनपद के 13 ग्राम पंचायतो में होगी मोबिलाइजर की भर्ती

### *18 सितंबर तक जमा होने दस्तावेज*

उमरिया:- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएएस) अंतर्गत ऐसी गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु मोबिलाइजर का चयन पाली जनपद ग्राम पंचायत अमिलिहा, बन्नोदा, बेली, चंदनिया,गोरैया, महरोइ, मालाचुआ, ममान, मुदारिया, रौगढ़, सेमरिहा,सुन्दरदादर,सहित ग्राम पंचायत तिवनी,मोबिलाइजर की भर्ती किया जाना है।उक्त पत्र जारी करते हुए जनपद पंचायत पाली मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने पत्र क्र०/ज.प./स्था./2022-23/3077 एवम आयुक्त पंचाययती राज संचनालय म०प्र० का पत्र क्रमांक/22436/पंचाययतीराज/आरजीएएस/एफ 83/2023/भोपाल दिनांक 09/08/2023/को उपरोक्त विषया अंतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। जिसके द्वारा पेसा गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु रिक्त ग्राम पंचायतों में पेसा मोबलाइजर का चयन किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश का पालन मुख्यकार्य पालन अधिकारी जिला उमरिया एवम संचनालय म० प्र० भोपाल समस्त पत्र संग्लन कर भेजा जा रहा है। उपरोक्त मोबिलाइजर भर्ती की जानकारी प्राप्त कर 18/09/2023 तक मोबिलाइजर भर्ती सम्बंधित समस्त दस्तावेज शाखा कार्यालय में शाखा प्रभारी के पास जमा कर जिसके बाद मोबिलाइजर भर्ती की अग्रिम कार्यवाही की जा सके। बता दें कि मोबिलाइजर भर्ती से ग्राम पंचायतों में पढ़े लिखे युवक/युवतियो के लिए रोजगार के एक नए साधन के रूप में वरदान साबित हो रहा है।

## महर्षि अरविंद जन्म जयंती के उपलक्ष्य में ज़िला स्तरीय व्याख्यान माला आयोजित

### *चेतना में परिवर्तन ही विकासः-प्रचारक आष्तिक अग्निहोत्री*

उमारिया:- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 152 वी महर्षि अरविंद जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को ज़िला स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन उमरिया जिला पंचायत सभागार संपन्न हुई । व्याख्यान माला का आयोजन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक आस्तिक अग्निहोत्री विशिष्ठ अतिथि महर्षि अरविंद संस्थान के विवेक श्रीवास्तव कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर जिला प्रचारक आस्तिक अग्निहोत्री जी ने कहा कि महर्षि अरविंद के अनुसार विकास का तात्पर्य केवल शारीरिक विकास से नहीं हैं, चेतना में परिवर्तन ही विकास है ब्लकि महर्षि अरविंद एक योगी, द्रष्टा, दार्शनिक, कवि और राष्ट्रवादी थे। जिन्होंने आध्यात्मिक विकास के माध्यम से पृथ्वी पर दिव्य जीवन के दर्शन को प्रतिपादित किया। विशिष्ठ अतिथि विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि महर्षि अरविंद ने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा भी उत्तीर्ण की, किंतु राष्ट्रहित के लिये कार्य करने के लिये उन्होंने अध्यात्म को चुना। महर्षि अरविंद ने कई कि ताबे लिखी, वो जो जानना चाहते थे, उसे जानकर ही रहते थे। उन्होंने दो नियमों का प्रतिपादन किया जिसने एक नियम योग्य का था जिसमें सत्य, चित, आनंद का सिद्धांत और दूसरा विकास का सिद्धांत जिसमें बताया कि किस प्रकार शिक्षा को संस्कारी बनाये, सेवा में लगाएं, सबके सम्मुख संवाद रख सके, संतों के साथ जुड़ सके।ह्वआज के महर्षि अरविंद जन्म जयंती व्याख्यान माला में जिला समन्यवक रवींद्र शुक्ला ब्लॉक समन्वयक महेंद्र सिंह तराम प्रस्फुटन समिति सदस्य,नवांकुर संस्था के सदस्य सीएमसीएलडीपी के छात्र/छात्राएं,वॉलंटियर्स तथा परिषद से जुड़े अन्य स्वैच्छिक संगठनों के 300 से अधिक सदस्यों व पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता ली।

## तहसील अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न

विष्णुदेव सिंह अध्यक्ष, सचिव पद पर सुशांत की ताजपोशी

बिरसिंहपुर पाली----- तहसील अधिवक्ता संघ पाली का चुनाव आज गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ जिसमें से अध्यक्ष समेत कार्यकारणी सदस्यों का निर्वाचन संपन्न हुआ। मतदान के बाद मतगणना का काम शुरू हुआ , जिसमें अध्यक्ष पद पर नवयुवक अधिवक्ता विष्णुदेव सिंह चौहान ने 29 मत पाकर निर्वाचित घोषित किए गए , वहीं पर उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा को 27 मत मिले । अध्यक्ष पद पर आसीन आत्मा राम अवधिया जो फिर से इस चुनाव में अभ्यर्थी थे 13 मत हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे तो अधिवक्ता मुकेश गुप्ता को कुल 02 मत हासिल कर संतोष करना पड़ा ।

अधिवक्ता संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष के पद पर राजेश त्रिपाठी और पी पी गोस्वामी के बीच संपन्न हुआ, जिसमें राजेश त्रिपाठी को 40 मत हासिल कर विजयी घोषित किया गया वहीं पर निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 31 मत मिले ।सचिव पद पर सुशांत सक्सेना और अजय शिवहरे के बीच सीधा मुकाबला रहा, जिसमें सुशांत सक्सेना को 40 मत हासिल कर 09 मत से विजयी हुए , जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 31 मतों से संतोष करना पड़ा । सहसचिव पद पर रामप्रकाश विश्वकर्मा और बसंत तिवारी के बीच चुनाव हुआ जिसमें कुल 71 मत पड़े, जिनमें 01 मत को अविधिमान्य घोषित किया गया तत्पश्चात रामप्रकाश विश्वकर्मा को 43 मत प्राप्त हुए जबकि बसंत तिवारी को कुल 27 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में अरविन्द गुप्ता और चंद्र दत्त गुप्ता के बीच लडा गया , जिसमें से पड़े विधिमान्य मतों में से अरविन्द गुप्ता को 41 मत प्राप्त कर विजयी घोषित किए गये, जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 30 मत ही मिले । कार्यकारणी सदस्य के चुनाव में छः प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपने किस्मत को आजमा रहे थे , जिनमें से पांच सदस्यों को ही चुना जाना था , जिसके परिणामस्वरूप दुर्गा दत्त तिवारी 60 मत , आशिक हुसैन 58 मत , दिलीप कुमार मेहरा को 56 मत , रामजी गुप्ता को 50 मत, और अशोक कुमार चतुर्वेदी को 46 मत पाकर सभी को विजई की घोषणा की गयी, जबकि छठवें प्रत्याशी बृजेश तिवारी को कुल 27 मत पाकर पराजय का मुंह देखना पड़ा । तहसील अधिवक्ता संघ के इस चुनाव में यद्यपि सभी प्रतिष्ठा के साथ मैदान में थे , लेकिन सर्वाधिक निराशा अध्यक्ष प्रत्याशी सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा को लगी , चूंकि वर्ष 2019 के अध्यक्ष पद के चुनाव में भी उन्हें 03 मत से गणेश गुप्ता से बाजी हार गये थे , इस बार भी उनकी प्रतिष्ठा में आंच आ गयी ।

## ग्राम पंचायत माली में सामाजिक संपरीक्षा सभा का आयोजन

उमरिया। उमरिया जिले के पर्वतीय अंचल आकाशकोट में आज दिनांक 13 सितंबर 2023 को ग्राम पंचायत माली के चार गांवों माली,अमुवारी,कछरा टोला और तुम्मादर की सामाजिक संपरीक्षा सभा पंचायत भवन

माली में आयोजित हुई। शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता लाने, विभागों को जवाबदेह बनाने और समुदाय के लोगों को निगरानी प्रक्रिया में सहभागिता करने के उद्देश्य से विकास संवाद समिति की अगवानी में ग्राम पंचायत के नागरिक, सामुदायिक कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभा में सहभागी रहे। महिला बाल विकास विभाग से ब्लाक समन्वयक विनोद कुशवाहा एवं सुपरवाइजर सरिता सिंह जनपद सदस्य संतराम सिंह सरपंच रीता सिंह मरकाम सचिव संतोष यादव रोजगार सहायक कमलभान सिंह शिक्षक जयकरण सिंह मरावी

राहुल नागपूरे की उपस्थिति में सामाजिक संपरीक्षा सम्पन्न हुई।सामाजिक संपरीक्षा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत चार प्रमुख हकदारियों को लेकर ग्राम पंचायत माली के चार गांव के मध्याह्न भोजन योजना, आंगनबाड़ी, खाद्य सुरक्षा और मातृवंदना योजना के हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी आवश्यक रिकॉर्ड का सर्वे में प्राप्त जानकारी से मिलान कर किया गया। इससे पहले संपरीक्षा दल के साथियों द्वारा ग्राम पंचायत माली के 4 गाँवों में घर-घर जाकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली , समेकित बाल विकास योजना, मध्याह्न भोजन योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की पिछले तीन महीने मई, जून और जुलाई की जानकारी सर्वे पत्रक में संकलित की गई । इसके बाद सार्वजानिक वितरण प्रणाली राशन दूकान माली से पिछले 3 महीनों मई, जून और जुलाई में खाद्यान आवंटन की प्रमाणित छायाप्रति, ग्राम माली,तुम्मादर,कछरा टोला और अमुवारी के आंगनवाडी केन्द्रों से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की सूची, 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों की जनकारी, 3 से 6 वर्ष के बच्चों की सूची,पिछले 3 माह मई, जून और जुलाई में पोषण आहार वितरण की प्रमाणित सूची, पिछले 3 महीनो में मई, जून और जुलाई में मातृवंदना योजना के तहत पात्र महिलाओं को मिलने वाली राशि की जानकारी की प्रमाणित छायाप्रति से प्राप्त की गई।ग्राम पंचायत माली के चारों गांव के शसकीय विद्यालयों से पिछले 3 माह मई, जून और जुलाई में बच्चों की सूची, और बच्चों को पिछले 3 माह में दिए जाने वाले मध्यान भोजन की प्रमाणित सूची भी प्राप्त की गई।

सामाजिक संपरीक्षा सभा में विकास संवाद समिति के जिला समन्वयक भूपेंद्र त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी, खाद्य सुरक्षा, मध्याह्न भोजन और मातृवंदना योजना के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्हें संतोष जनक बताया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना सिंह और मीना महार ने बताया कि कभी कभी पोषण आहार विलम्ब से आता है। इस कारण हमसे पैकेट समायोजित करने में देर हो जाती है। महिला एवं बाल विकास परियोजना की सरिता सिंह ने कहा कुपोषित बच्चों को उमरिया भेजने में उनके परिवार को प्रेरित करने में सामाजिक कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक विभाग की मदद करें। सभा में कुसुम सिंह और कलावती सिंह नाम की नवविवाहिता महिलाओं के नाम समग्र पोर्टल में जोड़ने हेतु आवेदन सचिव को सौंपे गए। कछरा टोला में आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृति के बाद भी अभी तक न बन पाने का मुद्दा लोगों ने उठाया जनपद सदस्य संतराम सिंह परस्ते ने इस मुद्दे को अपने स्तर पर सुलझाने का आश्वासन दिया। सामाजिक संपरीक्षा में आए डॉ अभय पाण्डेय ने सामाजिक अंकेक्षण का महत्व समझाते हुए बताया कि ग्राम विकास का पैसा हमारा है उसका हिसाब रखना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए कर्मचारियों से बिना विवाद किए हिसाब मांगना हमारा अधिकार है। ग्राम सरपंच माली रीता सिंह सभी ग्रामीण और विकास संवाद के सदस्यों का आभार जताया। सभा में विकास संवाद के सामुदायिक कार्यकर्ता नगीना सिंह, फूलबाई सिंह,सम्पत नामदेव, जीतेन्द्र गौतम और राष्ट्रीय युवा संगठन के सोशल एक्टिविस्ट सचिन त्रिपाठी और महेश अजनबी उपस्थित रहे।

## रेल्वे क्षेत्र में करेंट की चपेट में आई गौवंश, हुई मौत


बुढ़ार।

जिले के बुढार रेल्वे क्षेत्र में आज सुबह करेंट की चपेट में आनें से एक गौवंश की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बुढ़ार रेल्वे कालोनी में सड़क के किनारे लगे एक बिजली के पोल के नजदीक एक गौवंश घूम रही थी। अचानक वह वहीं लगे बिजली के पोल के नजदीक गई और लोहे के बिजली के लगे पोल के संपर्क में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद जहां रेल्वे प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामनें आई हैं वहीं सवाल यह भी हैं कि यदि व्यस्ततम सड़क से लगे इस लोहे के पोल के संपर्क में यदि कोई व्यक्ति आया होता तो बड़ी दुर्घटना सामने आ सकती थी। जानकारी के मुताबिक इस घटना के बाद रेल्वे द्वारा इलेक्टिक सप्लाई को बंद कर गौवंश को अलग कर दिया गया।

## वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश तिवारी को अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किये जानें से हर्ष व्याप्त

बिहार। जानें-मानें वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश तिवारी को अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किये जानें पर अधिवक्ताओं तथा स्नेही जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धर्मनाथ प्रसाद यादव एवं राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कुमार शुक्ला ने बार काउंसलिंग भवन पटना (बिहार) हाई कोर्ट प्रांगण पर वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश तिवारी को अखिल



भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया।

अधिवक्ता सत्य प्रकाश तिवारी की इस नियुक्ति के साथ ही उन्हें भारत के उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों में अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी के नियुक्ति के लिये प्राधिकृत किया गया है।

## गुड्डू के नेटवर्क पर कब चलेगा प्रशासन का चाबुक, बेखौफ चल रहा कबाड़ कारोबार

कोयलांचल।

जिले का कोयलांचल क्षेत्र जहां कोयले के कारोबार के लिये जाना पहचाना जाता है वहीं इस क्षेत्र की पहचान जिले में ऐसे तमाम अनैतिक कारोबार से भी हैं जिस पर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों का चाबुक निरंतर चलता रहता है। बीते वर्षों में कोयलांचल में आपरेशन शंखनाद, कबाड़ माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही, जुंआ - सट्टा सहित नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही कर सख्त संदेश दिया गया था कि समाज में ऐसे कारोबारों की न जगह है और न इसे पनपनें दिया जायेगा।

पुलिस की इस कार्यवाही के बाद जहां कोयलांचल में इस तरह के अवैध कारोबार पर लगाम लगी थी। वहीं बीते कुछ दिनों से इस क्षेत्र में इन कारोबारों से जुडे तमाम लोग एक बार फिर सक्रिय होते दिखाई दे रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि समूचे कोयलांचल में जहां अंकगणित के कारोबारी इन दिनों सक्रिय हैं वहीं कबाड़ व्यवसाय से जुडे कारोबारी एक बार फिर सक्रिय है।

धनपुरी में गुड्डू चमका रहा व्यापार

कबाड़ का कारोबार भले ही रद्दी पुट्ठो का हो लेकिन इस कारोबार में ऐसे तमाम पेंच हैं जिससे जुड़कर कबाड़ कारोबारी लाखों कमा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि धनपुरी में इन दिनों गुड्डू नामक कबाडी अपनें कारोबार पर चार चांद लगानें में जुटा हुआ है। सूत्रों नें बताया कि तमाम प्रतिबंधित कबाड़ भी गुड्डू के विभिन्न ठीहों से खपाया जा रहा है। जानकारो ने बताया कि गुड्डू के कबाड़ कारोबारियों के इस तमाम नेटवर्क की जानकारी स्थानीय स्तर पर कुछ जिम्मेदारों को भी हैं जिसके चलते इन पर कार्यवाही नहीं हो पा रही हैं। एक तरफ जहां शहर के रिहायशी क्षेत्र में गुड्डू इन दिनों दो स्थानों पर कबाड़ कारोबार संचालित किये हुये हैं वहीं उसके ऐसे तमाम गुप्त ठिकानें भी हैं जहां से रात के अंधेरे में प्रतिबंधित कबाड़ परिवहन किया जा रहा हैं। जानकार बताते हैं अपनें दिखने वाले ठिकानों में गुड्डू महज रद्दी पुट्ठे और प्लास्टिक दिखाकर लगातार इस कारोबार से लाखों का व्यापार



करनें में जुटा है।

7 लोगों की मौत के बाद हो चुकी है कार्यवाही

बीते कुछ माह पूर्व कोयलांचल के एक बंद पड़ी खदान में कबाड़ चोरी करनें गये 7 लोगों की मौत के बाद समूचा प्रदेश हिल गया था। इस घटना के बाद कबाड़ कारोबारियों पर वदीर्धारियों नें कार्यवाही करते हुये सबसे पहले धनपुरी के गुड्डू नामक कबाडी.के ही कारोबार पर कार्यवाही की थी। जानकार बताते हैं कि कोयलांचल में ऐसे तमाम कबाड़ चोर हैं जिनका नेटवर्क गुड्डू से था। सूत्रों नें बताया कि इस कार्यवाही के बाद गुड्डू जहां कुछ दिनों तक अंडरग्राउंड हो गया था वहीं अब उसका कारोबार एक फिर पैर पसार रहा हैं।

स्थानीय थानें में 6 मुकदमें दर्ज

गौरतलब है कि गुड्डू कबाडी पर स्थानीय थानें में विभिन्न गंभीर धाराओं में 6 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। बावजूद इसके गुड्डू के कारोबार पर अबतक अंकुश नहीं लग सका है। जानकारों नें बताया कि अपनें तमाम ठिकानों से गुड्डू अब भी चोरी के कबाड़ खरीदनें से लेकर उसे खपानें का कारोबार संचालित किये हुये हैं। एक तरफ जहां जिले के अनीस सहित कोयलांचल के आरिफ, ताजिम जैसे तमाम अपराधियों पर जिलाबदर की कार्यवाही कर प्रशासन नें इस तरह के कारोबार से जुडे अपराधियों पर लगाम लगानें का सख्त संदेश दिया वहीं गुड्डू जैसे कबाडी. अब खुलेआम अपनें कारोबार पर चार चांद लगाते हुये अपनें नेटवर्क को मजबूत करनें में लगे हुये हैं।

## खुली खदान रोड सेल के नाम पर मची है लूट, , मजदूरों से छठवाया जा रहा कोयला

अनूपपुर जिले के सबसे अंतिम छोर पर स्थित जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत राजनगर ओपन कास्ट में रोड सेल के नाम पर लूट मची हुई है यहां पर वाहन मालिकों से मनमाना पैसा वसूला जा रहा है तो कोयले के नाम पर सेल एवं पत्थर भी लोड कराई जा रहे हैं और तो और मजदूरों से कोयला छटवाने का काम भी यहां पर कराया जा रहा है ! बताया गया कि रोड सेल में एक कर्मचारी है जो अपने आप को सत्ता पक्ष का नेता बताते हुए अपना दबदबा रोड सेल में कायम रखा हुआ है इस कर्मचारी के इशारे पर यहां पर मनमानी एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ! ,अनूपपुर। जिले में वैसे तो कई कोयले की खदान संचालित है और इन कोयले की खदानों में रोड सेल के माध्यम से कोयले की बिक्री की जाती है लेकिन इस बिक्री के दौरान कॉलरी में पदस्थ कर्मचारी एवं अधिकारी मनमानी पर उतारू है एवं जमकर भ्रष्टाचार को अंजाम भी दे रहे हैं ! जिसका नतीजा यह है कि यहां पर आने वाले वाहन मालिक अपने वाहन को कोयला लोडिंग करने के एवज में नजराने के रूप में कुछ ना कुछ चढ़ौत्री इन कर्मचारियों एवं अधिकारियों को करके ही जाते हैं हालांकि समय-समय पर ट्रक एसोसिएशन यूनियन के द्वारा ज्ञापन एवं शिकायत की जाती है इसके बावजूद अभी तक ट्रक मालिकों को किसी प्रकार से कोई राहत नहीं मिल सकी! आधा सैकड़ा से अधिक निकल रहे रोजाना वाहन- जानकारी के अनुसार राजनगर ओसियन से रोड सेल के माध्यम से रोजाना आधा सैकड़ा से अधिक वहां निकल रहे हैं और इन वाहनों से कोयला लोड करने की आवाज में प्रति वहां 3000 से 3500 रुपए की वसूली वाहन मालिकों से की जाती है अगर वाहन मालिकों के द्वारा पैसे नहीं दिए गए तो उनके वाहन लोड होने में काफी दिक्कतें आती हैं ! बताया तो यहां तक जाता है कि प्रत्येक वाहन के पैसे में कालरी के कर्मचारी एवं अधिकारियों की हिस्सेदारी भी तय होती है और इस पैसे से सभी को बंदरबांट होता है ! मजदूरों से कराया जा रहा काम-वैसे तो कालरी सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाता है और यहां पर अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश भी वर्जित होता है ! अगर कोई व्यक्ति यहां पर जाता है तो सुरक्षा के सारे मापदंड उसे पालन करते हुए परिसर में प्रवेश करने होंगे लेकिन यहाँ पर तो स्थानीय मजदूरों को किसी प्रकार से सुरक्षा मुहैया नहीं कराया जाता और उनसे कोयले की छटनी कराई जाती है ! बताया गया कि मजदूरों को ठेके पर रखा गया और सुरक्षा की दृष्टि में किसी प्रकार से उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं ! अगर मजदूरों के साथ किसी प्रकार से कोई घटना घटित होती है तो इसकी जवाब दे ही किसकी होगी अभी तक तय नहीं हो सकी है ! कोयले में मिट्टी और पत्थर का मिश्रण राजनगर ओसियम में जो कोयले का भंडारण कराया गया है उस कोयले में अधिकतर मिट्टी एवं पत्थर का मिश्रण है यहां पर पत्थर को हटाने के लिए मजदूर रखे गए हैं और कोयला निकालकर उसे वाहनों पर लोड किये जा रहे हैं हालांकि कॉलरी प्रबंधन के कर्मचारी एवं अधिकारी कोयले में ही मिट्टी और पत्थर का मिश्रण कर दे रहे हैं जिससे कॉलरी प्रबंधन को मुनाफा हो और जो कोयले खरीद रहे उसे नुकसान ! हालांकि देखना होगा की राजनगर ओसियम में मचे भ्रष्टाचार पर कब तक रोक लग पाती है !

## जन आशीर्वाद यात्रा का महिला मोर्चा ने किया भव्य स्वागत

उमरिया

14/09/2023 को उमरिया जिले के बांधवगढ़ एवं मानपुर में जन आशीर्वाद यात्रा निकल गई जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक गण उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा सहित अन्य अतिथियों का का बांधवगढ़ उमरिया की पावन धरा पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उमरिया जिले की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत कर उमरिया की पावन भूमि पर वंदन अभिनंदन किया गया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मानपुर सुश्री मीणा सिंह, विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह,जिला संगठन प्रभारी विनोद यादव जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप पांडे ,विधानसभा



संयोजक मिथिलेश पयासी , जिला पंचायत अध्यक्ष अनुज पटेल ,पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ,दिनेश त्रिपाठी , जिला उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह , भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार मंडल अध्यक्ष उमरिया ग्रामीण संतोष सिंह शहडोल से राजेंद्र भारती आशुतोष अग्रवाल सुरेंद्र गौतम , युवा मोर्चा मनीष सिंह , नीरज चदानी राजेंद्र कोल , एवम भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी एवं समस्त मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लालफीताशाही: अवैध कालोंनाइजर ने किया स्थगन आदेश का उल्लघंन, कार्यवाही की जगह मिली शह...

### तो क्या....मौका मुआयना के नाम पर तहसीलदार ने महिला शिकायतकर्ता को पिटवाया....

कहते हैं चोर चोरी से जाए हेराफेरी से ना जाए ऐसा ही एक मामला जिले के सत्यम विडियो के समीप सरकारी भूमि पर कब्जा कर साईं मंदिर बनाने और झूला, खेल मैदान इत्यादि सब्जबाग दिखाकर लोगों को आकर्षित कर अवैध कालोनी विकसित कर दी, अब झांसे में आए लोगों ने इस कालोनी में सपनों का आशियाना बनाने मोटी रकम भी खर्ची लेकिन भू-माफियाओ, पटवारी और आर आई की तिकड़ी ने बिना चौहद्दी, बिना बटांकन रजिस्ट्री करा दी जिसके चलते आज सारे खरीददार चोर साबित हो रहें और धोखेबाजी और जालसाजी में निपुण साहूकार, एक कहावत सटिक बैठती है "चोर के दिन थोर के" पढ़ें पूरी खबर।

शहडोल। जिले में लगातार राजस्व विभाग की कार्यशैली से जनता परेशान हलाकान तो है ही लेकिन मामले में अब पुलिस को भी रोज नई नई धोखाधड़ी की शिकायतों से दो चार होना पड़ रहा है दरअसल शहडोल जिले भर में कुकुरमुत्तों की तरह फैले शासकीय, नदी नालों और नजूल की भूमि पर काबिज धन्नासेठों की लंबी फेहरिस्त अब लोगों की गाढ़ी कमाई चट करने की फिराक में बिना सड़क, पानी, बिजली सपनों के आशियाने की कहानी सुना सुना कर झांसे में लेकर लाखों रुपए डकारने में उतावली है इसमें लगभग दलालों और भू-माफियाओ को पटवारी और आर आई की बराबर की मदद मिल रही है कई पटवारी आर आई तो शहडोल जिले के इर्द-गिर्द पूरी नौकरी काट लिए और रिकार्ड में दर्ज शासकीय भूमि का रकबा निपटाने में लग गए हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है अधिकतर प्लाटिंग शहडोल से नगरपालिका क्षेत्र से लगी हुई है लेकिन ज्यादातर पट्टे की भूमि पर आने वाली सड़क नहीं है मुनाफाखोर भू-माफियाओ की फौज पहले तो ग्राहकों को फंसते हैं और बाद में निस्तारी सड़क के नाम पर सरकारी भूमि को भी चट कर जाते हैं। इसके चलते जिले के राजस्व की लाखों करोड़ों रुपए सेंध भी लग जाती है।

### इस शिकायत के बाद हुआ खुलासा....

दरअसल खसरा नंबर 517/1 में अवैध रूप से कालोनी विकसित कर ली गई आसपास की शासकीय भूमि पर जबरन बांउड्री बाल मंदिर और शासकीय भूमि पर प्ले ग्राउंड बनाकर बड़ा खेल खेला गया, जिसकी शिकायत 21 जून को फर्जी प्लाटिंग और असली रजिस्ट्री का पेंच कोतवाली थाना पुलिस को मिली, शिकायत के बाद खुलासा हुआ और वास्तविक धरातल पर हकीकत में आज आधुनिक युग में भी पटवारी और आर आई की संलिप्तता से लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डल रहा है जबकि ऐसा होना नहीं चाहिए। हद तो इस मामले में तब हो गई जब लगभग 40-45लाख रूपए की धोखाधड़ी की शिकायत को पुलिस ने समझौता एक्सप्रेस चलाकर पूरी ईमानदारी से निस्तेनाबूद कर दिया, लेकिन कहीं न कहीं कागज पर ईमानदार खाकी के सबूत छोड़ दिए, मामले में शिकायत लेकर राधा सिंह, गीता सिंह एवं अन्य आसपास इलाके के लोग पुलिस प्रशासन और राजस्व अमले के पास पहुंचे और आपबीती सुनाई। इस मामले में एक तरफ पुलिस ने तत्काल में लगभग तेरह लाख रुपए और बकाया 10-15 दिनों में बकाया पैसा मिल जाएगा बहला फुसलाकर लिखा पढ़ी कराई और थाना कोतवाली पुलिस की सील तो लगा दी, लेकिन पीड़ित महिला को एक अदद एफआईआर तक उपलब्ध नहीं हुई बल्कि समझौता पत्र जरूर थामा दिया गया, अब भला इसमें संवेदनशील पुलिस अधीक्षक भी क्या कर सकते थे। बहरहाल खाकी को दांव पर लगाने से पहले जिम्मेदारों को यह सोचना चाहिए कि जिस प्रदेश में चुनाव सर पर है सूबे के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली लक्ष्मी लाडली बहना योजना को लेकर संजीदा है ताकि महिलाएं सशक्त बने लेकिन शहडोल जिले में लगातार प्रशासन नारी शक्ति, महिला शक्ति आर्थिक और मानसिक रूप त्रस्त हो रही है इनकी परेशानी अब तो घटने का नाम नहीं ले रही। या कहों कि जिले में लाडली बहना सशक्त होने की जगह कमजोर होती जा रही है।

### भूमाफियाओं की करतूत चोरी और सीनाजोरी.....

पुलिस प्रशासन महिलाओं को लेकर कितना संवेदनशील है आप इस बात से अंदाजा लगाइए कि हमारा शांतप्रिय वातावरण वाला जिला शहडोल में आज भूमाफियाओं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और तो और हद तो तब है जब यही भू-माफियाओ का सिंडिकेट तालाब और सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध मैरिंज गार्डन और बिना कालोनाइजर कालोनी विकसित करने वाले भूमाफिया खद्दर की आड़ में रेत और कबाड़ माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने जिले के संवेदनशील कप्तान की घेराबंदी कर अपने आप को जनता का नेता बतलाते हैं, दरअसल मंगलवार पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के पास ज्ञापन लेकर पहुचे माननीय की खद्दर में खोट थी लेकिन कहना मुश्किल है कि जिले के पुलिस कप्तान से कोई बात छिपी नहीं है।

बिगड़ता लॉ एंड ऑर्डर बदलती फिजा....

शहर को लेकर गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ जनों का कहना है कि अपराधियों पर ठोस कार्रवाई ना होने से अपराधियों के मंसूबे लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाओं में इजाफा कुछ ऐसा हो रहा है कि आम जन परेशान हैं शिकायते थाने तक पहुंच रही हैं अभी हालही में ही नरसरहरा डिपो, ग्रीन गार्डन के आसपास घरों में काम करने वाली अधेड़ महिला को इस कदर किसी अज्ञात ने पीटा की महिला लहुलुहान हो गई। इसी तरह के स्क्वायर मल्टीप्लेक्स के ठीक सामने एक महिला के गले से सोने की चैन खींच ली गई, इसके साथ ही सोमवार रात शहर के हृदय स्थल के करीब लेवल वन होटल संचालक के साथ बदमाशों ने मारपीट की और विवाद इतना बढ़ा कि बात चाकूबाजी तक आ गई यह पूरी घटनाक्रम वहीं लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रही है। जिसमें पुलिस प्रशासन की खूब किरकिरी भी हो रही है।

**महिला फरियादी से हुआ छल....**

मंगलवार शाम लगभग पांच बजे एक महिला की शिकायत पर तहसील कार्यालय सोहागपुर द्वारा दिया गया स्थगन आदेश जारी किया गया था, उस भूमि पर स्थगन आदेश का उल्लघंन करने की शिकायत पर तहसीलदार ने पीड़ित महिला को उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर उक्त विवादित भूमि मौके पर पहुंचने को कहा तहसीलदार के कहने पर पहुंची महिला शिकायतकर्ता से पहले से ही घात लगाकर बैठे स्थगन के उल्लंघन का करने के आरोपी ने महिला और उसकी महिला साथी से अभद्रता की गलत तरीके से धक्का दिया, मोबाइल छिनकर फेंक दिया

# विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने पॉलिटेक्निक कॉलेज का किया घेराव, कॉलेज में समस्याओं का लगा अंबार

रायसेन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं के कारण महाविद्यालय का घेराव किया गया, पूर्व में भी कई बार एबीवीपी जिला संयोजक अश्वनी पटेल द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से अनियमितताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया गया था, परंतु कोई भी संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिस कारण मजबूर होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा महाविद्यालय का घेराव, धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई। घटना स्थल पर रायसेन जिले की



तहशीलदार ने आकर छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुना एवं मांगे पूरी करवाने का आश्वासन दिया। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बताया कि यदि जल्द ही नियमित व्यवस्थाएं नही की जाती है तो आगे सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य एवं शासन प्रशासन की रहेगी। महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाएं इस प्रकार है।

**इन समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन,,,,**

महाविद्यालय के प्राचार्य सहित पूरा स्टाफ समय पर नहीं आता जिससे समयानुरूप कक्षाएं नहीं लगती हैं, महाविद्यालय का पुस्तकालय नाममात्र के लिए है, जिसे कभी-कभार ही खोला जाता है, महाविद्यालय मे समय से कक्षाएं प्रारंभ नही होती है, शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओ से अभद्र व्यवहार किया जाता है, महाविद्यालय मे मशीनों पर प्रेक्टिकल नही कराया जाता है, जिससे छात्र-छात्राएं उचित प्रशिक्षण प्राप्त नही कर पाते है,धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्वनी पटेल,गोलू नाथ योगी, नगर मंत्री दीपक तिवारी,राजा आदिवासी,शुभम कुशवाहा, पंकज तोमर,सुमित धाकड़, राज जोशी, राहुल कुशवाहा, खुशी गेहलोत, पायल लोधी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कानपुर में रफ्तार ले गई चार और की जान ,5 मरणासन्न

## सागर हाईवे पर आमने-सामने हुई ट्रॉली और पिकअप की भीषण टक्कर में मरे एक ही परिवार के चार लोग ,9 घायल में से 5 की हालत लगातार गम्भीर

**-सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां तेज रफ्तार से वाहन चलाने की आदत लोगों की जान लेने में लगातार सफल हो रही है। इसी क्रम में यहां ट्रॉली और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत और 9 लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए, जिनमें 5 की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मरने वालों में चारों एक ही परिवार के हैं जिस पर कोहराम मचा हुआ है इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का इंतजाम किया। वहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह भीषण दुर्घटना बिधनू थाना क्षेत्र



के अफजलपुर स्थित सागर हाइवे पर हुई। जानकारी के मुताबिक दुर्घटना के समय दोनों गाड़ियों की स्पीड काफी ज्यादा थी। दोनों वाहन चालकों ने सामने से आती गाड़ी को देखा तो वे अपने-अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उस समय पिकअप बिधनू के अफजलपुर मोड़ के पास पहुंची ही थी घाटमपुर की ओर से नौबस्ता की ओर आ रही तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक के चक्कर में आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारते हुए सामने से पिकअप में टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर इतना जोरदार थी कि चार सवारियां पिकअप से उछलकर सड़क पर जा गिरीं, जिसके फलस्वरुप घाटमपुर निवासी सादिक, सहनाज, हाजरा और एक बच्चा गोली की अस्पताल पहुंचने के पहले ही मौत हो गई ,जबकि शिवदेवी, एक अज्ञात, अनीस अहमद, नसरूद्दीन, कुदरत, फुकरान, मुस्तकीन, सद्दाम और शिफा गम्भीर रुप से घायल हो गई। जिसके बाद दोनों ही वाहनों के चालक भाग गये। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। घायलों में कुदरत, फुकरान, मुस्तकीन, सद्दाम समेत पांच लोगों की हालत लगातार गम्भीर बनी हुई है। वहीं मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

# लाठी डंडे से मारपीट करने वाले आरोपी को 6 माह का कारावास एवं 3, हजार रु. अर्थदंड

रायसेन। न्यायालय जय कुमार जैन जेएमएफसी बरेली द्वारा आरोपी राजेश पिता प्रेमनारायण सराठे, 45 वर्ष सभी निवासी वार्ड क्र. 9 सोनी कालोनी थाना बाड़ी को साक्ष्य के आधार पर लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के प्रकरण में 6 माह का सश्रम कारावास एवं 3,000 रु. अर्थदंडसे दण्डित किया गया कप्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है किफरियादी द्वारा थाना बाड़ी में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि झ ह्मै बाड़ी कला मे रहता हूँ। बाल कटिंग का काम करता हूँ। आज सुबह लगभग 8 बजे मै बस स्टेंड पर नास्ता करने गया था। बस स्टेंड पर मेरे छोटे भाई राजेश सराठे की भी कटिंग की दुकान है वो बस स्टेंड पर आया और मुझे पुरानी रंजिश पर से गंदी-गंदी गालियां देने लगा; मैंने गाली देने से मना किया तो दुकान से लाठी उठा कर लाया और मेरे दाये हाथ में मार दी जिससे चोटे आई। जाते जाते बोल रहा था की अगर थाने मे रिपोर्ट किया तो जान से खत्म कर दूंगा। रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जाये। उक्त रिपोर्ट पर थाना बाड़ी द्वारा अपराध क्र. 292/2019धारा 294, 323, 506, 325भा.द.वि. कायम कर विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र मान. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कियाक उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ सुनील कुमार नागा द्वारा की गई कन्याया. द्वारा प्रकरण में आई साक्ष्य के आधार पर दोषसिद्ध पाते हुए दण्डादेश द्वारा आरोपी राजेश सराठे को धारा 325 भा.द.वि. में 6 माह का सश्रम कारावास व 3000 रू. अर्थदंड से दण्डित किया गया ' प्रकरण में फरियादी को 3000 रू. पीड़ित प्रतिकर भी स्वीकृत किया गया

# सीएम हेल्पलाईन का समयावधि में कराएं संतुष्टिपूर्ण निराकरण- कलेक्टर श्री दुबे

## कलेक्टर श्री दुबे ने बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में की सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

**जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रायसेन (म0प्र0) समाचार**
**रायसेन, 14 सितम्बर 2023**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संचालित है। सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उदासीनता ना बरती जाए। जिला अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर शिकायतों का समयावधि में निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों के परिणाम परिलक्षित भी होना चाहिए कलेक्टर श्री दुबे ने जिला अधिकारियों से सीएम हेल्पलाईन में कुल लंबित शिकायतों, अगस्त माह में प्राप्त शिकायतों तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की जानकारी लेते हुए 18 सितम्बर



तक अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण होना चाहिए तथा निराकरण के बारे में संबंधित व्यक्ति को अवगत कराएं। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायत समय सीमा में संतुष्टि के साथ निराकृत करने हेतु निर्देशित करेल्ल बैठक में विभागवार समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा खनिज विभाग ह्यह्यडीह्यह्य ग्रेड में होने तथा श्रम विभाग, स्कूल शिक्षा, जल संसाधन, पशुपालन तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग ह्यह्यसीह्यह्य ग्रेड में होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जिला अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सीडीपीओ, बीएमओ सहित अन्य विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों से शिकायतें लंबित होने का कारण पूछा। अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जबाव नहीं देने पर कलेक्टर श्री दुबे ने नाराजगी व्यक्त कर शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुभाग स्तर पर सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण हेतु अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही की मॉनीटरिंग करते हुए प्रतिदिन कार्य प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुबे ने लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी आने तथा ग्रेडिंग में सुधार होने पर सराहना की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, तहसीलदार, सीडीपीओ, बीएमओ सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

# भारतीय चिकित्सा पद्धति के स्नातक प्रवेश की समय-सारणी घोषित, 2 चरणों में होगी प्रवेश काउंसलिंग

रायसेन। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के जारी निदेशों के अनुसार निजी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी महाविद्लयों के 15 प्रतिशत ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 2 चरणों में कराई जायेगी। इस संबंध में संचालनालय आयुष ने समय-सारणी जारी कर दी है।

प्रथम चरण में पंजीयन 15 से 19 सितंबर तक किया जा सकेगा। इसके बाद मेरिट सूची का प्रकाशन 20 सितंबर को किया जायेगा। इसी दिन रिक्त सीटों की स्थिति प्रदर्शित होगी। अभ्यार्थियों द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाइस फिलिंग, लॉकिंग तथा एडिट), 21 से 24 सितंबर तक किया जा सकेगा। इसके बाद सीट आवंटन 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल में रिपोर्टिंग कर अभिलेख सत्यापन और अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि 27 से 29 सितंबर तक निर्धारित की गई है। प्रवेश निरस्तीकरण की कार्यवाही 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक की जा सकेगी।

**द्वितीय चरण की समय-सारणी**

आयुष संचालनालय ने द्वितीय चरण की काउंसलिंग की भी समय-सारणी जारी की है। इसके लिये पंजीयन 3 से 5 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 6 अक्टूबर और रिक्त सीटों की स्थिति इसी दिन प्रदर्शित की जायेगी। अभ्यार्थियों महाविद्यालयों की प्राथमिकता के क्रम का निर्धारण 7 से 8 अक्टूबर तक कर सकेंगे। सीट का आवंटन 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होगा। पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल में रिपोर्टिंग और अभिलेखों के सत्यापन की कार्यवाही 11 से 13 अक्टूबर तक शाम 5 बजे तक की जा सकेगी। प्रवेश निरस्तीकरण संबंधी कार्य 11 से 15 अक्टूबर तक होगा। काउंसलिंग के नियम और निदेशों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट cc.Ô»f‍fZ.CX¨f.WXUA.´fQ एवं E¸f.´fe. ऑनलाइन पोर्टल ¸.CX¨fUQÀf´fQ¸f.WXUA.´fQ पर प्राप्त की जा सकती है।

# सीएम हेल्पलाईन का समयावधि में कराएं सही निराकरण- कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो काफ्रेंस में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संचालित है। सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उदासीनता ना बरती जाए। जिला अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर शिकायतों का समयावधि में निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों के परिणाम परिलक्षित भी होना चाहिए।कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से सीएम हेल्पलाईन में कुल लंबित शिकायतों, अगस्त माह में प्राप्त शिकायतों तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की जानकारी लेते हुए 18 सितम्बर तक अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण



होना चाहिए तथा निराकरण के बारे में संबंधित व्यक्ति को अवगत कराएं। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायत समय सीमा में संतुष्टि के साथ निराकृत करने हेतु निर्देशित करें।बैठक में विभागवार समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा खनिज विभाग ह्यह्यडीह्यह्य ग्रेड में होने तथा श्रम विभाग, स्कूल शिक्षा, जल संसाधन, पशुपालन तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग ह्यह्यसीह्यह्य ग्रेड में होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जिला अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सीडीपीओ, बीएमओ सहित अन्य विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों से शिकायतें लंबित होने का कारण पूछा। अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जबाव नहीं देने पर कलेक्टर श्री दुबे ने नाराजगी व्यक्त कर शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुभाग स्तर पर सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण हेतु अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही की मॉनीटरिंग करते हुए प्रतिदिन कार्य प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुबे ने लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी आने तथा ग्रेडिंग में सुधार होने पर सराहना की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# लाड़ली बहनों को घरेलू गैस कनेक्शन गैस सिलेंडर रिफिल रू. 450 में मिलेगा, गैस सिलेंडर की बकाया राशि सरकार भरेगी, बहनों के खातों डाली जायेगी राशि,आदेश जारी

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल। राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के समस्त एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं उन्हें एक सितम्बर 2023 से गैस सिलेंडर रिफिल रू. 450 (रुपए चार सौ पचास) में उपलब्ध कराया जायेगा। गैस सिलेंडर की बकाया राशि राज्य सरकार भरेगी। बकाया राशि पात्र लाड़ली बहनों के खातों में डाली जायेगी। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्रक्रिया निर्धारित कर दी है।

**हितग्राही की पात्रता,,**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत गैस कनेक्शनधारी समस्त उपभोक्ता और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं इसके लिये पात्र होंगी। गैस सिलैंडर रिफिल के लिए अनुदान राशि पात्र कनेक्शनधारियों को एक सितम्बर, 2023 से देय होगी।

**अनुदान राशि,,**

पात्रताधारी उपभोक्ताओं को प्रतिमाह अधिकतम एक रिफिल पर अनुदान मिलेगा। पात्रताधारी उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनी से रिफिल निर्धारित फुटकर विक्रय दर पर क्रय करना होगा। भारत सरकार द्वारा दिये गए समस्त अनुदान तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फुटकर विक्रय दर (रू. 450) को कम करने पर शेष राशि राज्य अनुदान के रूप में पात्रताधारी उपभोक्ताओं के आधार लिंक बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। घरेलू एलपीजी रिफिल की फुटकर विक्रय दर में परिवर्तन होने पर राज्य अनुदान भी परिवर्तित होगा।

**हितग्राहियों की पंजीयन व्यवस्था,,**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पोर्टल पर ऐसी बहनों को पंजीयन किया जायेगा जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी है। ऐसी बहनें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की भी लाभार्थी हो सकती है। पंजीयन का कार्य उन सभी केंद्रों पर किया जाएगा जहां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है।

**पंजीयन के लिए दस्तावेज की आवश्यकता**

पंजीयन के लिये गैस कनेक्शन कंज्यूमर नंबर एवं एलपीजी कनेक्शन आईडी आवश्यक होंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का पंजीयन आईडी योजना अंतर्गत हितग्राहियों की पहचान का कार्य सभी ऑयल कंपनी से प्राप्त डेटा के आधार पर शासन दवारा भी किया जाएगा। शासन की ओर से स्वतः पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी 25 सितंबर 2023 से पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी तथा समय-समय पर उसे अद्यतन किया जाएगा। संबंधित हितग्राही इस जानकारी को गैस कंज्यूमर नंबर/गैस कनेक्शन आईडी और लाडली बहना आईडी की सहायता से पोर्टल पर 25 सितंबर 2023 से देख सकेंगे।

**क्रैसे होगी अनुदान गणना,,**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारी के लिए ऑयल कंपनी दूवारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन नंबर एवं उनके दवारा माहवार प्राप्त रिफिल का डाटा प्रतिमाह विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। गैस रिफिल प्राप्तकर्ता उपभोक्ताओं को राशि रू. 450 में रिफिल उपलब्ध कराने के लिये देय अनुदान की गणना विभाग द्वारा की जायेगी। अनुदान राशि की गणना के बाद कुल राशि का भुगतान विभाग द्वारा संबंधित ऑयल कंपनी के बैंक खाते में किया जाएगा। ऑयल कंपनी द्वारा उपभोक्ता के आधार लिंक बैंक खाते में अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा। ऑयल कंपनी द्वारा हितग्राहीवार अनुदान भुगतान की जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। आवश्यकतानुसार व्यवस्था में परिवर्तन किया जा सकेगा। चार जुलाई 2023 से 3 अगस्त 2023 तक गैस सिलेंडर रिफिल कराने वाले प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को भी अनुदान राशि का अंतरण इसी प्रक्रिया से किया जायेगा। गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारी के लिये गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत घरेलू गैस कनेक्शनधारी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों का आईडी डाटा ऑयल कंपनी को उपलब्ध कराया जायेगा। ऑयल कंपनी दूवारा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत जारी गैस कनेक्शन के डाटा का मिलान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत लाडली बहना के डाटा से किया जाएगा। ऑयल कंपनी द्वारा गैर अंतर्गत कनेक्शनधारी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत लाडली बहना के गैस कनेक्शन नंबर, प्राप्त रिफिल एवं भुगतान की गई राशि की जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। उपरोक्त डेटा के आधार पर देय अनुदान की गणना विभाग द्वारा की जाएगी। विभाग द्वारा गैर पीएमयूवाय में गैस कनेक्शनधारी लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत लाइली बहनों के द्वारा रिफिल प्राप्त करने पर देय अनुदान की राशि का भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खातों में किया जाएगा। आवश्यकतानुसार इस व्यवस्था में परिवर्तन किया जा सकेगा। चार जुलाई 2023 से 3 अगस्त 2023 तक गैस सिलेंडर रिफिल कराने वाली गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत घरेलू गैस कनेक्शनधारी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत लाडली बहनों को भी अनुदान राशि का अंतरण इसी प्रक्रिया से किया जायेगा।

**शिकायत निवारण तंत्र,,**

योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को राज्य अनुदान का भुगतान में आने वाली कठिनाईयों एवं समस्याओं को दर्ज एवं निराकरण करने के लिये विभाग दवारा ऑनलाईन एप्लीकेशन बनाया जाएगा। इस एप्लीकेशन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिये विभाग द्वारा व्यवस्था की जाएगी।

**राज्य स्तरीय मानीटरिंग,**

योजना के क्रियान्वयन के लिये खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नोडल विभाग होगा। मैदानी स्तर पर कलेक्टर के निर्देशन में विभागीय अमले द्वारा योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी। राज्य स्तर पर मानीटरिंग के लिए प्रमुख सचिव, खाद्य की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें ऑयल कंपनी के अधिकारी भी सम्मिलित होंगे। हितग्राहियों के पंजीयन कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अमले का सहयोग प्राप्त किया जाएगा। गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को राशि रू. 450 में रिफिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था का प्रत्येक स्तर पर विभिन्न माध्यम से जानकारी दी जायेगी। प्रत्येक गैस एजेन्सी, स्थानीय निकायों एवं उचित मूल्य दुकानों पर पात्र हितग्राहियों को देय अनुदान की सूचना प्रदर्शित कराई जाएगी। ऑयल कंपनी से प्राप्त डाटाबेस के आधार पर वर्णित प्रक्रिया अनुसार पात्र हितग्राहियों को अनुदान का भुगतान होगा, भले ही उनका पृथक से पंजीयन न हुआ हो। हितग्राही डाटाबेस में विसंगति, अगर हो तो उसका यथोचित निराकरण कर पात्र हितग्राही को अनुदान का भुगतान किया जाएगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

रायसेन। प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमति संगीता यादव की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हिन्दी सप्ताह 14 सितम्बर से 20 सितम्बर के अंतर्गत राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर सीएम राईस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटनदेव में विधिक साक्षरता शिविर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को हिन्दी दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि पूरे देश में भाषा और इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हर साल 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने एक मत होकर देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार किया था। सचिव श्रीमती यादव द्वारा संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अनीष उद्दीन अब्बासी द्वारा नालसा बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना एवं नालसा आपदा पीड़ितो हेतु विधिक सेवा योजना, पॉक्सो अधिनियम एवं नालसा वेब पोर्टल, नालसा टोल फ्री नंबर की जानकारी प्रदान की गयी।

# जिले में अब तक 982.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 04 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 14 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 14 सितम्बर 2023 तक 982.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 520.6 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 14 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 798 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1163, बेगमगंज में 1042.8, सिलवानी में 855.6, गौहरगंज में 731.4, बरेली में 1277, उदयपुरा में 1183, बाड़ी में 835, सुल्तानपुर में 821 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1122.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 04 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 14 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 04 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 1.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 5.2, बेगमगंज में 1.2, सिलवानी में 20.4, गौहरगंज में 1.6, बरेली में 02, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 0.4 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 8.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बीना में 49 हजार करोड़ की लागत से बनने वाले पेट्रोकेमिकल्स एवं 18 सौ करोड़ की औद्योगिक परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल/ सागर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सागर जिले के बीना रिफायनरी परिसर में 49 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पेट्रोकेमिकल काम्प्लेक्स एवं 1800 करोड़ की 10 नई औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और उनकी पट्टिका का अनावरण किया ।श्री मोदी ने सभा स्थल पर बने सेक्टर (डोम) में जनदर्शन कर पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स पर आधारित प्रतिकृति तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।उन्होंने मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक परिसरों का शिलान्यास भी किया, जिसमे नर्मदापुरम के उर्जा एवं नवकरणीय उर्जा उत्पादन प्रक्षेत्र, आईटी पार्क 3 और 4 इन्दौर, मेगा इंडस्ट्रियल पार्क रतलाम, 6 इंडस्ट्रियल पार्क क्रमशः नर्मदापुरम, गुना, शाजापुर, मऊगंज, आगर मालवा और मक्सी की शिलान्यास पट्टिका का रिमोट बटन दबाकर अनावरण किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ,केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ,केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल शक्ति नियोजन राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल, जिले के प्रभारी, सहकारिता लोक प्रबंधन मंत्री डा. अरविंद सिंह भदौरिया,लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजबहादुर सिंह सहित अन्य विधायक और जनप्रतिनिधि सहित हजारों की तादाद में आम जनता के लोग मौजूद थे। गया तब बहू की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक महीने के भीतर है तीसरा मध्य प्रदेश दौरा है यह मध्य प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि देश के प्रधानमंत्री एक माह में तीन-तीन बार मध्य प्रदेश की यात्रा पर आ रहे हैं और करोड़ों की सौगात मध्य प्रदेश के लिए दे रहे हैं।

# डॉ राजेश शर्मा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र में शुरू किया जन संपर्क अभियान

रायसेन / विदिशा। लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभा बसौदा में विदिशा लोकसभा प्रभारी डॉ राजेश शर्मा ने जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत कर दी है। इस कड़ी में आज डॉक्टर राजेश शर्मा ने बसौदा कॉंग्रेस के नेताओं से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव जीतने के लिए रणनीति पर मंथन किया। इस अवसर पर डॉ राजेश शर्मा ने वरिष्ठ, युवा, महिला कॉंग्रेस नेताओं व कार्यकताओं से उनके घर जा कर बात की। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों को देखते हुए इस संपर्क अभियान को कॉंग्रेस पार्टी के नजरिए से अति महत्वपूर्ण समझा जा रहा है। डॉ राजेश शर्मा ने अपने इस संपर्क अभियान के बारे में कहा है की सभी नेताओं से मिल कर आज यह जानने की कोशिश की



गई है कि कॉंग्रेस को जीत दिलाने के लिए कौन कौन से कारक अहम भूमिका निभा सकते हैं, साथ ही क्षेत्र की जनता किन समस्याओं से जूझ रही है इसकी जानकारी एकत्रित की गई है। इस संपर्क अभियान का मुख्य उदेश्य बूथ स्तर से लेकर सम्पूर्ण विदिशा लोकसभा में आने वाली हर विधानसभा क्षेत्र में कॉंग्रेस पार्टी को बड़ी जीत दिलाने का प्रयास है। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशांक जैन ने एक जनसभा का भी आयोजन किया। इस सभा में प्रभारी डॉ राजेश शर्मा ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन के महत्व पर कार्यकताओं को जानकारी दी। साथ ही कार्यकताओं के महत्व को व उनके योगदान को भी सांझा किया। ड़ॉ राजेश शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा किये गए विकास कार्यो की जानकारी भी दी। इस अवसर पर डॉ राजेश शर्मा के विचारों से प्रभावित होकर 50 के करीब युवा व युवतियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस सभा में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष वैभव भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे व कहा कि सम्भवता चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि किसी प्रभारी ने टिकट वितरण व चुनाव पूर्व ही कार्यकताओं संग इस तरह से मेलजोल को बढ़ावा दिया है। डॉ राजेश शर्मा के काँग्रेस पार्टी को मजबूत व एकजुट करने के इन्हीं प्रयासों की उन्होंने मुक्तकंठ से प्रशंसा की व आभार भी व्यक्त किया। इस जन संपर्क अभियान में आज राकेश कटारे जिलाध्यक्ष, प्रदीप दीक्षित वरिष्ठ कॉन्ग्रेसी,राजेश मिश्रा वरिष्ठ कॉगएस नेता, वैभव भारद्वाज जिलाध्यक्ष युवा कॉंग्रेस , निशांक जैन पूर्व विधायक, वीर सिंह रघुवंश पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक, चंदर प्रताप रघुवंशी जिला महामंत्री एवं पूर्व जनपथ उपाध्यक्ष, प्रह्लाद सिंह रघुवंशी बरिष्ठ कॉंग्रेस नेता, नीतू रघुवंशी जनपथ अध्यक्षा, राजेश माहेश्वरी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, पंकज आलिआ जिला पंचायत सदस्य, संतोष शर्मा जिला उपाध्यक्ष कॉंग्रेस कमेटी से मिल कर आज कॉंग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में जिताने की रणनीति बनाई गई है।

## दुनिया में कितने भी बड़े हो जाओ,या सारी दुनिया चेला हो जाए पर भगवत प्रेम नही मिला तो सब थोथा है-गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

महर्षि विश्वामित्र की पौराणिक नगरी बक्सर के राजपुर प्रखंड के पिपराढ में श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी महाराज ने कहा की। दुनिया में कितने बड़े हो जाओ,या सारी दुनिया ही चेला हो जाये,पर भगवत प्रेम नहीं मिला तो सब थोथा है। ऐसे बैकुंठ धाम में सौंकादिक पहुंचे,भगवान के दर्शन की लालसा से बैकुंठ पहुंच गए,6दरवाजे पार कर लिए, 7वे दरवाजे पर जय विजय पार्षदों ने उनको रोक दिया तो बहुत कष्ट हुआ।दर्शन में विघ्न हुआ तो क्रोधित हुए,अरे तुम भगवान के द्वार पाल हो लेकिन तुम्हारा ये व्यवहार संतो के प्रति अच्छा नही है।भगवान तो परम शांत स्वभाव के है।मनुष्य अपने कपट,छल,छिद्र का दूसरे में भी दर्शन करता है, तुम लगता है स्वयं कपटी हो इसीलिए तुम्हारा हमारे प्रति भाव अच्छा नहीं है। अब तुम्हे वही जाना पड़ेगा जहां काम,क्रोध,लोभ रहता है।उस असुर योनि में जाना पड़ेगा। सच्ची घटना बताता हु,ऐसी ही घटना एक बार मेरे साथ हुई थी 2013में मैं जब केदार



नाथ दर्शन करने गया तो वहां के पंडा ने कहा इस दरवाजे से नहीं उस दरवाजे से ,उधर गए तो उस पंडे ने कहा उधर से ,फिर पहले दरवाजे पर आए और फिर दर्शन करने नही दे रहा था और वही पैसे लेकर दूसरे को दर्शन करा रहा था,हमे गुस्सा आया और हमने कहा तुम्हारी वही स्थिति होगी जो जय विजय पार्षदों की हुई और दर्शन कर के वहा से निकल गए।उसके अगले दिन सारे पंडे और उनका घर दुकान सब बह गया। इसीलिए कभी भी भगवान के संत भक्तो का अपमान नही करना चाहिए।भगवान स्वयं कहते है, तृतीय स्कंध के, दसवें अध्याय के छठे श्लोक में हमारी भुजाए ही क्यों न हो अगर संतो का अपराध कर दे तो उनको खंड विखंड कर डालूंगा। इसीलिए जय विजय पार्षदों को नीचे गिरना पड़ा,पहले जन्म में हिरणायक्ष,हिरणकश्यपु,दूसरे जन्म में रावण,कुंभ करण,तीसरे जन्म में शिशुपाल और दंतवक्र बनना पड़ा।

## छिपाकर बिहार ले जाई जा रही 62 पेटी अंग्रेजी शराब को को पुलिस ने पकडा

*-दुबहड़ पुलिस को सफलता*
*-आबकारी विभाग को साथ लेकर पुलिस ने जनेश्वर मिश्र सेतु पर पकड़ी शराब*
*-शराब, पिकप वाहन सहित एक अभियुक्त भी चढ़ा पुलिस के हत्थे*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : शराब बंद प्रांत बिहार में अवैध शराब तस्करी रोकने में पूरे मनोयोग से जुटी पुलिस को गुरुवार के दिन एक और सफलता हार लगी। दुबहड़ पुलिस ने आबकारी विभाग को साथ लेकर जनेश्वर मिश्र सेतु से 62 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। तस्कर इसे छिपाकर पिकप



वाहन से बिहार ले जा रहे थे। थाना दुबहड पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक पिकप में नारियल की रस्सी व चावल की बोरियो के बीच छिपा कर ले जा रहे 62 पेटी (कुल 535.68 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त रामू कुमार भारती पुत्र मथुरा राम निवासी नीरुपुर थाना हल्दी रहा। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते इ पिकप को जप्त करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के सिपुर्द किया।

## हिन्दी दिवस पर आयोजित हुआ एक वृहद लोक भाषा कवि सम्मेलन

*-जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में*
*-कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के निर्देशन में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश का आयोजन*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं संरक्षण में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस पर एक वृहद 'लोक भाषा कवि सम्मेलन' का आयोजन हुआ। जिसमें हिन्दी के साथ ही ब्रज, अवधी, भोजपुरी, बुन्देली तथा बघेली भाषाओं के कई कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष, भाजपा, जयप्रकाश साहू रहे। कार्यक्रम की शुरूआत नीलम काश्यप जी की माँ सरस्वती जी की वंदना से हुई। उसके बाद रीवां से बघेली भाषा का प्रतिनिधि करते डॉ० उमेश मिश्र 'लखन' ने प्रेम से जुड़ा अपना काव्य पाठ किया 'जउन आपन ना होय त जान न लगावा, दूसरों के भीति मकान न लगावा' का लोगों ने तालियों से स्वागत किया। उसके बाद ब्रज भाषा के कवि श्री अशोक 'अज्ञ' जी द्वारा कृष्ण भक्ति के अंतर्गत 'ब्रज प्रेम भक्ति को लडुआ है, चखियों पर छुरों मति करियो' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। भोजपुरी भाषा को अंगीकार किये हुए बलिया के कवि व गीतकार श्री ब्रजमोहन प्रसाद 'अनारी ' जी ने श्रीराम और लखन के वन गमन के प्रसंग को भावपूर्ण गीत के रूप में प्रस्तुत किया जिसका दर्शकों द्वारा तालियों से स्वागत किया गया। अवधी भाषा की परिपाटी को जीवंत रखने वाले प्रयागराज से आये कवि व गीतकार अशोक 'बेशरम' जी द्वारा साथ साथ चलते है देषी पदचाप भूल जाते है। इंच-इंच भूमि का नाप भूल जाते हैं, इतना तो भारतीय माप भूल जाते हैं' को दर्शकों का पूरा समर्थन मिला। बुन्देली भाषा का प्रतिनिधित्व करतीं नीलम काश्यप जी ने अपने गीत 'मोरी नन्नदी नदी में नहाय, लहरियां बलि बलि जाय' को उपस्थित सभी श्रोताओं ने तालियों से नवाजा। अंत मे कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे आजमगढ़ से पधारे प्रसिद्ध कवि भालचंद्र त्रिपाठी ने देश के सम्मान में अपनी काव्य रचना रखी 'देश का मान आहत हो जिस बात से, बात ऐसी हो तो चुप रहेंगे नही' से दर्शकों के सामने अपनी बात



हिंदी दिवस को समर्पित 'सावन के कजरी भूलना, अउर फागुन फाग की तान है हिंदी। मीरा की बानी, कबीर के सारथी है, छन्द भरी रसखान है हिन्दी' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उसके बाद बेशरम जी ने अपने अंदाज में दर्शकों को हर्षोल्लास से परिपूर्ण कर दिया। उसके बाद मंच संचालन कर रहे रायबरेली से आये युवा ओजस्वी कवि अभिजीत मिश्रा 'अकेला' द्वारा देशभक्तिपूर्ण शब्दों में लिपटा काव्य पाठ किया "भव्यता और दिव्यता के रखी। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत अतुल द्विवेदी, निदेशक, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ द्वारा, संचालन डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक निदेशक डॉ० पुष्पा मिश्रा जी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण नाथ यादव, डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. संदीप यादव, डॉ. अजय चौबे, डॉ. तृप्ति तिवारी आदि प्राध्यापक, कर्मचारी एवं परिसर के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## भाकपा कार्यकताओं ने पटमदा प्रखंड मुख्यालय में किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम 19 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पटमदा लोकल कमेटी की ओर से सचिव मनसाराम महतो के नेतृत्व में गुरुवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री के नाम पर बीडीओ को 19 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। मौके पर भाकपा के जिला सचिव सह झारखंड प्रदेश राज्य कार्यकारिणी सदस्य अंबुज कुमार ठाकुर, कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ साथी आरएस राय, जय शंकर प्रसाद, गणेश दास, हीरा अरकने , पटमदा लोकल सचिव मनसाराम महतो, परेश मंडल, एआईएसएफ के जिला सचिव मुकेश रजक, पटमटा क्षेत्र से भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं नौजवान सदस्य मौजूद थे। मांगों में मुख्य रूप से बनकुंचिया एवं अपो गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को रोकने व मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने, पटमदा के कोल्ड स्टोरेज को चालू कराने, तहसील कचहरी में कर्मचारियों के नियमित बैठने, मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग की निधि से संचालित योजनाओं के बकाया मजदूरी का भुगतान करने, विधायक एवं सांसद निधि की योजनाओं में शिलापट्ट लगवाने, पटमदा सीएचसी में महिला चिकित्सक की व्यवस्था करने, पीडीएस डीलरों को सितंबर 2022 से दिसंबर



तक 4 माह एवं जुलाई व अगस्त महीने का राशन उपलब्ध कराने, पीडीएस दुकान में पूर्व की भांति किरासन देने, सुदूरवर्ती गांवों में चलंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने, 60 साल से अधिक आयु वाले किसानों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने, वृद्ध/विधवा पेंशन का भुगतान नियमित करने, जर्जर पटमदा-काटिन लिंक पथ एवं बेलटांड़-जोड़सा रोड की मरम्मत कराने आदि मांगें शामिल हैं।

## हलुदबनी में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने श्राद्धकर्म हेतु किया सहयोग

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड की मुकरुडीह पंचायत के हलुदबनी निवासी तुलसी कुमार महतो के पिताजी के श्राद्धकर्म हेतु झामुमो के युवा नेता महाबीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकताओं के साथ गुरुवार को उनके घर पहुंचकर सूखा राशन सामग्री देकर सहयोग किया।
उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। मुर्मू ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता की पहल पर श्राद्धकर्म हेतु चावल, दाल, आटा, आलू आदि सामग्री दी गई। महाबीर मुर्मू ने पीड़ित परिवार से कहा कि आगे भी उनके दुःख सुख में हर संभव मदद करेंगे।
मौके पर उनके साथ विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मनोज तांती, मानिक महतो व दुर्गा प्रसाद हांसदा आदि उपस्थित थे।

## हिंदी भाषा विभिन्न रंगों के फूलों से गूथे हुए धागा की तरह है-चंद्रसेन तिवारी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में हिंदी दिवस का शानदार आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी का हिंदी भाषा पर सारगर्भित भाषण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।उन्होंने हिंदी भाषा के प्रति अटूट प्रेम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदी भाषा विभिन्न रंगों के फूलों से गूथे हुए धागा की तरह है। यह भारत के विभिन्न धर्म, संस्कृति ,रंग ,रूप को अपनी धारा प्रभाव अभिव्यक्ति में समाहित की हुई है जो अखंडता में एकता का प्रतीक है।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए , हिंदी भाषा के महत्व को शिवांगी सिंह ने अपने भाषण के माध्यम से बताया की क्यों हिंदी भाषा को हिंदुस्तान की आत्मा कहते हैं । इसके उपरांत हिंदी अध्यापिका कोकिला तिवारी ने 'मातृ भाषा हूं मैं तुम्हारी' कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के बारे में बताई। इसके बाद विद्यालय के हेड ब्वॉय कंदर्प तिवारी ने हिंदी दिवस पर बहुत ही शानदार कविता प्रस्तुत किया-
'सूर्य चमकता त्रिपुंड ललाट पर,
और माथे की शोभा बिंदी है।
हम विभिन्न रंग रूप के फूल यहां,
पर सबके होंठो पर हिंदी है।।'
कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, हिंदी



अध्यापक अवनीश राय ने हिंदी भाषा के महत्व को बताया कि 'हिंदी मात्र एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है' उसके बाद उन्होंने एक शानदार कविता प्रस्तुत किया । 'हिंदी हमारी आन बान और शान है अभिमान है, हिंदी से हम हिंद जन ,हिंदी से हिंदुस्तान है।
हिंदी है गोकुल श्याम का ,हिंदी अयोध्या राम की, हिंदी से आलोकित हुई ,महिमा है भारत धाम की। हिंदी की माता भारती के भाल पर बिंदी रहे। आर्यवंशी अमर जग में सदा ,हिंदी रहे ,हिंदी रहे।। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार ने हिंदी भाषा के विशालता को बताया कि हिंदी एक ऐसी भाषा जिसमें हम सब अपने जीवन के हर सपनों को देख सकते है। इस अवसर पर अक्षय उपाध्याय, प्रकाश सिंह ,श्रेया सिंह भोली त्रिपाठी ,श्वेता सिंह , अंकिता निषाद ,शिवानी कुमारी, नीतिश शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, अमित सिंह ,चित्रांश राय, सुनील सिंह , जानकी गुप्ता ऋतंभरा श्रीवास्तव ,विशेश्वर, तिवारी ,श्वेता पांडे ,गुरुचरण चौधरी, अभिषेक यादव ,निशा यादव, इंदुकला तिवारी ,हेगा पीडो,रवि प्रकाश तिवारी, सूर्यकुमार उपाध्याय आदि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## हमारे देश की पहचान ही हिन्दी है : राज यादव

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज में शिक्षा शास्त्र के शोध छात्र राजकुमार यादव (राज) ने प्रतिस्पर्धा कोंचिंग क्लासेज जेसीज चौराहा में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हिन्दी दिवस हर साल 14 सितम्बर को मनाया जाता है। जब भाषा के महत्व को याद दिलाने का अवसर मिलता है। हिन्दी भारत की राष्ट्रीय भाषा है और हमारे देश की विविधता का प्रतीक है। यह भाषा हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। श्री यादव ने कहा कि हिंदी दिवस पर हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित



रहना चाहिये। हिन्दी हमारे संविधान का अधिकार है और यह हमें अपने राष्ट्रीय एकता की ओर बढ़ाता है। हिन्दी को सीखना और उसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हमारे समृद्ध भाषा धरोहर को बचाया और बढ़ावा दिया जा सके। इस दिन हमें हिंदी के महत्व को समझना और बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि हमारी भाषा हमें हमेशा गर्वित और जुड़े रहने का अवसर दे। इस अवसर पर डॉ. एसके त्रिपाठी, कुंवर सिंह, हुमा बानो, उमेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## थाना मटसेना पुलिस ने फैक्ट्री से ब्रांडेड कंपनी की सिलाई मशीन तथा स्टीकर किए बरामद

फिरोजाबाद। थाना मटसैना पुलिस ने सिलाई मशीन बनाने की फैक्ट्री से ब्रांडेड कंपनी सहित 6 दर्जन से अधिक सिलाई मशीन बरामद की। पुलिस को वहां से ब्रांडेड मशीनों के स्टीकर भी मिले। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रदीप पांडे हमारा के साथ चेकिंग कर रहे थे इस दौरान उन्हें नगला मुल्ला में नकली ब्रांडेड मशीन बनाने के बारे में पता चला। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर नगला मुल्ला स्थित मशीन बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा पुलिसकर्मियों ने वहां से एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने वहां से 74 सिलाई मशीन बनी अधबनी बरामद की है। उसमें कई मशीने ब्रांडेड कंपनी की बताई गई। कंपनियों के स्टीकर भी मिले हैं। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम माहिर अली पुत्र अख्तार अली बताया है। वह नगला मुल्ला का रहने वाला है। पुलिस को वहां से 66 सिलाई मशीन बनी हुई मिली है। इसके अलावा तीन अर्द्ध निर्मित उषा कंपनी पांच अर्द्ध निर्मित अन्य कंपनियों की मिली

## दुल्लीपट्टी भाजपा शक्ति केन्द्र की बैठक

जयनगर नित्यानंद झा राजू 14 सितम्बर

जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी गाँव में भाजपा शक्ति केन्द्र की एक बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष ऊधव कुंवर की उपस्थिति एवं शक्ति केन्द्र अध्यक्ष निरंजन झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन में मजबूती पर बल देते हुए अनेक युवाओं को संगठन में शामिल किया गया। बैठक में 16 सितम्बर को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के झंझारपुर आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। 16 सितम्बर को गृहमंत्री अमित शाह की रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में झंझारपुर चलने का आह्वान किया गया। बैठक में शिवजी प्रसाद गुप्ता, सुभाष चंद्र झा, अंशु कुमार झा, विवेक झा, धीरज सिंह, संतोष सिंह, चन्दन कुमार साह, रौशन कुमार साहु, राकेश झा, मनोज साहु, महेन्द्र महतो, गोपाल झा, कैलाश सिंह, कमलेश झा,



अमित सिंह, मदन यादव, संतोष सिंह भाटिया, वीरेंद्र झा, रतीश झा, राजाराम साह, श्रवण कुमार मंडल समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति रक्तवीर अवार्ड से सम्मानित

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 14 सितम्बर**

आमजन सहयोग रक्तदान सेवा समिति, बिथान के द्वारा समस्तीपुर जिले के बिथान मे बिहार के प्रत्येक जिले से रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों एवं सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया है। इस आयोजित सम्मान समारोह में बिहार के समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाजसेवियों को सम्मानित किया जा रहा है, जिसमें बिहार के सभी जिलों से कई समाजसेवियों एवं सामाजिक संस्थान को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। इसी क्रम मे मधुबनी जिला से रक्तदान एवं अन्य सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जयनगर के मां अन्नपूर्णा रक्त रक्षक के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच पर संस्थान के संतोष शर्मा, विवेक सूरी, नवीन शाह मौजूद रहे।
कार्यक्रम का उद्घाटन आमजन सहयोग रक्तदान सेवा समिति, बिथान के सदस्य एवं माँ अन्नपूर्णा रक्त रक्षक



के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत, नवीन साह, विवेक सूरी, संतोष शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।।

## पटमदा में हुआ ई स्कूट रेंटल स्टोर का शुभारंभ

*80,000+ की इलेक्ट्रिक स्कूटी मात्र 45,000 सिक्युरिटी मनी जमा कर मासिक रेन्ट में उपलब्ध है

**नंदा रजक , दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा ब्लॉक कॉलोनी मेन रोड में ई-स्कूट प्रबन्धन द्वारा एक इलेक्ट्रिक स्कूटी के शो-रूम का भव्य शुभारम्भ राँची से पधारे मण्डल प्रमुख श्री संजीव कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ में रीजनल मैनेजर टाटानगर श्री राजीव कुमार एवं रीजनल मैनेजर जमशेदपुर श्री जयन्त श्रीवास्तव उपस्थित रहे। पटमदा फ्रेंचाइजी के फ्रेंचाइजी मैनेजर श्री धनंजय शुक्ल के द्वारा रेन्ट (किराया) पर प्रथम स्कूटी लेकर प्रथम ग्राहक बनें
उन्होंने बताया की पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से एवं बेतहाशा बढ़ रही पेट्रोल के कीमत से निजात दिलाने हेतु यह इलेक्ट्रिक स्कूटी पटमदा क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान की तरह है
इस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य



लोगों में जूनियर प्रोग्रामर श्री मनोज कुमार एवं बरिष्ठ श्री भबेश मिश्रा, बृजराज रॉय, उकील महतो, सुमित दास, फकीर बर्मन , नंद , महादेव आचार्या , परीक्षित , बाबुराम , बादल , अम्बुज , बिराज , नवीन , नेपाल , तरुण , फटिक , नन्दा , चक्रधर , टुम्पारानी , हेमलता , गायत्री , भगवती , भक्तरंजन , अमिय एवं अन्य गणमान्य पटमदा ग्रामीण उपस्थित रहे
बिशेष जानकारी हेतु कृपया हमारे शो-रूम में विजिट जरूर करें...
अमिताभ महतो/मनोज सिंह

## डा0 प्रेरणा राय के सहोदया का उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के बाराचवर ब्लाक अंतर्गत डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर की प्रिंसिपल डा० प्रेरणा राय को सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पूरे विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में प्रशन्नता है।डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं स्टाफ के द्वारा डायरेक्टर हर्ष राय की उपस्थिति में बुके एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डाक्टर प्रेरणा राय ने कहा की हमारा प्रयास रहेगा की इस संगठन से जनपद के ज्यादा से ज्यादा सी बी एस सी स्कूलों को जोड़ा जा सके। जिससे हम गाजीपुर



सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के मुख्य उद्देश्य को प्राप्त कर सकें। डाक्टर प्रेरणा राय ने सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के बारे में बताया की स्कूलों के लिए सी बी एस सी बोर्ड की बिभिन्न नीतियों और दिशा निदेशों पर विचार विमर्श करने और गुणवत्ता के नये मानक स्थापित करने के लिए उनके कार्यान्वयन पर प्रभावी प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए सहोदया एक इंटरैक्टिव मंच है।इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिका एवं स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

## रचनात्मक कार्य के माध्यम से बच्चों ने सीखी हिंदी दिवस की महत्ता

### *बच्चों की आयोजित हुई वाद विवाद, अनुच्छेद व निबंध लेखन प्रतियोगिता*

*-सनबीम स्कूल बलिया*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिले के प्रतिष्ठित विद्यालयों में अग्रणी सनबीम स्कूल के बच्चों ने हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी अध्यापिका स्वर्णिमा द्विवेदी, प्रेमा त्रिपाठी और प्रियंका दुबे के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी महत्ता को जाना। विद्यालय के कक्षा 6 और 8 के बच्चों ने इस अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता, अनुच्छेद लेखन, कार्ड मेकिंग, निबंध लेखन की प्रतियोगिता में



प्रतिभाग भी किया। हिंदी विषय की अध्यापिका स्वर्णिमा द्विवेदी ने बताया कि आज ही के दिन 14 सितम्बर सन 1949 को संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली या समझी जाने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि आज प्रायः देखा जाता है कि हिंदी दिवस को सरकारी दिवस की भांति सिर्फ एक दिन मना कर छोड़ दिया जाता है, यहां तक कि आजकल तो हिंदी दिवस की शुभकामनाएं भी लोग अंग्रेजी में लिखकर दे रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदी भाषा के लिए नुकसानदायक है। हमारा प्रयास है कि बच्चों के भीतर प्रारम्भ से ही हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान रहे आज के कार्यक्रम का यही उद्देश्य है।

## स्वस्थ भारत के निर्माण में शिक्षा एवं स्वच्छता महत्वपूर्ण : डा. सीबी

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

पराऊगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के कुटीर पीजी कालेज चक्के के शिक्षा संकाय द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बनवासी बस्ती में आयोजित शिक्षा स्वच्छता और स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संबोधित करते हुए शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ सी.बी. पाठक ने कहा कि अपने



पाल्य शिक्षा प्राप्त के लिए स्कूल अवश्य भेजें तथा उनके पोषण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें। आस–पास गंदगी न होने दें तथा मौसमी बीमारियों के प्रति सचेत रहें। कार्यक्रम संयोजक डा. नीता तिवारी ने महिलाओं का आह्वान किया कि आप सभी अपने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएं। डॉ योगेश पाठक ने कहा कि आज के बच्चों को किसी भी हाल में नशे की लत से दूर रखने की आवश्यकता है। डॉ रामेश्वर मिश्र एवं सतीश गुप्ता ने उपस्थित जनमानस को जागरूक किया। इसी क्रम में नजमा करिश्मा, तनु सिंह, उर्वशी सिंह आदि छात्राध्यापिका ने बच्चों को पेन, कॉपी और बिस्किट वितरित कर शिक्षा प्राप्त के लिए उत्साहित किया। इस अवसर पर हितेंद्र दुबे, उपेंद्र दुबे, राकेश कश्यप, कृष्ण कुमार मिश्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## शौर्य जागरण यात्रा प्रबंधन के लिए बैठक सम्पन्न

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। आगामी 7 अक्टूबर को जौनपुर सीमा में प्रवेश करने वाली शौर्य जागरण यात्रा को लेकर बैठक हुई जहां बताया गया कि बजरंग दल के तत्वावधान में आगामी 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलने वाली शौर्य जागरण यात्रा जो 7 अक्टूबर दिन शनिवार को जौनपुर पहुंचकर विश्राम करके दूसरे दिन यानी 8 अक्टूबर दिन रविवार को गाजीपुर के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा के प्रबंधन हेतु कार्य योजना की रूप–रेखा को लेकर हुई बैठक में विभिन्न प्रकार के कार्यों की चर्चा की गयी। साथ ही यात्रा प्रमुख संकल्प मिश्र से यात्रा समापन तक समस्त विभागों का क्रमवार कार्य विभाजन करके दिये गये दायित्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की बात रखी गयी। सभी उपस्थितजनों ने एक मत से यात्रा के पालक अधिकारी उदयराज सिंह की सुझावों का समर्थन किया। बैठक में विभाग मंत्री समर बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष विमल सिंह, प्रांत गो रक्षा विभाग संयोजक विजय सिंह, आशुतोष सिंह, आनंद उपाध्याय, सुनील शर्मा, विकास सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## आवेदन के लिये 20 सितम्बर निर्धारित

**संवाददाता समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र-2023 के लिए अवशेष रिक्त सीटों पर चतुर्थ चरण में प्रवेश होने हैं। प्रवेश के लिए गैर चयनित अभ्यर्थी (प्रवेश प्रक्रिया में पूर्व में पंजीकृत एव नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) की ग्रुपवार मेरिट बनाकर प्रवेश लिए जाएंगे। प्रवेश के लिए रिक्त अवशेष सीटें व्यवसारवार संबंधित संस्थान की पट्टिका पर प्रदर्शित है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना रैंक प्रपत्र जिसमें उसकी पंजीकरण संख्या, नाम सहित सभी जरूरी जानकारी अंकित हो, उसे विभागीय वेबसाइट से प्रिंट आउट निकलवाकर अंतिम तिथि 20 सितम्बर की शाम 5 बजे तक संबंधित संस्थान में जमा करें।

## प्रोसेसिंग शुल्क को 40 रुपए से घटाकर 20 रुपए किया

रायसेन। लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम में संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों में प्रति आवेदन के लिए ली ला रही प्रोसेसिंग शुल्क राशि 40 रुपए को घटाकर 20 रुपए कर दिया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रोसेसिंग शुल्क 20 रुपए में से 15 रुपए लोक सेवा केन्द्र संचालक को और 5 रुपए जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी को दिए जायेंगे। यह आदेश 20 सितम्बर, 2023 से प्रभावशील होगा।

### 2 कंपनियों को किया गया गठित

# दंगा की रोकथाम के लिए करनाल में ड्रिल अभ्यास





महेश शर्मा संवाददाता करनाल, सितंबरः जिला पुलिस करनाल में पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में दंगा नियंत्रण के लिए दो कंपनियों का निर्माण किया गया है। दोनों कंपनियों अल्फा और ब्रावो द्वारा आज पुलिस लाइन करनाल में ड्रिल अभ्यास किया गया । इस अवसर पर दोनों कंपनी के पुलिस कर्मचारियों के साथ डीएसपी हेड क्वार्टर, डीएसपी शहर करनाल, लाइन ऑफिसर और सीडीआई पुलिस लाइन करनाल मौजूद रहे।

दंगा नियंत्रण के लिए गठित की गई दोनों कंपनियों की पुलिस लाइन करनाल में ड्रिल आयोजित की गई। जिसमें डीएसपी हेडक्वार्टर ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन के निदेशार्नुसार दो कंपनियों का गठन किया गया । जिसमें प्रत्येक कंपनी में 100 से अधिक जवान होंगे और प्रत्येक कंपनी में तीन प्लाटून बनाई गई हैं। एक कंपनी डीएसपी हेडक्वार्टर करनाल तथा एक कंपनी डीएसपी शहर करनाल के अधीन कार्य करेगी। प्रत्येक कंपनी का कमांडर डीएसपी रैंक तथा सेकंड कमांडर इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी होगा और प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर तथा सेकंड कमांडर एएसआई होगा। कंपनी के जवान लाठी डंडा, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजिशन में रहेंगे।

डीएसपी हेडक्वार्टर ने फोर्स का निरीक्षण कर सभी जवानों को इक्विपमेंट दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। सभी जवान स्मार्ट, अलर्ट और डिसिप्लिन में रहेंगे। ये कंपनी किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या जातिगत हिंसा या किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्य करेगी। सभी जवानों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति से निपटने और तुरंत नियंत्रण में लाने के लिए निर्देश दिए गए। डीएसपी हेडक्वार्टर ने जवानों को ड्रिल के दौरान अहम दिशा निर्देश दिए।

# पानीपत के एएसआई की करनाल के हत्या

## सीसीटीवी कैमरे से पुलिस को मिले सुराग के आधार पर आरोपियों का रिमांड

**महेश शर्मा संवाददाता**

करनाल, सितम्बरः हरियाणा के करनाल में एएसआई ऋषिपाल की हत्या के मामले में पुलिस अब कॉल डिटेल पर अपना फोकस कर रही है। इसके अलावा पुलिस को सी सी टी वी से भी कई अहम सुराग हाथ लगे। वहीं इस मामले में कई पुलिसकर्मियों की गतिविधियां भी संदेह के घेरे में है। जानकारों की माने तो आरोपी दीपक पुलिस के अधिकारियों के साथ मिलकर प्रॉपर्टी का काम भी करता था।

बरहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड के बाद अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया है। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल बंदूक व गाड़ी को बरामद कर लिया है। वहीं आरोपियों के मोबाइल को कब्जे में लेकर स्कैनिंग के लिए लैब भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को इस मामले से संबधित कई सी सी टी वी फुटेज मिली है। जिसमें कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे है। लेकिन पुलिस अभी इस मामले में पत्ते नहीं खोल रही है। एक फुटेज पुलिस के हाथ ऐसी भी लगी है। जिसमें आरोपी दीपक उसका नौकर राजन उर्फ पव्वा और ए एस आई ऋषिपाल गाड़ी मे बैठकर जाते हुए दिखाई दे रहे है।

### पुलिस और गैंगस्टर की प्रॉपर्टी का पता लगा रही पुलिस

जानकारों की मानें तो गैंगस्टर रेमश उर्फ दुर्जन के दामाद दीपक का प्रॉपर्टी का काम था। वह विवादित प्रॉपर्टी को लेता था। और वह इन सबके चलते पुलिस कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक संपर्क में रहा था। आरोपी दीपक का सेक्टर-13,17 थाना में काफी आना जाना था। वह दिन का अधिकतम समय थाने में गुजाराता था। पुलिस ने अब इस मामले में कर्मचारियों व अधिकारियों की प्रॉपर्टी की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में दर्जनों ने प्रकट की आस्था

कैलाश वर्मा संवाददाता रोहतक, सितम्बरः महम शहर के नेताओं ने आज कांग्रेस पार्टी की नीतियों में आस्था रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा , सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, आनंद सिंह दांगी व बलराम दांगी की मौजूदगी में दिल्ली निवास स्थान पहुंचकर भाजपा पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा । कांग्रेस में शामिल होने वालों में प्रदीप ढाका, प्रधान बार एसोसिएशन महम, जगबीर सिंह बहमनी, पूर्व प्रधान नगर पालिका महम, जोगेंद्र खुराना,पूर्व उप प्रधान नगर पालिका, महम, ईश्वर टांक पूर्व पार्षद , बंटी सिंहमार पूर्व पार्षद, रमेश दहिया, पूर्व पार्षद, भूप सिंह ,पूर्व पार्षद, कृष्ण गोयल पूर्व पार्षद, अमर सिंह खटीक,पूर्व पार्षद महम रहे।

दैनिक समाज जागरण हिंदी मे अपने गाँव के बारे मे बताएँ

# घरौंडा में सी.ई. टी.पी प्लॉंट लगाने और कैमिकल युक्त पानी डालने वालों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई के आदेश जारी

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

करनाल, सितम्बर। घरौंडा की एसडीएम अदिति की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में बडसत, पुंडरी, फरिदपुर, बराना जोन इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मिटिंग में डीएसपी घरौंडा संदीप कुमार, एचएसआईआईडीसी के सिनियर मैनेजर राजबीर सिंह, प्रदुषण बोर्ड करनाल के आर.ओ.शैलेन्द्र अरोडा, एसडीओ हार्दिक, डीआईसी के सीपी राजेश कुमार ने भाग लिया। उक्त मिटिंग में सीईटीपी प्लॉट लगाने व फैक्ट्रियों द्वारा जगह -2 पर टैंकरों द्वारा कैमिकल युक्त पानी डालने के सम्बंध में एजेन्डा रखा गया। पूर्व में हुई मिटिंग में उपमण्डल अधिकारी (ना0), घरोंडा द्वारा एसोसिएशन द्वारा सीईटीपी प्लांट लगाने के सम्बंध में दिए गए निर्देश की समीक्षा की गई। एसोसिएशन द्वारा बताया गया है कि उनके द्वारा सीईटीपी प्लांट का प्रोजेक्ट की रूप-रेखा तैयार कर ली गई है जिसकी रिपोर्ट बीच-बीच में आरओ, एचएसपीसीडी को प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पर व उक्त मौके पर मौजूद अधिकारियों को सुधार करते हुए प्रोजेक्ट रिपोर्ट पुनः तैयार करने के आदेश उपमण्डल अधिकारी महोदय द्वारा मौके पर ही दे दिये गए। अध्यक्ष महोदया द्वारा उनको प्राप्त शिकायतों के बारे में एसोसिएशन को अवगत करवाते हुए बताया गया कि फैक्ट्रियों द्वारा कैमिकल युक्त पानी सडक व किसानों के खेतो मे डाल दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदया ने एसोसिएशन को उक्त बारे सख्त हिदायत देते हुए कहा गया है कि भविष्य में यदि कोई अनुचित कार्यवाही पाई गई तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही बारे उप पुलिस अधीक्षक, घरोण्डा को निर्देश जारी किये गए। एसोसिएशन द्वारा आवासन दिया गया कि कोई भी अनुचित कार्य नही किया जायेगा।

# हरियाणा के अंबाला, चण्डीगढ़ और पंजाब की यात्रा को सुगम बनाने के लिए बनेगा बाईपास

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के अंबाला, चंडीगढ़ और पंजाब की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए एक नया बाईपास बनाया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वाई आकार के बाईपास के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इस बाईपास के बनने से जीरकपुर में ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

### 10 लाख लोगों को सीधे फायदा

यह बाईपास अंबाला के देवीनगर से शुरू होकर डेराबस्सी होते हुए एयरपोर्ट चौक तक जाएगा। जबकि इसका दूसरा हिस्सा लालड़ू की ओर जाएगा। अभी तक अंबाला या अन्य जिलों के लोगों को डेराबस्सी और जीरकपुर होते हुए चंडीगढ़ जाना पड़ता है, लेकिन इस बाईपास के बनने से लोगों को इन जगहों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा।

मिली जानकारी के मुताबिक बाइपास का निर्माण कार्य सितंबर में शुरू हो जायेगा। इससे पहले एनएचएआई ने जमीन अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया था। अंबाला-चंडीगढ़ बाईपास को पंजाब से जोड़ने वाले इस मार्ग की कुल लंबाई 33 किमी होगी, जिसमें से तीन किमी अंबाला में और बाकी पंजाब में होगी।

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि नया बाईपास बनने से चंडीगढ़ रूट पर ट्रैफिक जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी। यह मार्ग न केवल अंबाला और चंडीगढ़, बल्कि दिल्ली से पंजाब तक के लोगों को बिना ट्रैफिक जाम और कम समय में जोड़ेगा। इस रूट पर बढ़ता ट्रैफिक इन दिनों चिंता का विषय है। एनएचएआई ने इस बाइपास का प्लान तैयार कर लिया है।

# अल्पकालीन विस्तारक हांसी हलके के मेहमान भी हैं और कर्म योगी भी -----गायत्री देवी

हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा) भाजपा के अल्पकालीन विस्तारको ने हांसी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार का कार्य शुरू किया हुआ है। विस्तारको ने प्रदेश अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देश अनुसार शक्ति केंद्र और बूथ पर जाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है । गायत्री देवी शक्ति केन्द्र प्रमुख एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा से मिलकर सभी विस्तारको ने अपनी बात रखी और पार्टी को आगामी आम में चुनाव में भारी

2024 लोकसभा चुनाव.................................

# हरियाणा में 2024 के चुनावों में ऐसे सियासतदानों के दम और दॉवपेंच क्या कर पाएंगे मनचाहे दल का पलड़ा भारी

किस में कितना है दम- जमेगा किस का कदम, चुनावों में आर्थिक रूप से सुदृढ़ उम्मीदवारों पर एक नजर

**विनोद कश्यप प्रभारी,**
**दैनिक समाज जागरण, हरियाणा**




चण्डीगढ़, सितम्बरः आगामी चुनाव 2024 में हरियाणा में लोकसभा की सभी 10 सीटों पर बाजी मारने के लिए मुख्य सियासी पार्टियाँ जिन सियासतदानों के सहारे 2- 4 सीटों पर विरोधी दलों को पटखनी देने की फिराक में हैं, वो अरबों और करोड़ों की सम्पत्ति के मालिक माने जाते हैं। पासा पलटने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। ऐन मौके पर मतदाताओं का रुख मोड़ने का ये मादा रखते हैं।

माना जाता है कि वर्तमान में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा हरियाणा के 14 सांसदों में से एक मात्र अरबपति सांसद हैं। उनकी कुल संपत्ति 390 करोड़ रुपये है। साथ ही उन पर 29 लाख की देनदारी भी है। भाजपा पहले भी राज्यसभा की हरियाणा कोटे की सीट को हथियाने और विरोधी पार्टी कांग्रेस को हराने के लिए इनका सहारा ले चुकी है। लेकिन, वर्तमान में सत्ताधारी भाजपा राज्यसभा युवा सांसद कार्तिकेय शर्मा को हरियाणा की किसी लोकसभा पर चुनाव मैदान में उतारकर झंझट मोल नहीं लेना चाहेगी।क्योंकि कार्तिकेय शर्मा का राज्यसभा सदस्यता काल काफी पड़ा है और युवा नेताओं में उनकी गिनती है।

हाँ, उनके पिता कभी पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे विनोद शर्मा जानेमाने दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने जबसे हरियाणा की राजनीति में कदम रखा तब से ही उनकी हरियाणा में पैठ बननी शुरू हो गयी थी। परंतु आमजन के बीच जब पार्टी ने महत्व नहीं दिया तो उन्होंने अपनी पार्टी गठित की। हरियाणा में आज हरेक पार्टी उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेगी। हर राजनैतिक दल चाहेगा कि उन्हें करनाल संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारें।

हरियाणा का करनाल ऐसा लोकसभा चुनाव क्षेत्र माना जाता है जहाँ भारत- पाक विभाजन के बाद सबसे अधिक हिन्दू शरणार्थी आए और आज इस क्षेत्र में ऐसे लोग बड़ी मात्रा में हैं। इस संसदीय क्षेत्र में करनाल शहर,पानीपत, घरोंडा, नीलोखेड़ी,तरावड़ी- इन्द्री में पंजाबियों का लम्बे समय में बोलबाला है। अगर हम 1-2 बार को छोड़ दो तो इस लोकसभा क्षेत्र में पंजाबियों ( जिन्हें कभी रिफ्यूजी कहा जाता था) उम्मीदवार ही सफल रहा। चाहे जनसंघ हो या बीजेपी। करनाल लोकसभा सीट से वर्तमान में पानीपतवासी संजय भाटिया सांसद हैं। उनकी इच्छा अबकी बार पानीपत विधानसभा चुनाव में उतरने की बताई जाती है। अगर उनकी मनोकामना पूरी होती है तो भाजपा को यहाँ ऐसा प्रत्याशी चाहिए जो यह सीट निकाल सके। उस कड़ी में राज्य सभा सांसद कार्तिकेय के पिता विनोद शर्मा ही भाजपा के पास मजबूत प्रत्याशी हो सकते हैं।अगर उन्होंने इस मैदान में कूदना स्वीकार किया तो निश्चित है विभिन्न जाति और धर्म के लिहाज से करनाल सीट पर भाजपा फिर परचम लहराएगी । यहाँ अनेक गाँव ब्राह्मण बाहुल्य भी हैं। जहाँ से विनोद शर्मा की अनेकों बार उम्मीदवारी की माँग भी उठ चुकी है।

यह अलग बात है कि वो चुनाव मैदान में अब उतरना चाहेंगे अथवा नहीं।वैसे 2 दशक पूर्व हरियाणा कांग्रेस उन्हें इस क्षेत्र से लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारने की उत्सुक थी। संभावना है कि राजनीतिक दलों की पैंतरेबाजी और अपना मान सम्मान बनाए रखने के लिए उन्होंने तब दॉव ही नहीं खेला।

ए.डी.आर. के अनुसार इस प्रदेश के दूसरे अमीर सांसदों में कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा की गिनती है। उनकी कुल आय 44 करोड़ है और उन पर 18 लाख रुपये की देनदारी है। राज्य सभा में सांसद होने के नाते वो अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के इशारे पर ही कोई निर्णय लेंगे। कांग्रेस पार्टी उनकी राज्य सभा में सदस्यता बरकरार रखने के लिए कोई दूसरा दावा नहीं ठोकना चाहेगी, क्योंकि उनकी जिस जिस लोकसभा चुनाव मैदान में पकड़ बन सकती है वहाँ कांग्रेस के पास भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ जुड़े दूसरे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं। अगर विधानसभा चुनाव मैदान में तगड़े बहुमत से विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को सीटें हासिल हुई तो निश्चित है कि कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनने पर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेन्द्र सिंह हुड्डा को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनवाने के लिए पूरी दौडधुप करके कामयाबी भी दिला सकते हैं।

तीसरे नंबर पर राव इंद्रजीत सिंह हैं। उनकी आय कुल 42 करोड़ रुपये और देनदारी मात्र तीन करोड़ है।पूर्व में वो केंद्रीय मंत्री रहे हैं और भाजपा में हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार राव इन्द्रजीत सिंह को पार्टी अब की फिर रेवाड़ी लोकसभा के चुनाव मैदान में उतारेगी, जहाँ से उनकी सफलता निश्चित है।

चौथे नंबर पर कृष्णपाल गुर्जर कुल आय 36 करोड़ है और उन पर मात्र 10 करोड़ रुपये की देनदारी है।संकेत हैं कि कृष्णपाल गुर्जर अब फिर भाजपा के टिकट पर इस लोकसभा चुनाव मैदान में सफलता हासिल करना चाहेंगे। उनकी अपने क्षेत्र में राजनीतिक पैठ बरकरार है। जल्दी से कोई विरोधी उन्हें मात नहीं दे सकता। जब जब उन्होंने चुनाव लड़ा, वो जीते और पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर अपना सिक्का भी चलाया, जो आज भी तीव्रता से चल रहा है। कभी कांग्रेस पार्टी में रहे सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के रमेशचंद्र कौशिक 23 करोड़ की सम्पत्ति के मालिक हैं। उन्होंने सोनीपत संसदीय क्षेत्र में एक ब्राह्मण होते हुए भी अच्छी पकड़ बनाई हुई है। सोनीपत एक जाट बाहुल्य क्षेत्र होने पर भी जाट और पंजाबी मतदाताओं के बीच उनका पूरा प्रभाव है। वो यूँ तो हरियाणा में भाजपा के प्रभारी बिप्लबदेव को संकेत दे चुके हैं कि वो स्वयं हरियाणा के किसी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मैदान में नहीं आना चाहते और अपने बेटे को राजनीति के मैदान में लोकसभा या विधानसभा चुनाव में उतारेंगे। पर वक़्त पर जरूरत हुई तो भाजपा पूरी कोशिश के साथ उन्हें इस संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतार कर पार्टी की जीत सुनिश्चित करना चाहती है।

हिसार के भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह अब की बार तय नहीं कर पाए हैं कि वो भाजपा के हिसार संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवारी का पर्चा भरें। इसके पीछे बड़ा कारण केंद्रीय मंत्रीमंडल में उन्हें अबकी बार स्थान नहीं मिलना है। दूसरे उनके पिता चौधरी बिरेंद्र सिंह का मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ कुछ बातों पर मुटाव और अगले महीने एक नई पार्टी खड़ा करने के संकेत के बीच अभी उलझन है कि कैसे क्या किया जाए। बृजेंद्र सिंह यूँ तो 14 करोड़ की अचल सम्पत्ति के मालिक हैं, पर उनका निर्णय भविष्य के गर्भ में है। हरियाणा के दिग्गज नेताओं में धर्मबीर सिंह की भी गिनती होती है। आंकड़े बताते हैं कि वो 6 करोड़ की अचल- चल सम्पत्ति के मालिक हैं,पर वो इसी लोकसभा चुनाव क्षेत्र से मैदान में उतारे जाएंगे या किसी दूसरी लोकसभा सीट को जीतने की जिम्मेदारी मिलेगी, यह भारतीय जनता पार्टी उच्च कमॉन को तय करना होगा, क्योंकि इस लोकसभा क्षेत्र पर भाजपा के इक्का-दुक्का पदाधिकारी भी नजर टिकाए हुए हैं।

महमवासी रामचंद्र जांगड़ा 5 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति के मालिक माने जाते हैं। वो आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के होने के नाते पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित चुनाव क्षेत्र से विधानसभा की सीट नहीं जीत सके थे। बेशक विधानसभा के उप चुनाव में विजयी नहीं हो पाए, पर राजनीति में पूरी रुचि होने के आज राज्यसभा के हरियाणा से सांसद हैं।

भाजपा के सांसदों सबसे कम संपत्ति करनाल के सांसद संजय भटिया की कही जाती है। उनकी कुल संपत्ति 22 लाख की है और पांच लाख की देनदारी भी है।सूत्रों के अनुसार श्री भाटिया अबकी बार करनाल लोकसभा चुनाव क्षेत्र की बजाय पानीपत से विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बनने की इच्छा रखते हैं। उन्हें पार्टी लोकसभा या विधानसभा किस सीट पर चुनाव लड़वाएगी, वो पार्टी ने तस्वीर नहीं दिखाई है और श्री भाटिया की उम्मीदवारी फिलहाल भविष्य के गर्भ में ही कही जा सकती है।

# झूठी वाहवाही लूटने में लगी है पंजाब में आम आदमी पार्टी की मान सरकार - हरविंदर संधू

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब/हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः भारतीय जनता पार्टी अमृतसर शहरी के जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह संधू एवं जिला महासचिव मनीष शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल द्वारा छेहरटा के एमिनेंस स्कूल का उद्घाटन किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की।

निन्दा प्रस्ताव जारी करते हुए हरविंदर सिंह संधू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाया कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार झूठे वादों की सरकार होने के सबूत खुद ही पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पहले से चल रहे स्कूलों और डिस्पेन्सरी में मामूली सुविधाएं देने का हथकंडा अपनाया है। हाल ही में अमृतसर के एक मशहूर स्कूल, जिसे स्मार्ट स्कूल का दर्जा हासिल है, को एमिनेंस स्कूल में तब्दील करके जनता को मूर्ख बनाने का काम किया है।

हरविंदर सिंह संधू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इससे पहले भी लम्बे अन्तराल से अच्छी और भलीभाँति चल रही डिस्पेंसरियों को थोड़ा सा रंग- रोगन करवाकर उनका नाम बदलकर मोहल्ला क्लीनिक रख दिया और इनमें ठेके के आधार पर डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ की नियुक्तियाँ भी कर दी गईं। इस नियुक्त किये स्टॉफ में से ज्यादातर लोगों ने अपने अपने पदों से इस्तीफे भी दे दिए हैं। इतना ही नहीं इन मोहल्ला क्लीनिकों में जनता को प्राथमिक उपचार, फ्री टेस्ट और फ्री दवाइयों के नाम पर भी मूर्ख बनाया गया। जिस कंपनी को फ्री टेस्ट करने के लिए चयनित कर ठेका दिया गया था, वो भी ठेके के पैसों का भुगतान ना होने के कारण दो महीने बाद अपना बोरियाँ झ बिस्तर समेटकर चलती बनी। अब तक खोले गए



ज्यादातर मोहल्ला क्लीनिकों पर ताला लटक चुका है।

एमिनेंस स्कूल का उद्घाटन छोड़ पहले पश्चिमी विधानसभा में फैली महामारी एवं पीड़ित लोगों की सुध लेने की जरूरत है भगवंत मान को

हरविंदर सिंह संधु ने कहा कि पश्चिमी विधानसभा के छेहरटा सभी इलाकों सहित अमृतसर के पाँचों विधानसभा क्षेत्र पिछले दो महीने से भी अधिक समय से लोग चिकनगुनिया, डेंगू व अन्य महामारी से ग्रसित हैं, लेकिन पंजाब सरकार या अमृतसर प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। पिछले कई महीनों से पश्चिमी विधानसभा के लोग सीवरेज व पीने का गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार एवं जिला प्रशासन को इससे भी कोई लेना -देना नहीं है।

हरविंदर सिंह संधू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान सिर्फ अपनी झूठी वाहवाही बटोरने के चक्कर में जनता के टैक्स के करोड़ों रुपए को झूठे विज्ञापनों, बोर्डों एवं प्रचार में उड़ा रहे हैं।

### आम आदमी पार्टी ने झूठे वादे कर पंजाब की सत्ता की हासिल

हरविंदर सिंह संधू ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा पंजाब की जनता से झूठे वादे करके पंजाब की सत्ता हासिल की गई और अब मुख्यमंत्री भगवंत मान व उनकी सरकार उन वायदों को पूरा करने से भाग रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने पंजाब को एक महीने में नशा मुक्त करने का दावा किया था, लेकिन जब से आम पार्टी की सरकार पंजाब की सत्ता में आई है तब से पंजाब में नशा बिकना और उससे होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इतना ही नहीं पंजाब सरकार ने पंजाब को नशामुक्त करना तो दूर, पिछले डेढ़ साल में हर गली के मोड़ पर शराब के ठेके खोलकर नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

हरविंदर सिंह संधू ने कहा कि सीधे स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो पंजाब सरकार हर फ्रंट पर फेल साबित हुई है और इसका खामियाजा पंजाब की भोली-भाली जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के जन्मदिवस पर झज्जर में रक्तदान शिविर आयोजित

***आशा हुड्डा ने की शिविर में शिरकत और नूंह हिंसा पर सरकार की आलोचना***

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा

चण्डीगढ़, सितम्बरः झज्जर शहर की कृष्ण यादव धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा का कांग्रेसी कार्यकताओं और पूर्व शिक्षा मंत्री व झज्जर विधायक गीता भुक्कल ने जोरदार स्वागत किया।

वहीं, रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को आशा हुड्डा ने सम्मानित भी किया। प्रेसवार्ता के दौरान आशा हुड्डा ने भाजपा सरकार पर भी निशान साधा। कहा कि आज के दिन प्रदेश में कोई भी वर्ग भाजपा सरकार के शासन से खुश नहीं है। सड़कों की हालत खस्ता है। न ही कोई विकास कार्य हो रहे हैं और न ही प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार होगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकताओं को समार्टफौन देगी हरियाणा सरकार - कमलेश ढांडा

### 28 करोड़ 19 लाख का बजट हुआ मंजूर

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उच्च अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्मार्टफोन देने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए 28,484 स्मार्ट फोन खरीदे जाएंगे जिसके लिए 28 करोड़ 19 लाख रुपये के बजट को मंजूरी मिल गई है। अगले तीन महीने के अंदर प्रक्रिया को पूरा करते हुए कार्यकताओं को फोन दे दिए जाएंगे। स्मार्टफोन चलाने के लिए दो सप्ताह की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। फोन के लिए सिम विभाग की ओर से दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फोन में पोषण ट्रैकर और बाल संवर्धन एप के जरिए नौनिहालों की स्थिति पर नजर रहेगी। नवजात शिशुओं से लेकर छह साल तक के बच्चों तक और गर्भवती महिलाओं से लेकर दूध पिलाने वाली माताओं तक का सारा डाटा पोषण ट्रैकर एप पर मिलेगा।

पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों की भी मैपिंग की जा रही है। वहीं बाल संवर्धन एप से जीरो से पांच साल तक के बच्चों का दुबलापन, ठिगनापन और अति कम वजन यह तीन तरह के कुपोषण की जांच की जा रही है।

### होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की संख्या, उनके वजन, कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की संख्या, टेक होम राशन, बच्चों की विकास दर, प्री-स्कूल शिक्षा की स्थिति, वजन मशीनों,शौचालयों व पानी की स्थिति के अलावा बच्चों के टीकाकरण के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# हरियाणा की मंडियों में धान की आवक हो चुकी है शुरू, किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए हो रहे हैं मजबूर- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

## गठबंधन सरकार 1 अक्टूबर की बजाय धान की खरीद तत्काल करे शुरू – हुड्डा

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चंडीगढ़: सितम्बर: बीजेपी-जेजेपी सरकार किसानों को एमएसपी और मुआवजा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। यह बात हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज यहाँ कही।

भूपेन्द्र सिंह हुड्डा आज चंडीगढ़ में आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सरकार से जल्द धान की खरीद शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मंडियों में धान की आवक शुरू हो गई है लेकिन सरकार 1 अक्टूबर से खरीद शुरू करने की बात बोल रही है। मजबूरी में किसानों को एमएसपी से कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। जब तक सरकारी खरीद शुरू होगी तब तक लगभग 75 फीसदी फसल एमएसपी से कम रेट पर बिक चुकी होगी। ऐसे में पहले से ही बाढ़ की मार झेल चुके किसानों को अब सरकारी लेटलतीफी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### बाढ़ पीड़ित किसानों को दिया जाए तत्काल मुआवजा

हुड्डा ने कहा कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद अब तक सरकार ने बाढ़ पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं दिया। किसानों की मदद के लिए ना सरकार आगे आई और ना ही बीमा कंपनियां। फसल बीमा योजना के नाम पर कंपनियां सिर्फ खुद के मुनाफे के लिए काम कर रही हैं और सरकार सिर्फ कंपनियों को मुनाफा दिलवाने के लिए। इसीलिए कांग्रेस ने उदयपुर और रायपुर महाधिवेशन में यह फैसला लिया था कि बीमा का काम प्राइवेट कंपनियों के बजाय सरकारी कंपनियों को मिलना चाहिए। ताकि वह ह्यनो प्रॉफिट, नो लॉसह्न के सिद्धांत पर काम करते हुए किसानों को जरूरत पड़ने पर उचित मुआवजा दे। कांग्रेस पार्टी सरकार बनने पर यह फैसला लागू करेगी।

### तमाम 36 बिरादरी ने बीजेपी- जेजे पी सरकार को बेदखल करने का बनाया है मन

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों के साथ-साथ कर्मचारी, व्यापारी, ग्रामीण, शहरी समेत तमाम वर्गों और 36 बिरादरी ने बीजेपी-जेजेपी को सत्ता से बेदखल करने और कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। अब सिर्फ चुनावी औपचारिकता बाकी है। करनाल में हुए जन मिलन समारोह में उमड़े जनसैलाब का जिक्र करते हुए हुड्डा ने कहा कि जनता में कांग्रेस के प्रति जबरदस्त उत्साह है। पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को रिकॉर्ड तोड़ जन समर्थन मिल रहा है। यह कांग्रेस के प्रति रुझान का स्पष्ट संकेत है। नूंह में हिंसा मामले की उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराई जाए जांच

### मंत्री संदीप सिंह को नैतिकता के आधार पर देना चाहिए इस्तीफा

नूह हिंसा पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए हुड्डा ने कहा कि पूरे मामले की न्यायिक जांच जरूरी है ताकि सच सबके सामने आ सके। छेड़छाड़ के आरोपी मंत्री संदीप सिंह पर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने एकबार फिर कहा कि उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। अगर वह इस्तीफा नहीं देते तो मुख्यमंत्री को उनसे इस्तीफा ले लेना चाहिए।

पत्रकार वार्ता से पहले आज करीब 2 दर्जन नेताओं ने कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा के नेतृत्व में इनेलो अल्पसंख्यक सेल के प्रधान सचिव सतनाम सिंह, इनेलो के पूर्व जिला प्रधान महासचिव रघु मलिक, सरपंच अमनिश कुमार, पूर्व सरपंच महिन्द्र सिंह, सिरसा 'आप' के वार्ड अध्यक्ष दीपक शर्मा, बीजेपी पन्ना प्रमुख विनित कुमार, बीजेपी पन्ना प्रमुख उमेश कुमार, एक्स-एस.एच. ओ. बहादुर सिंह, पूर्व सरपंच विजयपाल, विक्रम सिंह, पवन (सरपंच, धुराली), परमजीत (सरपंच, अढोणी), निशान सिंह नम्बरदार, राम चरण शर्मा (अध्यक्ष, शर्मा संगठन, अजराना कलां), अवतार सिंह (पंच, पाडलु), राज तंवर उर्फ बिट्ठु (अजराना कलां) समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया।

# एसपी ने किया मस्तुरी थाने का औचक निरीक्षण,, पेंडिंग मामलो को जल्द निराकरण करने दिए निर्देश




**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह अचानक निरीक्षण में मस्तूरी थाना पहुंचे जहां एसपी ने पत्रकारों से संवाद में बताया की आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिलासपुर पुलिस सजग है। मस्तूरी थाना का औचक निरीक्षण दौरान जहां पुलिसिंग पेंडिंग मामलो को जल्द निराकरण करने सहित रोजनामचा रजिस्टर की समीक्षा की थाना प्रांगण में संवेदना कक्ष एवं स्टाफ रूम का भी निरीक्षण किया एवं थाना परिसर में हो रहे जर्जर भवनों को नया भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा साथ ही निरिक्षण दौरान हर संभव विधि व्यवस्था बनाए रखने कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग और अपराधियों की धरपकड़ के भी निर्देश दिए गए।

# कांग्रेस यूथ बिग्रेड ने निकाली महंगाई की शवयात्रा,काली पुतली चौक पर किया अंतिम संस्कार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।1(5सितंबर )कांग्रेस सेवादल यूथ बिग्रेड ने गुरूवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ बढ़ती महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर शव यात्रा निकाली। यात्रा कांग्रेस कार्यालय से महंगाई डायन खाए जात है, गाने की धुन पर निकाली गई। इसके बाद काली पुतली चौक में अंतिम संस्कार किया गया।



महंगाई की शवयात्रा और दहन में शामिल कांग्रेस सेवादल यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी ने कहा कि बड़े दुःख की बात है कि 18 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद महंगाई कम नहीं हो सकी। आज प्रदेश की जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्राहिमाम कर रही है। जिसे अब प्रदेश की जनता ने उखाड़ फेंकने और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

युवा नेता अनुराग चतुरमोहता ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। जिसके कारण उसे जन आशीर्वाद यात्रा निकालनी पड़ रही है। जिसे जनता भी अच्छे से जानती है कि यह पूरी यात्रा प्रायोजित यात्रा है। प्रदेश में भाजपा और मुख्यमंत्री की जमीन खिसक रही है।

# दो लाख रुपए की रिश्वत लेते मलाजखंड सीएमओ गिरफ्तार,लोकायुक्त की कार्यवाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(15 सितंबर )जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने मलाजखंड सीएमओ शिवप्रसाद धुर्वे को दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरवड़े ने बताया कि ठेकेदार सुशील चंदेल से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के 39 लाख 9 हजार 906 रुपए का बिल निकालने और एक टेंडर को लेकर सीएमओ ने दो लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

इसकी शिकायत के बाद जांच में मामला सही पाए जाने पर आज टीम के साथ कार्रवाई की है। इसमें सीएमओ को कलेक्ट्रेट गेट के सामने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। सूत्रों की माने तो जिस डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के बिल के भुगतान के लिए सीएमओ ठेकेदार से रिश्वत मांग रहे थे। उस बिल को भुगतान करने के आदेश हाईकोर्ट ने दिए है, यही नहीं बल्कि इसका प्रस्ताव भी परिषद में लिया जा चुका है। बावजूद इसके सीएमओ धुर्वे ठेकेदार से रिश्वत मांग कर रहे थे।

### 3 लाख की थी डिमांड, 2 लाख में बनी सहमति



ठेकेदार सुशील चंदेल की माने तो वर्ष 2018 से 2022 तक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के बकाया बिल 39 लाख 9 हजार 906 रुपए के भुगतान और मैंने लगाए टेंडर पर काम दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसमें मैंने दो लाख रुपए देने कहा, जिस पर वह सहमत हो गए।

इसकी शिकायत मैंने जबलपुर लोकायुक्त पुलिस को की थी। गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने सीएमओ धुर्वे को मेरे से दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया है। सुशील चंदेल ने बताया कि मुझे सीएमओ ने रिश्वत के लिए परेशान कर दिया था। पिछले भुगतान और कम दर में मैंने टेंडर डाला था।इसको परिषद ने पास कर दिया। इसके बावजूद इन्होंने कैंसिल कर दिया था। इसके लिए वह 30 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। जब मैंने इतनी राशि देने में असमर्थता जताई, तो उन्होंने 15 प्रतिशत कमीशन लेने पर नए टेंडर में मदद का भरोसा दिलाया। इनके कमीशन मांगने पर वह काफी परेशान थे और इसी कारण उन्होंने इसकी शिकायत लोकायुक्त से की थी।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई

लोकायुक्त जबलपुर के डीएसपी दिलीप झरवड़े ने बताया कि नगर पालिका मलाजखंड के सीएमओ ने ठेकेदार सुशील कुमार चंदेल से वर्ष 2018-2022 तक किए कार्यों के बकाया राशि भुगतान और एक टेंडर को लेकर 2 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी।शिकायत सत्य पाए जाने पर आज योजनाबद्ध तरीके से सीएमओ को ठेकेदार से दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए टीम के साथ कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के सामने रंगे हाथ पकड़ा, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी है।

# 1 तारीख से बदल जाएगा आपके रोजाना कामकाज का ये बड़ा नियम

नई दिल्ली. जन्म प्रमाण पत्र को सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर इस्तेमाल करने को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम 2023 आगामी 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगा. इस संशोधित कानून के लागू होने से कई महत्वपूर्ण कामों में बर्थ सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर इस्तेमाल होगा. जैसे कि शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता सूची तैयार करने, आधार संख्या, विवाह पंजीकरण और सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए एकल दस्तावेज के तौर पर

# विश्व हिन्दी दिवस पर लायंस क्लब द्वारा अर्चना यूनी वर्ल्ड सिटी में किया वृक्षारोपण

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख /बिलासपुर। विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल के तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम 14 सितंबर विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में अर्चना यूनी वर्ल्ड सिटी में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। 50 एकड़ के इस प्रोजेक्ट में 2500 वृक्ष जिसमे कोना कार्पस, खजूर व चम्पा के वृक्ष शामिल हैं, वृक्षारोपण कार्यक्रम में 2500 पौधे 3 दिन में लगाने का कार्य पूरा किया जाऐगा। इस दौरान कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ अवनीश त्रिपाठी, जोन चेयर पर्सन लायन डॉ पी के शर्मा लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल के माइक्रो चेयर पर्सन लायन डॉ. के. के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष लायन डॉ आर के यादव, सचिव लायन अनिता दीवान,उपाध्यक्ष लायन लव श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन उत्तम उपाध्याय, लायन डॉ सुखनंदन साहू उपस्थित थे।




# जिले में धूमधाम से मनाया गया पोला त्यौहार, आज मनाया जायेगा नारबोद

**समाज जागरण/**
**शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(15 सितम्बर )जिले में धूमधाम से बैल पोला पर्व मनाया गया। दो दिवसीय इस पर्व में बैल की पूजा करने का विधान है।ये पर्व सावन मास की पिथौरी अमावस्या पर पड़ता है। इस दिन, किसान खेत-खलिहान में मदद करने के लिए अपने मवेशियों की पूजा करते हैं और उन्हें धन्यवाद देते हैं। यह त्योहार महाराष्ट्र सहित पूरे देश में अविश्वसनीय खुशी के साथ मनाया जाता है और इसे पोला त्योहार के रूप में जाना जाता है।

पोला का त्योहार को बैल पोला, मोठा पोला और तनहा पोला जैसे नामों से जानते हैं। यह पर्व दो दिन मनाया जाता है। इस दिन बैलों की



पूजा की जाती है। इसके साथ ही बच्चे के लिए मिट्टी या लकड़ी का घोड़ा बनाया जाता है जिसे लेकर वह घर-घर जाते हैं और उन्हें पैसे या फिर गिफ्ट्स मिलते हैं।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान विष्णु से कृष्ण अवतार लेकर जन्माष्टमी के दिन जन्म लिया था। जब इसे बारे में कंस को पता चला, तो उसने कान्हा को मारने के लिए अनेकों असुर भेजे थे। इन्हीं असुरों में से एक था पोलासुर। राक्षस पोलासुर ने अपनी लीलाओं से कान्हा ने वध कर दिया था। कान्हा से भाद्रपद की अमावस्या तिथि के दिन पोला सुर का वध किया था। इसी कारण इस दिन पोला कहा जाने लगा। इसी कारण इस दिन बच्चों का दिन कहा जाता है।

### इस तरह मनाते है बैल पोला पर्व

पोला पर्व के एक दिन भादो अमावस्या के दिन बैल और गाय की रस्सियां खोल दी जाती है और उनके पूरे शरीर में हल्दी, उबटन, सरसों का तेल लगाकर मालिश की जाती है। इसके बाद पोला पर्व वाले दिन इन्हें अच्छे से नहलाया जाता है। इसके बाद उन्हें सजाया जाता है और गले में खूबसूरत घंटी युक्त माला पहनाई जाती है। जिन गाय या बैलों के संग होते हैं उन्हें कपड़े और धातु के छल्ले पहनाएं जाते हैं।

# पशुओं की अवैध तस्करी करते स्थानीय कांग्रेसी सहित अंतराजींय तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(15 सितंबर )जिले में अवैध पशु तस्करी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिसमे लिप्त आरोपी कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण या स्वयं किसी पार्टी के होते है जो अपने आकाओ के आशीर्वाद से अवैध कारोबार कर क्षेत्र में गन्दगी फैलाने का कार्य करते है, ऐसा ही एक मामला मलाजखंड पुलिस ने उजागर किया है, पुलिस ने 33 नग बोदा (भैंसे) को कन्टेनर में क्रूरता पूर्वक भरकर तस्करी करने वाले छः आरोपियों को धर दबोचा जिसमे से तीन कानपुर उत्तरप्रदेश के निवासी है और तीन आरोपी मलाजखंड निवासी है जो राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेता भी है,जिन्हे गिरफ्तार करने में नवागत थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पंन्द्रो की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।33 बोदा की कीमत बीस लाख एवं जप्त कन्टेनर की कीमत 46 लाख रुपए आँकी गयी है।

### मुखबिर की सूचना पर हुई कार्यवाही

मलाजखंड पुलिस थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पंन्द्रो ने बताया कि मुखबिर से मिली जानकारी एवं उच्च अधिकारियो के निर्देश पर यह कार्यवाही की गयी जिसमे ग्राम लोरा कुसुमटोला के मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर लाल रंग के कन्टेनर क्रमांक यू पी 79 ए टी 1505 को रोककर तलाशी ली गयी, जिसमे से 33 नग बोदा बरामद किया गया, जिसे क्रूरता पूर्वक ठूस ठूसकर कन्टेनर में भरकर अवैध परिवहन किया जा रहा था। जब प्रधान आरक्षक रामदयाल रहँगडाले ने बोदो के बारे में आरोपियों से जानकारी पूछी गयी तो किसी भी प्रकार के वैध कागजात आरोपियों के द्वारा नहीं दिया गया जिनपर पशु अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए



कन्टेनर समेत 33 नग बोदो को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### आरोपियों में कांग्रेसी नेता भी शामिल

अवैध पशु तस्करी में जिन लोगों का नाम आया है उसमे वार्ड नंबर 06 के पार्षद चीकू उर्फ अशोक दास टांडिया और पारस पिता अमीन दास उर्फ दाऊ टांडिया जिनकी मां माया टांडिया वार्ड नंबर 04 की कांग्रेसी पार्षद है और पिता अमीन दास टांडिया मलाजखंड नगर कांग्रेस अध्यक्ष है।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उक्त दोनों लोग बैहर विधानसभा के विधायक एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय उइके के करीबी बताये जा रहें है जो बेहद ही शर्मनाक है।

इसमें तीन आरोपी उत्तरप्रदेश के है जो कानपुर व औराया के निवासी है जिनका तार मालजखंड निवासी कांग्रेसी नेता व पशु तस्कर टांडिया बंधुओ से कैसे हुआ यह जाँच का विषय है जिसका खुलासा मलाजखंड पुलिस शीघ्र करेगी। अब सवाल यह उठता है कि क्या बैहर विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उइके का सहारा लेकर या उनके पद का इस्तेमाल कर कांग्रेसी पार्षद पशु तस्करी का खेल खेल रहें थे जो पुलिस जाँच में सामने आने की उम्मीद है। बहरहाल ऐसे पशु तस्करों का नाम आने से निश्चित ही कांग्रेस की छवि धूमिल होगी, जिनपर विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उइके कार्यवाही कर पार्टी से निष्कासित करते है या बचाने की जुगत कर ऐसे आरोपियों का पनाहगार बनते है?

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पशु तस्करी में लिप्त आरोपियों में चीकू उर्फ अशोक टांडिया वार्ड नंबर 06 का पार्षद है जो मोहगांव निवासी मलाजखंड,पारस पिता अमीन दास उर्फ दाऊ टांडिया निवासी मोहगांव मलाजखंड जिनकी मां माया टांडिया वार्ड नंबर 04 की कांग्रेसी पार्षद है और पिता अमीन दास टांडिया मलाजखंड नगर कांग्रेस अध्यक्ष है, उदेलाल चंद्रवे निवासी लोरा, विकास विश्वकर्मा निवासी पौनी, महेश यादव निवासी पौनी, अफजल पिता अमीन, लालाराम पिता किशोर अहिरवार, इरफान पिता शेरखान तीनो उत्तरप्रदेश निवासी की गिरफ़्तारी कर विवेचना किया जा रहा है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने में मलाजखंड पुलिस थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पंन्द्रो, उनि कैलाश उइके, जीतेन्द्र जौदान, प्रधान आ. रामपाल रहँगडाले, आ. अनुराग गिरी, जितेंद्र सेंगर, विकास नागर, अनिल चौधरी, मनीष जंघेला, जयप्रकाश ठाकरे, व्रजलाल उइके एवं चालक अब्दुल गालिब की सराहनीय भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ देश का पावर हाउस , इसके विकास से देश का विकास होगा"- PM मोदी

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

रायगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ में गुरुवार को अपने संबोधन के दौरान छत्तीसगढ़ को देश का पावर हाउस कहा. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश के विकास के लिए पावर हाउस की तरह है और पावर हाउस के विकास से देश का विकास होगा. बीते 9 साल में हमने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए निरंतर काम किया है, छत्तीसगढ़ का रायगढ़ का एरिया इसका गवाह है गरीब, वंचितों और आदिवासियों की आवाज दबी हुई थी आज सभी का विकास हो रहा है. पीएम मोदी रायगढ़ में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भी मौजूद थे. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा की भारत अपनी उपलब्धि का उत्सव मना रहा है. भारत का चंद्रयान वहां पहुंचा जहां कोई देश नहीं पहुंच पाया. आपने देखा कुछ दिन पहले ॠ20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए थे, हमने बड़े-बड़े नेताओं का मोटे अनाज से स्वागत किया. दुनिया ने भारत के विकास और गरीब कल्याण को देखा और प्रभावित हुए. पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, उसी तरह आज दुनिया कह रही भारत का चंद्रयान सबले बढ़िया. उन्होंने कहा कि आप सभी इतनी बारिश और असुविधाओं के बीच दूर-दूर से आशीर्वाद देने आए हैं. ये प्यार-स्नेह छत्तीसगढ़ में मिल रहा है ये मेरे लिए आशीर्वाद है, उत्सव के इस मौसम में खुशी डबल हो गई है.



प्रधानमंत्री मोदी ने कठ.ऊकअ. गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस गठबंधन को लोग "घमंडिया गठबंधन" कहते हैं. ये गठबंधन लगातार चुनाव हार रहा है, जो लोग चुनाव हार रहे हैं वे नफरत से भर गए हैं. सनातन संस्कृति वो है जिसमें भगवान राम सबरी के झूठे बेर खाते हैं. सनातन संस्कृति में नाव चलाने वाले केवट को श्रीराम गले लगाते हैं. पीएम ने कहा कि ये गठबंधन आपकी पहचान के खिलाफ है और संस्थानों को खत्म करना चाहता है, इस गठबंधन से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है.

### छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र की आवास योजना को गरीबों से किया वंचित

पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार विकास के काम करने की बजाय हवा-हवाई की बातों में लगी है. प्रदेश में जब से बीजेपी सरकार गई है तब से छत्तीसगढ़ के मेरे भाई-बहनों को इसका खामियाजा उठाना पड़ा है. उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना से देश में 4 करोड़ घर मिल चुके हैं. हम चाहते थे कि छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों को भी घर मिले लेकिन यहां की सरकार ने पीएम आवास के तहत लोगों को फायदा नहीं मिलने दिया. पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन उत्पाद का बेहतर लाभ देने के लिए दर्जनों वन उत्पाद को समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया है. वन धन योजना से आदिवासी महिलाओं को लाभ मिला है.

### छत्तीसगढ़ को दी करोडों की सौगात

प्रधानमंत्री मोदी ने रैली को संबोधित करने से पहले छत्तीसगढ़ को करीब 6400 करोड़ की विभिन्न रेल परियोजनाओं की सौगात दी. इस दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी मंच पर मौजूद थे. इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ पूर्व रेल परियोजना चरण-एक, चांपा से जमगा के बीच तीसरी रेल लाइन, पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन और तलाईपल्ली कोयला खदान को एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एसटीपीएस) से जोड़ने वाली एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) प्रणाली शामिल हैं. इसके अलावा पीएम मोदी ने सिकल सेल रोग की जांच की गई आबादी के बीच एक लाख सिकल सेल परामर्श कार्डों का भी वितरण किया।

# पौधों की खरीदारी के लिए आए इस मार्किट में, मिलती है महक के साथ कम कीमत की गारंटी

इंदौर: आंगन को सजाने की परंपरा भारत में बहुत पुरानी है. पहले रंगोली से नियमित रूप से आंगन को सजाया जाता था और आज फूल पौधों से. अलग-अलग रंग के खुशबूदार फूल घर की शोभा बढ़ा देते हैं और खूबसूरत दिखाई देते हैं. इंदौर की गमले वाली पुलिया अलग-अलग तरह के फूलो और पौधों के लिए बहुत मशहूर है. शहर भर के लोग यही से पौधों की खरीदारी करते हैं. शहर से दूरी होने पर अन्य नर्सरीयों के मुकाबले यहां दाम भी कम होते हैं और पौधे की क्वालिटी भी बहुत अच्छी होती है, जिससे कि सही ढंग से उनमें फुल उगने लगते हैं.

### 20 रुपए की कीमत से शुरू होते हैं देशी पौधे

इस इलाके के नर्सरी संचालक मिंटू ने बताया कि देशी पौधों का रेट 20 रुपए से शुरू होता है, जिसमें मोगरे और गुलाब जैसे ट्रेडिशनल पौधे शामिल है. इन पौधों में चार से पांच फूल पहले से ही खिले होते हैं ताकि जब ग्राहक घर जाकर इन्हें किसी और गमले में ट्रांसफर करें तो फूल उगने की प्रक्रिया लगातार बनी रहे. गुलाब के पौधे में देसी गुलाब खास तौर पर चुना जाता है क्योंकि इसकी महक बहुत स्ट्रांग और ऑथेंटिक होती है. कई लोग इन्हें इत्र और फेशियल ऑयल बनाने के लिए भी इस्तेमाल करते हैं, इसीलिए इनकी गुणवत्ता पर खास ध्यान दिया जाता है.

### एग्जॉटिक विदेशी पौधे भी उपलब्ध

यहां न केवल देसी पौधे बल्कि विदेशी पौधे भी बहुत कम दाम में उपलब्ध है. जिनका रेट 200 रुपए से शुरू होता है और पौधे के अनुसार कीमत बढ़ती है. विदेशी पौधों में खास तौर पर इनडोर प्लांट्स को चुना जाता है क्योंकि यह पौधे हाइब्रिड होने के कारण देशी पौधों के मुकाबले मजबूत होते हैं और घर के अंदर के वातावरण में भी काफी समय तक तरोताजा बने रहते हैं. यहां मौजूद दुकाने ग्राहकों की फर्स्ट चॉइस इसलिए भी होती है क्योंकि पौधों में पहले से ही खाद और कीटनाशक लगाया होता है. जिससे यह पूरी तरह कीड़ों से सुरक्षित रहते हैं

